4 रायपुर संभाग
खसरा विहीन नक्शा सुधार के लिए चलेगा अभियान

6 अभिमत
निर्वाचन आयोग कठोर चेतावनी

09 विविध
गुरु घासीदास नेशनल पार्क में विचरण कर रहे वन भैंसा...

10 संस्कारधानी
डॉ. रमन के लिए चुनौतीः उद्योग विहीन नांदगांव के...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 26 मई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-273 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### पेपर मिल में लगी आग

**रायपुर।** राजधानी के निकटस्थ मंदिर हसौद के उमरिया गांव में पेपर मिल में आग लग गई। आग लगने के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। फैक्ट्री में क्राफ्ट पेपर (खाकी कवर) बनाया जाता है और आग से 25 टन निर्मित पेपर और 1700 टन कच्चा माल जल गया है। कोई हताहत नहीं हुआ है। आग शार्ट सर्किट से लगने की जानकारी मिली है।

### उत्तराखंड में बढ़ा बाघों का परिवार बाघिन ने दिया चार शावकों को जन्म

**देहरादून।** उत्तराखंड स्थित राजाजी टाइगर रिजर्व में बाघों के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों में एक खुशी की सूचना आई है। एक बाघिन ने चार शावकों को जन्म दिया है। इससे वन्य जीव संरक्षकों सहित वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ही नहीं, अपितु वन मंत्री सुबोध उनियाल ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है। उनियाल ने बताया कि राजा टाइगर रिजर्व के पश्चिमी भाग में बाघों की आबादी को पुर्नस्थापित करने के उद्देश्य से, कार्बेट टाइगर रिजर्व से अभी तक चार बाघों, जिसमें एक नर तथा तीन मादा, को यहां लाया गया है उन्होंने बताया कि इन्हे सर्वप्रथम एक विशेष प्रकार के बाडे में रखा जाता है।

### वाइस एडमिरल सिंह ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के कमांडेंट का कार्यभार संभाला

**नयी दिल्ली।** वाइस एडमिरल गुरचरण सिंह ने पुणे स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के कमांडेंट का कार्यभार संभाल लिया। वाइस एडमिरल सिंह को वाइस एडमिरल अजय कोचर के स्थान पर यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (खड़कवासला) के पूर्व छात्र रहे वाइस एडमिरल सिंह को एक जुलाई 1990 को नौसेना में नियुक्त किया गया था। वाइस एडमिरल सिंह अपने लंबे कैरियर के दौरान समुद्र और तट दोनों स्थानों पर कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं।

### ईओडब्ल्यू ने पूर्व आईएएस रानू साहू के भाई को हिरासत में लिया

**रायपुर।** माइनिंग घोटाला के आरोप में जेल में बंद तथा वर्तमान में ईओडब्लू के हिरासत में लिए गए पूर्व आईएएस रानू साहू के भाई पीयूष साहू को जांच एजेंसी ने पूछताछ करने हिरासत में ले लिया है। इसकी वजह यह बताई जा रही है कि रानू साहू द्वारा अपनी मां, पिता तथा भाई के नाम से पूर्व में जमीन खरीदी करना बताया गया है। इस संबंध में जांच एजेंसी रानू साहू के भाई से पूछताछ करेगी।

# गेमिंग जोन में लगी आग, 9 बच्चों समेत 24 की मौत

## छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में बारूद फैक्ट्री में विस्फोट से एक की मौत, कई घायल

पायनियर संवाददाता < राजकोट/रायपुर
www.dailypioneer.com

शनिवार का दिन घटनाओं भरा रहा, राजकोट में गेमिंग जोन में आग लगने से 9 बच्चों समेत 24 लोगो की मौत की खबर है। कई घायल बताये जा रहे हैं। वहीं छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में बारूद फैक्ट्री में विस्फोट से एक की मौत हो गई, तथा कई घायल हो गये। मिली जानकारी अनुसार टीआरपी गेमिंग जोन में आग लगने से 9 बच्चे समेत 24 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, बच्चों समेत कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। घटना टीआरपी मॉल के गेम जोन की है। गेम जोन में भारी संख्या में बच्चे और उनके परिजन मौजूद थे। इस दौरान अचानक आग लग गई। आगजनी की घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। आग इतनी भीषण थी कि 5 किमी दूर तक धुएं का गुबार देखा गया। शनिवार होने की वजह से बच्चों के साथ उनके परिजन भी टीआरपी मॉल के गेम जोन में पहुंचे थे। टीआरपी मॉल में आग की लपटें बढ़ती देख मौके पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां पहुंची हैं। और देर रात तक बचाव का कार्य जारी रहा। गेम जोन में मौजूद लोगों के मुताबिक, जब यह घटना घटी तो उस समय गेम जोन में बच्चों की काफी भीड़ थी। राजकोट नगर निगम आयुक्त आनंद पटेल ने मीडिया से कहा कि मृतकों और घायलों की सही संख्या बचाव अभियान पूरा होने के बाद ही पता चलेगा। वहीं, सीएम भूपेंद्र पटेल ने भी इस हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने नगर निगम और प्रशासन को तत्काल बचाव और राहत कार्य के निर्देश दिए हैं। घायलों के तत्काल इलाज की व्यवस्था को प्राथमिकता देने का भी निर्देश दिया गया है। खबर लिखे जाने तक राजकोट के पुलिस आयुक्त राजू भार्गव ने कहा कि आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं। आग पर काबू पाने के बाद ही हम जोन के अंदर हताहतों की सही संख्या का पता लगा पाएंगे। आग के कारणों की भी जांच करेंगे और शहर के सभी गेमिंग जोन को बंद करने का संदेश जारी कर दिया गया है।



### पीएम मोदी ने जताया दुख

प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि राजकोट में आग लगने की घटना से बेहद व्यथित हूं। मेरी संवेदनाएं उन सभी के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। घायलों के लिए प्रार्थना की। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रहा है।

## कई लोगों के मलबे में दबने की आशंका

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com





बेरला तहसील के पिरदा औद्योगिक क्षेत्र के बारूद फैक्टरी में शनिवार सुबह भयंकर विस्फोट से फैक्ट्री के परखच्चे उड़ गए हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने एक की मौत और 6 लोगों के घायल होने की पुष्टि करते हुए उनका उपचार मेकाहारा एवं एम्स में भर्ती करने की बात कही गई है। विस्फोट इतना भयंकर था कि 5-6 किलोमीटर तक इसकी गुंज सुनाई दी, जिससे आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। वैसे लोगों ने इस ब्लास्ट में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, एवं और मौत होने की आशंका जताई जा रही है। इस धमाके के बाद मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। वही प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इधर उधर मानव मांस के लोथड़े पड़े दिखाई दे रहे हैं। उप मुख्यमंत्री मंत्री अरुण साव ने मृतको को पांच लाख रुपए और घायलों को पचास हजार रुपए की सहायता करने की घोषणा की गई है। साथ ही इस घटना मजिस्ट्रेट जांच करने की भी बात कही गई है। बेमेतरा जिला के बेरला ब्लॉक में स्थित पिरदा क्षेत्र के फैक्ट्री में शनिवार को सुबह करीब 7 और 8 के बीच में अचानक विस्फोट हुआ जो इतनी भयंकर रही है कि लोगों को पहले नहीं समझ आया कि हो क्या गया, बाद में जब फैक्ट्री से गुब्बारे धुआं उठना शुरू हुआ तब समझ में आया और लोग तत्काल घटनास्थल की ओर दौड़े वहां का मंजर इतना भयंकर स्थिति को देखकर दहशत में आ गए। चार मंजिल मकान जो था वह नेस्तनाबूद हो गया और फैक्ट्री का एक हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है फिलहाल वहां अधिकृत रूप से कोई भी जानकारी नहीं दे पा रहे हैं। गंभीर रूप से घायल 50 वर्षीय सेवक राम साहू का इलाज के दौरान मेकाहारा अस्पताल में मौत हो गई। बारुद फटने की आवाज 25 किलोमीटर दूर तक सुनाई दिया तथा बारूद के फटने से दो मंजिला पी टी एन यूनिट पूरी तरह से मलमे में तब्दील हो गया तथा 14 से 15 फीट जमीन में गहरा गड्ढा हो गया जिससे पी टी एन यूनिट में काम कर रहे मजदूर दो मंजिला यूनिट के मलमे में दब गए। घटना की जानकारी आसपास गांव के ग्रामीण एवं परिजनो को होने पर फैक्ट्री पहुंचकर अपने बच्चों को ढूंढने में लगे रहे लेकिन सब कुछ मिट्टी में दब जाने के कारण कुछ पता नहीं चल पाया गया घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर कंडरका पुलिस थाना प्रभारी मयंक मिश्रा दल बल सहित पहुंचे कुछ देर बाद जिला पुलिस अधीक्षक राम कृष्ण साहू कलेक्टर रणवीर शर्मा पहुंचे ग्रामीणों के द्वारा घटना के बाद फैक्ट्री मालिक की खिलाफ जमकर नारेबाजी करते इस दौरान मलमे में दबे मजदूरों को ढूंढने में लगे रहे फैक्ट्री के गोदाम में रखे मटेरियल में अज्ञात लोगों के द्वारा आग लगा दिए जाने से फायर ब्रिगेड से आग को बुझाया गया।



**रायपुर।** विस्फोट मामले में छत्तीसगढ़ सरकार ने दंडाधिकारी जांच के आदेश दे दिए हैं। साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा है कि बेमेतरा जिले के बोरसी गांव स्थित बारूद फैक्ट्री में हुए विस्फोट मामले के दंडाधिकारी जांच के आदेश दे दिए गए हैं। दुर्घटना में हुई मौत पर मृतक के परिजनों को पांच लाख रुपए एवं घायलों को पचास हजार रुपए आर्थिक सहायता देने की आदेश भी दे दिए गए हैं। ईश्वर से मृतक की आत्मा की शांति एवं घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ।

## इंडी वाले ईवीएम को लेकर गालियां देने लगे तो मतलब साफ है कि राजग की सफलता का एग्जिट पोल आ गया : मोदी

वार्ता < पटना
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को लेकर गालियां देने लगें तो मतलब साफ है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सफलता का एग्जिट पोल आ गया। मोदी ने पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी रामकृपाल यादव के पक्ष में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जैसे ही इंडिया गठबंधन के नेताओं ने ईवीएम को लेकर गालियां देनी शुरू की तो मतलब साफ हो गया कि राजग की सफलता का एग्जिट पोल आ गया है। उन्होंने कहा कि 04 जून को देश में एक नया कीर्तिमान स्थापित होगा और इसका श्रेय भाजपा कार्यकर्ताओं को जाता है, जिन्होंने पार्टी की सफलता के लिए कड़ी मेहनत की। उन्होंने दावा किया कि देश के हर कोने से लोगों की आवाज और विश्वास एक बार फिर मोदी की सरकार बनाने के पक्ष में है। प्रधानमंत्री ने रैली में उमड़ी भारी भीड़ से 04 जून के उत्सव के लिए मनेर के प्रसिद्ध लड्डू तैयार रखने को कहा। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि लोग इस शक्तिशाली मिठाई को खाकर यहां आए हैं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव या तो मोदी जैसी कड़ी मेहनत करने वाले नेता को चुनने का है, जो 2047 तक आत्मनिर्भर आधुनिक और सुरक्षित भारत के लिए 24 घंटे काम कर रहा है या फिर इंडिया गठबंधन के निष्क्रिय नेताओं को चुनना है, जिनमें से कुछ जेल में आराम कर रहे हैं या कुछ जमानत पर छुट्टियों का आनंद ले रहे हैं। उनका एकमात्र काम मोदी को गाली देना और अपने वोट बैंक को खुश करना है। मोदी ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एलईडी बल्ब के युग में वह लालटेन के साथ चल रहा है, जो केवल एक विशेष घर को रोशन करने में सक्षम है। उसने 30 वर्षों तक केवल एक ही घर में रोशनी की जबकि अन्य घरों को अंधेरे में रहने को मजबूर किया । उन्होंने सिर्फ अपने परिवार को ही बढ़ावा देने के लिए राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की आलोचना करते हुए कहा कि यादवों के नाम पर उन्होंने केवल अपने परिवार के सदस्यों का विकास किया और अन्य यादवों की प्रगति में उन्हें कोई दिलचस्पी नहीं है।

## पाकिस्तान के एटम बम का डर दिखाने वालों पीओके भी हमारा : शाह

**ऊना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता पाकिस्तान से डरने की बात कहते हैं और पाकिस्तान के एटम बम का डर भारतीयों को दिखाते हैं



जबकि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भी हमारा है और उसे भी भारत वापस लेकर रहेगा। शाह ने कहा कि अनुच्छेद 370 को खत्म किए हुए पांच साल का समय हो चला है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 370 खत्म करने पर खून की नदियां बहने की बात कहते थे, लेकिन किसी की कंकर तक मारने की हिम्मत नहीं हुई। मोदी सरकार ने चरणबद्ध तरीके से आतंकवाद को खत्म किया है। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने 70 साल तक राम मंदिर के काम को लटका कर रखा लेकिन मोदी सरकार ने केस जीतने से लेकर मंदिर निर्माण और भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा तक सब काम करवाया। 'गांधी परिवार' को निशाने पर लेटे हुए शाह ने कहा कि राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा छुट्टियां मनाने शिमला तो आते हैं लेकिन भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं आये क्योंकि हिंदू उनका वोट बैंक ही नहीं रहा। उन्होंने हिमाचल प्रदेश की सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता के साथ वादाखिलाफी की है। उन्होंने कहा कि चुनावों से पहले कांग्रेस ने कई गारंटियाँ दी उन गारंटियों को तो पूरा नहीं किया लेकिन सत्ता में आने के बाद भारतीय जनता पार्टी द्वारा करवाए गए विकास को रोकने का काम किया।

## मोदी को बाहर कर कांग्रेस को जिताना है, देश को तानाशाही से बचाना है : खडगे

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली/शिमला
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए आज कहा कि वह तानाशाह की तरह काम करते हैं और देश की जनता को उनकी तानाशाही से बचना है तो इंडिया गठबंधन को जिताकर उन्हें सत्ता से दूर रखना है। खडगे ने हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा इंडिया गठबंधन जनता की अधिकारों की सुरक्षा की लड़ाई लड़ रहा है। मोदी तानाशाही तरीके से शासन कर रहे हैं और उनको सबक सिखाना जरूरी है। मोदी को इस चुनाव में सत्ता से दूर नहीं किया गया तो देश में तानाशाही आ जाएगी। उन्होंने कहा इस चुनाव में इंडिया गठबंधन जीतने वाला है और विपक्षी दलों के गठबंधन की जीत में किसी तरह का कोई भी शक नहीं है। खड़गे ने प्रधानमंत्री पर आरोप लगाया कि वह चीन से डरते हैं और कुछ नहीं बोल रहे हैं। उन्होंने कहा हिंदुस्तान में जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी जी जैसे प्रधानमंत्री हुए हैं। जहां एक तरफ इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे वहीं चीन के भारत की जमीन पर कब्जा करने के बाद भी नरेंद्र मोदी चुप हैं। देश की जनता इन्हें सबक सिखाने वाली है। मोदी पर देश की सीमाओं को ही नहीं बल्कि देश की सेना को भी कमजोर करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा पहले सेना में स्थायी नौकरी मिलती थी, पेंशन और अन्य सुविधाएं मिलती थी लेकिन श्री मोदी ने 'अग्निवीर' योजना लाकर सब कुछ खत्म कर दिया है। कांग्रेस संविधान बचाने और युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए लड़ रही है इसलिए एक जून को हाथ के चिन्ह वाले बटन को दबाना है और भारी मतों से कांग्रेस को जिताना है। खडगे ने कहा साल 1951 में हिमाचल प्रदेश के लोगों को सबसे पहले वोट डालने का अधिकार मिला था। पंडित जवाहरलाल नेहरु की पहली चुनावी सभा 1951 में यहां हुई थी। तब उन्होंने कहा था- हिमाचल के लोग ऐसे प्रत्याशियों को वोट दें जो सामाजिक न्याय को बढ़ाएं। मनुष्य के व्यक्तित्व के गौरव और स्वतंत्रता को आगे ले जाएं।

### बीजापुर में दो महिला नक्सली ढेर, एक पिस्टल और 12 बोर हथियार समेत कई सामग्री बरामद

## 33 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



बस्तर संभाग में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सुरक्षा बल के जवानों को बड़ी सफलता मिली है। शनिवार को दो महिला सहित 33 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वाले दो नक्सलियों पर दो-दो लाख और एक नक्सली पर एक लाख का इनाम घोषित था। बीजापुर पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि आत्मसमर्पित नक्सलियों में राजू हेमला ऊर्फ ठाकुर पीएलजीए बटालियन नम्बर 01 का पार्टी सदस्य, ईनाम राशि 2 लाख, सामो कर्मा उर्फ रनिता कंपनी नम्बर 05, प्लाटून नम्बर 01 ए सेक्शन पार्टी सदस्या, ईनाम राशि 2 लाख रुपये, सुदरू पुनेम उर्फ हिरोली सुदरू पुसनार आरपीसी जनताना सरकार अध्यक्ष, ईनाम राशि एक लाख रुपये घोषित है। अन्य आत्मसमर्पित नक्सलियों में सुखराम माड़वी जनताना सरकार सदस्य/मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर, सुरेश कुंजाम भूमकाल मिलिशिया कमाण्डर, आयतु पुनेम उर्फ डोगुम पुसनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सी सेक्शन डिप्टी कमाण्डर, रमेश पुनेम उर्फपोजा ग्राम हिरोली भूमकाल मिलिशिया सी सेक्शन कमाण्डर, पायकू मडक़ाम डुमरीपलनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून बी सेक्शन कमाण्डर, आयतु कुंजाम डुमरीपालनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून ए सेक्शन कमाण्डर, मंगल पुनेम उर्फ करका ग्राम हिरोली भूमकाल मिलिशिया कमाण्डर, मासा सोढ़ी ग्राम करका भूमकाल मिलिशिया बी सेक्शन कमाण्डर, रेनू पुनेम ग्राम हिरोली जीआरडी कमाण्डर, राजू तामो ऊर्फ पाण्डू डुमरीपालनार आरपीसी जनतान सरकार सदस्य/आर्थिक शाखा अध्यक्ष, अर्जुन कर्मा ऊर्फपिडिदेड डुमरीपालनार आरपीसी जनताना सरकार उपाध्यक्ष, हुर्रा कर्मा ऊर्फ बोटी डुमरीपालनार आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य, सुखराम कर्मा उर्फ मासा डुमरीपालनार आरपीसी सदस्य/डॉक्टर शाखा सदस्य, संजय तामो ऊर्फ खुटा डुमरीपालनार आरपीसी सीएनएम सदस्य, छोटू पुनेम उर्फ बडगा पुसनार आरपीसी जनताना सरकार सदस्य/न्याया शाखा सदस्य, पोदिया पुनेम उर्फ कुकल पुसनार आरपीसी डीएकेएमएस कमेटी सदस्य, मंगडू मड म उर्फ मोंगडु डुमरीपालनार आरपीसी जनताना सरकार सदस्य, जटिया मडक़म ग्राम करका भूमकाल मिलिशिया सदस्य, बुधराम ताती डुमरीपालनार आरसीसी डीएकेएमएस सदस्य, मासा मडक़्रम डुमरीपालनार आरपीसी सीएनएम सदस्य, राजू मडक़म करका भूमकाल मिलिशिया सदस्य, भीमा मडक़म करका भूमकाल मिलिशिया सदस्य, भीमा मडक़म करका भूमकाल मिलिशिया सदस्य, देवा माड़वी करका भूमकाल मिलिशिया सदस्य, कुमार सोढ़ी करका भूमकाल मिशिया सदस्य, जोगा मडक़म करका भूमकाल मिलिशिया सदस्य, हिड़मा मडक़म करका भूमकाल मिलिशिया सदस्य, सोना मडक़म करका भूमकाल मिलिशिया सदस्य, शंकर मडक़्रम डुमरीपालनार आरपीसी सीएनएम सदस्य, बुदरी कारम उर्फ बैयमे पुसनार आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य हैं।

**बीजापुर।** मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों के मारे जाने की खबर हैं। मिरतुर थाना क्षेत्र के जप्पेमरका और कमकानार जंगलों के बीच मुठभेड़ चली। एसपी जितेंद्र यादव ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा, मुठभेड़ जारी है। अंदर से जो भी जानकारी आएगी हम शेयर करंगे। मिली जानकारी के मुताबिक, माओवादियों की सप्लाई टीम इंजार्च, भैरमगढ़ एसीएम सहित 20 से 25 माओवादियों के जमावड़ा की सूचना पर डीआरजी की टीम निकली थी। इस दौरान मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर हुए हैं। पुलिस के जवानों ने घटना स्थल से एक पिस्टल और 12 बोर हथियार समेत कई नक्सली सामग्री भी बरामद की है।

## वोट के आंकड़ों पर संदेह को फिर खारिज किया आयोग ने, कहा न्यायालय से मिला बल

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



चुनाव आयोग ने मतदान के आंकड़ों को लेकर फैलाये जा रहे अविश्वास को खारिज करते हुये पिछले पांच चरणों में संपन्न पूरे मतदान के आंकड़े जारी किये हैं। आयोग ने आकड़े जारी करने की प्रक्रिया पर उच्चतम न्यायाय के निर्णय और टिप्पणियों को शक्ति बढ़ाने वाला करार देते हुये कहा है कि कोई गड़बड़ी की किसी भी तरह की कल्पना कर ले, किसी भी तरह वोटिंग के आंकड़ों से छेड़छाड़ नहीं हो सकती। आयोग ने दोहराया है कि मतदान के दिन फॉर्म 17 सी के माध्यम से सभी उम्मीदवारों के मतदान एजेंटों के साथ साझा किये गये वोटों के डेटा को कोई नहीं बदल सकता। आयोग ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से पांच चरणों में प्रत्येक राज्य / केंद्र शासित प्रदेश के विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या, डाले गये वोट और मत प्रतिशत के आंकड़े जारी किये हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सभी उम्मीदवारों के पास फार्म सी के जरिये वोट के आंकड़े उपलब्ध रहते हैं। इसी तरह 'वोटर' ऐप पर मतदान के आंकड़े सातों दिन चौबीसो घंटे आम नागरिकों के लिये उपलब्ध हैं। मतदान के प्रतिशत को लेकर उठाये जा रहे सवालों और आशंकाओं पर विज्ञप्ति में कहा गया है, आयोग टर्नआउट (मतदान) को लेकर झूठी कहानियों और माहौल बिगाड़ने की शरारती चालों के पैटर्न को देख रहा है। आयोग ने यह भी कहा है, मतदान के आंकड़े जारी करने की भारत के चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर उच्चतम न्यायालय की टिप्पणियों और निर्णय से आयोग विधिवत रूप से अपने को सशक्त अनुभव कर रहा है।

## पीडिया मुठभेड़ में ग्रामीणों का दावा सभी मारे गये लोग नक्सली नहीं थे, कांग्रेस जांच दल ने भी गांव वालो से वस्तु स्थिति पूछा



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बीजापुर के पीडिया में विगत दिनों सुरक्षा बलो एवं नक्सलियो के बीच मुठभेड़ की खबर सामने आई थी। 10 मई 2023 को हुये इस मुठभेड़ में 12 लोगो की मौत हुई थी तथा इस घटना में 6 लोग घायल हुये, जिसके संबंध में पुलिस का दावा था कि मारे गये सभी लोग नक्सली थे। लेकिन घटना के बाद ग्राम पीडिया और ईतवार के ग्रामीणों का कहना है कि घटना में मारे गये सभी लोग नक्सली नहीं थे। ग्रामीणों के इस दावे के बाद प्रदेश कांग्रेस ने घटना की वस्तुस्थिति जानने एक जांच दल का गठन किया था जो मौके पर गई तथा ग्रामीणों से बात-चीत कर घटना के संबंध में जानकारी एकत्र किया। 16 मई दिन गुरुवार को जांच दल प्रातः 10:00 बजे बीजापुर से पीडिया के लिए संयोजक संतराम नेताम, सदस्यगण मान. विधायक इन्द्रशाह मंडावी, विक्रम मंडावी, जनकलाल ध्रुव, सावित्री मंडावी, रजनू नेताम, शंकर कुडियम एवं छविन्द्र कर्मा रवाना हुए। अस्वस्थ होने के कारण पूर्व विधायक देवती कर्मा जांच दल में शामिल नहीं हो पाई। पीड़ित परिवार के परिजन सुक्की कुंजाम, कु. ललिता, अवलम समली, बुधरू राम बारसे, पोदिया, बोदे से अलग-अलग पुछताछ कर ब्यान लिया गया, जिन्हांने अपने ब्यान में बताया कि पीडिया नक्सली मुठभेड़ में मल्लेपल्ली निवासी बुधू ओयाम, पालनार निवासी कल्लू पुनेम, ईतावार निवासी-लक्खे कुजाम, उण्डा छोटू, उरसा छोटू सुक्कू ताती, चैतु कुंजाम, सुनीता कुजाम, क जागो बरसी, पीडिया निवासी सन्नु अवलम, भीमा ओयाम, दुला तामो को पुलिस ने नक्सली बताकर मार दिये।

# गरीबों का शोषण करना ही रामद्रोहियों का बन गया है धर्म : योगी

वार्ता ◄ बलिया
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों के इंडिया समूह पर हमला बोलते हुये कहा कि गरीबों का शोषण करना ही रामद्रोहियों का धर्म बन गया है। बाबा लक्ष्मण दास इंटर कॉलेज मैदान बैरिया में जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा कि बलिया अब विकास के लिए नहीं तरसता है। यहां तेजी से विकास, सुरक्षा, सम्मान व गरीब कल्याण योजनाएं लागू हो रही हैं। हमारी सरकार ने राजकीय पॉलीटेक्निक, राजकीय महाविद्यालय, इंटर कॉलेज दिया है। नौरंगा में प्रत्येक घर में सोलर लाइट देने की कार्रवाई के लिए 14 करोड़ रुपये स्वीकृत कराए गए हैं। बस स्टैंड भी बन रहा, मेडिकल कॉलेज, वॉटर वे निर्माण और बाढ़ बचाव के लिए कार्य भी तेजी से हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की विरासत को बढ़ाने के लिए नीरज शेखर को प्रत्याशी बनाकर उतारा है। विश्वास है कि भाजपा बलिया की सीट जीतकर चार जून को 400 सीटों का आंकड़ा पार करेगी। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता समर के महानायक मंगल पांडेय और वीर चित्तू पांडेय को याद किया और कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने बलिया की पहचान को दुनिया के सामने रखा। उन्होंने कहा कि पूरा गुनाह रामभक्तों व रामद्रोहियों के बीच सिमट गया है। रामद्रोही रामभक्तों पर गोली चलाते हैं। आतंकियों-नक्सलियों के प्रति सहानुभूति रखते हैं। इन्हें भारत के विकास पर पीड़ा होती है। गरीब कल्याणकारी योजनाएं अच्छी नहीं लगती। गरीबों का शोषण करना ही इनका धर्म बन गया है। वहीं रामभक्तों की टीम 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' बनाने के लिए कार्य कर रही है। 500 वर्ष बाद अयोध्या में न सिर्फ रामलला विराजमान हुए, बल्कि जन्मोत्सव मनाया और होली भी खेली। अयोध्या त्रेतायुग की नजर आएगी। राममंदिर का निर्माण सपा-कांग्रेस नहीं कर सकती। यह विकास, गरीब कल्याण, सुरक्षा नहीं दे सकते, हर बड़ा माफिया इनका सरपरस्त होता है। योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा की सरकारों के समय सुबह अखबार की पहली खबर भ्रष्टाचार की होती थी और शाम होते-होते आतंकी घटनाओं की खबर आती थी। हम लोग आतंकियों पर कार्रवाई की बात करते थे तो यह कहते थे कि आतंकी सीमापार के हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में नक्सली व आतंकी संगठन को दस वर्ष में समाप्त कर दिया गया। सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और कार्रवाई से आतंकवाद समाप्त हो गया। प्रदेश में भी सिर उठाकर और राहगीरों को गोली मारने वाले माफिया मिट्टी में मिल गए हैं। नागरिकों को सुरक्षा देना सरकार का दायित्व है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को पता है नया भारत छेड़ता नहीं, छेड़ने वाले को छेड़ता भी नहीं है। बलिया से ज्यादा यह भाषा कौन समझ सकता। बलिया ने कभी गुलामी स्वीकार ही नहीं की। देश 1947 में आजाद हुआ और बलिया ने खुद को 1942 में ही आजाद घोषित कर लिया था। विकास के भी अनेक कार्य हुआ। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे व लिंक एक्सप्रेसवे बलिया तक जाएगा। इस कार्य तेजी से चल रहा है। फोरलेन कनेक्टिविटी, बाढ़ की समस्या का समाधान, बलिया में उत्पादित सब्जी दुनिया के बाजार में जा रही है। चंद्रशेखर ने गांव में जो हॉस्पिटल उन्हें बनवाया था, हमारी सरकार ने उसे प्रारंभिक रूप से चालू कर दिया है। योगी ने कहा कि भाजपा व सहयोगी दल विकास और विरासत का सम्मान करते हैं। कांग्रेस व उनके सहयोगी दल तृणमूल, राजद व सपा जनभावनाओं से खिलवाड़ करती है। तृणमूल बंगाल में साधु-संतों को धमकी दे रही है। कह रही है कि धर्म की बात क्यों करते हो, यदि साधु-संत धर्म की बात नहीं करेंगे तो क्या करेंगे।

## पिक एण्ड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठा रहे बुजुर्ग, दिव्यांग मतदाता



**गुरुग्राम।** लोकसभा चुनाव के लिए गुरुग्राम जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 11 बजे तक 24 प्रतिशत मतदान हुआ। यह जानकारी उपयुक्त सह निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने दी। प्रशासन ने बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए पिक एंड ड्राप की सुविधा दी है। जिसके लिए 4200 नागरिकों ने इस सेवा के लिए फोन किए हैं। इस बीच कई पोलिंगबूथ पर ईवीएम मशीन खराब होने की जानकारी मिल रही है जिसके कारण मतदान काफी देर तक रुका रहा और लोगों को मतदान केंद्रों पर वोट डालने के लिए इंतजार करना पड़ा। शहरी क्षेत्र की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत ज्यादा हो रहा है, जहां चिलचिलाती धूप के बावजूद लोग वोट डालने के लिए घरों से निकल रहे हैं।

# तेलंगाना सरकार का लक्ष्य हैदराबाद को वैश्विक निवेश गंतव्य बनाना

एजेंसी ◄ हैदराबाद
www.dailypioneer.com

तेलंगाना के सिंचाई, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री कैप्टन उत्तम कुमार रेड्डी ने हैदराबाद को एक प्रमुख वैश्विक निवेश गंतव्य में बदलने के राज्य सरकार के उद्देश्य की घोषणा की। रेड्डी ने मियापुर के नरेन गार्डन में एक अंग्रेजी दैनिक द्वारा आयोजित वेस्ट हैदराबाद प्रॉपर्टी एक्सपो 2024 के उद्घाटन पर यह बात कही। उन्होंने शहर के अंतरराष्ट्रीय विकास और रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए सरकार के समर्थन पर जोर दिया। उन्होंने कहा, मैं टाइम्स वेस्ट प्रॉपर्टी शो को शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि बिल्डर्स कई ग्राहकों को आकर्षित करेंगे। उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे, मध्यम जलवायु, महानगरीय संस्कृति और प्रतिभाशाली कार्यबल के साथ हैदराबाद अंतरराष्ट्रीय मानकों पर पहुंच गया है। तेलंगाना सरकार भवन और निर्माण उद्योग तथा रियल एस्टेट को अपना समर्थन जारी रखेगी। रेड्डी ने शहर के सभी कोनों में मेट्रो रेल नेटवर्क के नियोजित विस्तार और मुसी नदी के किनारे एक ऐतिहासिक रिवरफ्रंट के विकास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दोनों का उद्देश्य हैदराबाद की वैश्विक छवि को बढ़ाना है। इसके अतिरिक्त, सरकार ने पहुंच और परिवहन में सुधार के लिए 22,000 करोड़ रुपये की क्षेत्रीय रिंग रोड (आरआरआर) परियोजना की भी घोषणा की है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य हरित इमारतों सहित टिकाऊ प्रथाओं को प्रोत्साहित करके एक हरित व प्रदूषण मुक्त हैदराबाद का निर्माण करना है। वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने के हमारे प्रयास हैदराबाद को एक शीर्ष निवेश गंतव्य बना देंगे जो दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ शहरों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा। मुझे उम्मीद है कि यह संपत्ति शो अपने उद्देश्यों को पूरा करेगा और बिल्डरों तथा ग्राहकों दोनों को संतुष्टि प्रदान करेगा। इससे पहले, टाइम्स ऑफइंडिया में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के प्रमुख कमल कृष्णन ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया और हैदराबाद के व्यापक विकास पर प्रकाश डाला।

## बस खाई में गिरी, चालक की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शिमला जिले के चौपाल उपमंडल के तहत धारटुखाड़ी नाला में एक निजी बस के गहरी खाई में गिरने से चालक की मौत हो गयी, जबकि परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान कपिल कुमार (30) राजगढ़ निवासी के रूप में हुई है। यह हादसा उस समय हुआ, जब बस नाहन से पुलबाहल वापिस लौट रही थी। उस समय बस में चालक और परिचालक ही थे। परिचालक महेश कुमार (30) को सोलन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चौपाल उप जिला अधिकारी हेम चंद वर्मा ने कहा कि प्रशासन की तरफ से मृतक के परिजनों को 25 हजार रुपये की फौरी राहत दी गयी है।




## हिंदी साप्ताहिक संपादक रंगदारी वसूली के मामले में गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई से प्रकाशित होने वाले एक हिंदी साप्ताहिक के 63 वर्षीय संपादक को वाशी पुलिस ने एक स्पा में छापा मारने की धमकी देकर पैसे वसूलने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जबरन वसूली करने की कोशिश में आरोपी ने स्पा मालिक की गरिमा को ठेस पहुंचाते हुए उसे गलत तरीके से छुआ। पुलिस के अनुसार, नित्यानंद टाइम्स नामक एक साप्ताहिक प्रकाशन चलाने वाले मुंबई निवासी नित्यानंद हरनारायण मिश्रा पिछले 15 दिनों से शिकायतकर्ता से जबरन पैसे वसूलने की कोशिश कर रहे थे। वाशी पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक मधुकर भट्टे ने कहा कि आरोपियों ने कर्मचारियों में से एक ने पहले शिकायतकर्ता को फोन करते हुए यह कहा था कि उनके स्पा में पुलिस द्वारा छापा मारा जाएगा और इससे बचने के लिए, उन्हें उसके प्रकाशन के संपादक को फोन करना होगा। इसके बाद महिला ने संपादक को फोन किया जिसे अब गिरफ्तार कर लिया गया है।

आरोपी ने तब उसे बताया कि उसके अधिकारियों से संबंध हैं और

# वायुसेना प्रमुख चौधरी ने ली नौसैनिक प्रशिक्षुओं की दीक्षांत सलामी

एजेंसी ◄ कन्नूर
www.dailypioneer.com



भारतीय वायु सेना के अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी ने यहां एझिमला स्थित भारतीय नौसेना अकादमी में नौसेना के प्रशिक्षुओं की दीक्षांत परेड की सलामी ली। दीक्षांत परेड में शामिल होने 34 महिला एवं 10 विदेशी प्रशिक्षुओं सहित 216 प्रशिक्षु भारतीय नौसेना में विधिवत शामिल हो गये। इस अवसर पर नौसेना की दक्षिणी कमान के प्रमुख वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास तथा भारतीय नौसेना अकादमी के कमांडेंट वाइस एडमिरल विनीत मैक्कार्टी भी उपस्थित थे। परेड के अंतिम चरण में सफल प्रशिक्षुओं ने सलामी की मुद्रा में अपनी चमचमाती तलवारों और राइफलों के साथ, अकादमी के क्वार्टरडेक को मार्मिक विदाई धुन पर धीमी गति से मार्च करते हुए पार कर 'अंतिम पग' रखा। वायुसेना प्रमुख ने अपने संबोधन में प्रशिक्षुओं और पदक विजेताओं की कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहना क और परेड में त्रुटिहीन प्रदर्शन, अच्छी सैन्य क्षमता और स्मार्ट ड्रिल के लिए भी उन्हें बधाई भी दी। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने राष्ट्र की सेवा के लिए प्रतिबद्ध होने के लिए प्रशिक्षुओं को प्रोत्साहित करने के लिए उनके माता-पिता के निर्णय की प्रशंसा की। वायुसेना अध्यक्ष ने परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को पुरस्कृत भी किया। मिडशिपमैन पिनिंटला प्रदीप कुमार रेड्डी को योग्यता के सभी क्रमों में प्रथम स्थान पाने पर 'राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक' प्रदान किया गया। भारतीय नौसेना अकादमी के बी टेक पाठ्यक्रम के लिए नौसेना प्रमुख का रजत पदक मिडशिपमैन मोहम्मद समीर को दिया गया। भारतीय नौसेना अकादमी के पाठ्यक्रम के लिए दक्षिणी कमान के कमांडर का कांस्य पदक मिडशिपमैन राहुल दर्शन सिंह श्योरण को प्रदान किया गया। नौसैनिक परिचयात्मक पाठ्यक्रम (विस्तारित) के लिए नौसेना प्रमुख का स्वर्ण पदक कैडेट संचित पटनायक को दिया गया। नौसैनिक परिचयात्मक पाठ्यक्रम (विस्तारित) के लिए दक्षिणी कमान के कमांडर का रजत पदक कैडेट शौर्य जामवाल को, नौसैनिक परिचयात्मक पाठ्यक्रम (विस्तारित) के लिए भारतीय नौसेना अकादमी के कमांडेंट का कांस्य पदक कैडेट सलोनी के सिंह को, नौसैनिक परिचयात्मक पाठ्यक्रम (नियमित) के लिए नौसेना प्रमुख का स्वर्ण पदक के साथ ही महिला कैडेटों में सर्वश्रेष्ठ कैडेट का पुरस्कार कैडेट जाह्नवी सिंह को दिया गया। नौसैनिक परिचयात्मक पाठ्यक्रम (नियमित) के लिए कमांडेंट का रजत पदक कैडेट सहाना एमके व तथा तटरक्षक बल के महानिदेशक का सर्वश्रेष्ठ सहायक कमांडेंट का पदक सहायक कमांडेंट आदित्य ओझा को दिया गया। प्रतिष्ठित चैम्पियन स्क्वॉड्रन बैनर फाइटर स्क्वॉड्रन को प्रदान किया गया।

## नदी में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**आगरमालवा।** मध्यप्रदेश के आगरमालवा जिले के नलखेड़ा थाना क्षेत्र के चाल्दा गांव में स्थित लखुंदर नदी में नहाने के दौरान तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार के बाद महिलाएं और बच्चे लखुंदर नदी में स्नान करने गए थे। इसी दौरान बच्चे पानी में डूब गए। हादसे की सूचना मिलने पर ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर राज्य आपदा आपातकालीन प्रतिक्रिया बल (एसडीईआरएफ) की टीम मौके पर पहुंची और मोनू (7) और पंकज (7) के शव रात को नदी से निकाले। जबकि एक बालिका मुस्कान (8) का शव नदी से निकाला गया। बच्चों के शव आज पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## बैरवा ने जैनाचार्य से लिया आशीर्वाद

**अजमेर।** राजस्थान के उप-मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने अजमेर जिले के किशनगढ़ में दिगम्बराचार्य जैन संत के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उप-मुख्यमंत्री बैरवा किशनगढ़ में सिटी रोड स्थित जैन भवन में आचार्य 108 सुनील सागर महाराज के दर्शन करने पहुंचे। उनके साथ अजमेर सांसद एवं भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी भी थे। दोनों ने किशनगढ़ की पावन धरा पर मौजूद जैन मुनि से आशीर्वाद लिया। बैरवा ने कहा जैन धर्म में मुनि संतों की तपस्या बहुत कठिन होती है। उनके द्वारा अहिंसा का संदेश हमेशा ही समाज को मिलता है और उनके बताये मार्ग पर हम सबको चलने की आवश्यकता है। इस दौरान किशनगढ़ जैन समाज के पदाधिकारी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## तेलंगाना के राज्यपाल ने रांची में वोट डाला

**हैदराबाद।** तेलंगाना और झारखंड के राज्यपाल एवं पुडुचेरी के उपराज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने रांची में लोकसभा चुनाव के लिए अपना वोट डाला। अन्य मतदाताओं के साथ कतार में खड़े होकर और वोट डालने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते हुए राज्यपाल ने लोकतंत्र और सभी मतदाताओं की समानता की भावना का उदाहरण दिया। राजभवन की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्यपाल ने अपना वोट डालने के बाद सभी नागरिकों से लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए वोट डालने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, मतदान हमारे और हमारे देश के प्रति हमारा एक कर्तव्य है। वोट हमारे लोकतंत्र में सबसे शक्तिशाली उपकरण है। राज्यपाल ने सभी पात्र मतदाताओं से अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

## विधि विधान से खुले हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा के कपाट

**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली जिले में हिमालय पर्वत पर, समुद्र तल से 15000 से अधिक ऊंचाई पर स्थित पवित्र हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा के कपाट 9.30 बजे विधि विधान से ग्रीष्मकाल के लिए खुल गये। इसी के साथ इस वर्ष की हेमकुंड यात्रा शुरू हो गयी है। हेमकुंड यात्रा के पहले दिन तीन हजार से अधिक श्रद्धालु गुरुद्वारे पहुंचे और मत्था टेका। 'बोले सो निहाल, सत अकाल' के जयकारों के साथ सबसे पहले सच्च खंड से पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब पंच प्यारों की अगुवाई में गुरुद्वारा दरबार में विराजमान किये गए। इसके बाद, पवित्र गुरवाणी पाठ और अरदास की गयी। इसके बाद सुखमनी साहिब का पाठ किया गया। इस अवसर पर, मुख्य ग्रंथी भाई मिलाप सिंह, गोविन्द घाट, हेमकुंड गुरुद्वारा के प्रबंधक सरदार सेवा सिंह सहित देश के विभिन्न राज्यों से आये श्रद्धालु मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि इस यात्रा में आने वाले सभी यात्री ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों तरह से अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं और ये सभी के लिए अनिवार्य होगा। हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए सुरक्षा के दृष्टिगत, प्रतिदिन 3,500 श्रद्धालुओं को ही हेमकुंड भेजने की सीमा निर्धारित की गयी है। जनपद पुलिस द्वारा हेमकुंड साहिब आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। साथ ही हेमकुंड साहिब मार्ग के मुख्य पड़ावों पर राज्य आपदा मोचन बल तैनात किया गया है।

# डिजिटल क्राइम को लेकर डीआईजी झांसी ने जारी की एडवाइजरी

एजेंसी ◄ झांसी
www.dailypioneer.com

बदलते समय में तकनीकी के बढ़ते उपयोग के बीच अपराध और अपराधियों के काम करने के बदलते तरीकों के मद्देनजर डीआईजी झांसी कलानिधि नैथानी ने आम जनता के लिए एडवाइजरी जारी की। उन्होंने बताया कि बदलते समय के साथ अपराध के तरीकों में काफी बदलाव आया है और इसी कारण डिजिटल युग में डिजिटल अपराधों की संख्या भी काफी अधिक बढ़ी है। इन अपराधों से निपटने के लिए जागरूकता ही सबसे अधिक जरूरी है। डीआईजी ने कहा कि डिजिटल अरेस्ट जैसे अपराध न केवल एक जनपद, एक राज्य बल्कि कई देशों में पुलिस के सामने एक नयी चुनौती के रूप में आये हैं। इसके तहत व्यक्ति की कोई कमी को भांपकर खुद को नकली पुलिस या साइबर सेल का नुमाइंदा बताकर आम जनता से पैसों की उगाही की जाती है। ऐसे में जागरूकता बहुत जरूरी है। किसी गैर जानकार नंबर पर किसी तरह को कोई डिजिटल पेमेंट न करें। यदि कोई ऑनलाइन धमका कर पैसों की मांग कर रहा है तो 112 पर कॉल कर लोकल थाना को इसकी जानकारी जरूर दें। नथानी ने स्पष्ट किया कि ऐसे अपराधों में भी कहीं बाहर की पुलिस पीड़ित की मदद नहीं करती है। ऐसे मामलों में भी पहली मदद स्थानीय पुलिस से ही आती है। अगर कभी कोई डिजिटल अरेस्ट जैसे स्थिति में खुद को पाये या फोन पर किसी तरह से पैसे वसूलने या धमकाने के संबंध में स्थानीय पुलिस को तुरंत जानकारी दें। उन्होंने कहा कि जो भी जांच करनी होती है वह स्थानीय पुलिस को ही करनी होती है इसलिए यह न सोचे कि बाहर की पुलिस मदद करेगी। ऐसी किसी भी समस्या में फंसने के बाद स्थानीय पुलिस को जानकारी सबसे पहले दें। उन्होंने लोगों को अज्ञात नंबरों पर ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करने की प्रवृत्ति पर पूरी तरह से रोक लगाने की वकालत करते हुए कहा कि आपकी सावधानी ही आपको ऐसे अपराधों से बचा सकती है।

# रूस से अपनी मातृभूमि लौटी स्नो गर्ल मेनका गुंज्याल का नागरिक अभिनंदन

एजेंसी ◄ धारचूला/नैनीताल
www.dailypioneer.com



स्नो गर्ल के नाम से विख्यात माउंटेनियरिंग स्कीइंग में राष्ट्रीय चैंपियन मेनका गुंज्याल का अपनी मातृभूमि पहुंचने पर पिथौरागढ़ के धारचूला में जोरदार नागरिक अभिनंदन किया गया। मेनका रूस के इंटरनेशनल कैंप से प्रशिक्षण लेकर सीधे अपनी मातृभूमि पहुंची। उन्होंने इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर उन्हें सफलता के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि सबसे पहले अपना लक्ष्य तय करो और उसे हासिल करने के लिए कठोर मेहनत करो। सामुदायिक पुस्तकालय के बैनर तले विकासखंड सभागार में आयोजित कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय बलुवाकोट के प्राचार्य डॉक्टर अतुल चंद्र ने सम्मान पत्र तथा ताइक्कांडो की इंटरनेशनल चैंपियन उपासना बिष्ट ने शाल उड़ाकर मेनका गुंज्याल का स्वागत किया। व्यापार संघ की ओर से अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह थापा, रं कल्याण संस्था की ओर से अध्यक्ष दीपक सिंह रौंकली, डॉक्टर भीमराव अंबेडकर संयुक्त समिति की ओर से संरक्षक शंकर सीपाल, ग्राम पंचायत गुंजी के सीमांत जन विकास समिति की ओर से हरीश गुंज्याल के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों की ओर से मेनका गुंज्याल को सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह, शाल और उपहार भेंट किये गये। मेनका ने कहा कि 12 मई से 22 मई तक रूस में इंटरनेशनल ट्रेनिंग कैंप से लौटकर वह सीधे अपने मातृभूमि आयी है। उन्होंने कहा कि वह वर्ष 2026 में होने वाले ओलंपिक के लिए तैयारी कर रही है। सामुदायिक पुस्तकालय की नींव रखने वाले जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा कि मेनका ने इस वर्ष तीन नेशनल इवेंट में गोल्ड एवं सिल्वर मेडल प्राप्त कर इस क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

कल्याण संस्था के संरक्षक अशोक नबियाल, उत्तराखंड पावर कारपोरेशन के अधीक्षण अभियंता राजेंद्र सिंह गुंज्याल, राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अतुल चंद्र, तहसीलदार राम प्रसाद आर्य, असम राइफल के रिटायर्ड कर्नल खीम सिंह ऐरी,15 कुमाऊं के रिटायर्ड कैप्टन पदम सिंह, व्यापार संघ अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह थापा ने क्षेत्र की जनता की ओर से मेनका गुंज्याल को शुभकामनाएं दी।

# देश मोदी के हाथों मे सुरक्षित है : कौशल्या नंद गिरि

एजेंसी ◄ प्रयागराज
www.dailypioneer.com




उत्तर प्रदेश किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य एवं प्रयागराज किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरि उर्फ टीना मां ने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों में सुरक्षित है और उनको तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए हम किन्नरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी ने कहा कि जो किसी ने नहीं सोचा वह मोदी ने कर दिखाया। पिछले कुछ वर्षों में विश्व के सामने भारत ने खुद को एक मजबूत देश के रूप में लाने में सफल कोशिश की जो किसी दबाव के सामने नहीं झुकता है। भारत बड़ी मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है और बिना किसी डर के अपनी बात दुनिया के सामने रख रहा है। इसीलिए कहा जा सकता है कि देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ही हाथों में सुरक्षित है। बैरहना क्षेत्र में मतदान करने के बाद उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए किन्नर समाज में हाल में एक यज्ञ भी करा चुका है। हवन यज्ञ के माध्यम से मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए किन्नरों ने उनकी तस्वीर को आशीर्वाद भी दिया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने और उसे आगे बढ़ाने में एक वोट का बहुत महत्व होता है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सभी को इस महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

आजादी के 70 साल बाद हमें पिछले 10 वर्षों में मौलिक अधिकार मिला है और उसी अधिकार का प्रयोग कर हम लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। महामंडलेश्वर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किन्नरों को मुख्यधारा में कर उनके उत्थान और विकास के लिए बहुत काम किया है। इसीलिए तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनवाने के लिए हम लोगों ने वोट किया है। उन्होंने कहा कि हमारा वोटिंग रेट बहुत कम है लिहाजा सभी को अपने घर से निकल कर मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम किन्नर जब अपने मताधिकार के लिए इतने उत्साहित है तो आम लोगों को इसमें दो कदम और आगे बढ़कर मतदान करना चाहिए। किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर ने कहा कि उन्होंने और उनके समुदाय के लोगों ने विकास और अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण मुद्दे को लेकर मतदान किया है। उन्होंने कहा, 'जो राम को लाए हैं उनको हम लाएंगे।' उन्होंने कहा कि जब वह मतदान को अपना अधिकार ही नहीं बल्कि जिम्मेदारी भी समझते हैं। कौशल्यानंद के नेतृत्व में किन्नर समाज के लोग बैरहना क्षेत्र में गाजे बाजे के साथ बड़ी संख्या में मतदान करने पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

# मोदी ने हर गरीब की चेहरे पर खुशी लाने का काम किया है : विष्णुदत्त शर्मा

वार्ता ◄ रांची
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने झारखंड की गोड्डा लोकसभा से पार्टी प्रत्याशी निशिकांत दुबे के समर्थन में देवघर में कार्यकर्ताओं की बैठक ली। भाजपा की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार शर्मा ने कहा कि आम जनता में यह वातावरण बना हुआ है कि विकास और गरीब कल्याण का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तेज गति से हुआ है। पिछले दस सालों में हर गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है और यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमें केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं और इस क्षेत्र में पिछले सालों में हुए विकास कार्यों को घर-घर जाकर जनता को बताना है, ताकि प्रचंड जीत हासिल कर मोदी के हाथ मजबूत किए जा सकें। शर्मा ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश के हर क्षेत्र में लगातार तेज गति से विकास हो रहा है और दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। दुनिया के कई देश अब भारत की तरफ आशा भरी निगाहों से देखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को विश्व गुरू बनाने का लक्ष्य रखा है और इस दिशा में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

आज भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान विपक्ष ने आरक्षण को लेकर भ्रम फैलाने का काम किया है। जबकि आरक्षण खत्म करने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। शर्मा ने कहा कि सांसद निशिकांत दुबे लगातार चौथी बार यहां से चुनाव लड़ रहे हैं। पिछले सालों में उनके नेतृत्व में इस क्षेत्र में काफी विकास हुआ है, जिसके चलते जनता का समर्थन उनके साथ है।

# राजीव भवन में झीरम के शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया

## कांग्रेस झीरम के शहीदों की ऋणी : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




झीरम हमले की 11वीं बरसी पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में जीरम के शहीदों के लिये श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां झीरम के शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दिया गया। इस अवसर पर झीरम के शहीदों को याद करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस झीरम के शहीदों की ऋणी है। उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना के लिये अपने प्राणो का बलिदान किया। कांग्रेस शहीदो के परिजनों का भी अभिनंदन करता है। हर कांग्रेसी शहीदों के परिवारो का ऋणी है। जीरम घटना की सच्चाई सामने नहीं आई है। छत्तीसगढ़ की जनता जानना चाहती है कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा की सुरक्षा को घोर नक्सल इलाके में ही क्यो हटाया गया था? झीरम नरसंहार भाजपा के लिए उसकी तत्कालीन सरकार द्वारा की गई चूक मात्र हो सकती है तथा उसकी तत्कालीन सरकार द्वारा किया गया एक षड्यंत्र मात्र हो सकता है। कांग्रेस के लिए झीरम वह घाव है जो कभी नहीं भर सकता। यह घटना देश के लोकतंत्र के माथे पर लगा वह कलंक है जो कभी नही मिट सकता। कांग्रेस ने झीरम में अपने नेताओं की पूरी पीढ़ी को खोया है। कांग्रेस पार्टी झीरम के षड्यंत्र को उजागर होने का पूरा प्रयास करेगी। इस षड्यंत्र को उजागर होने में कितनी भी बाधायें पैदा की जाए कांग्रेस उनका डट कर मुकाबला करेगी। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद कांग्रेस सरकार ने झीरम हमले की जांच के लिये एसआईटी का गठन किया था लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार एनआईए से झीरम की फाइल एसआईटी को नहीं देने दिया। जैसे ही झीरम घाटी कांड की जांच की बात आती है पता नहीं क्यों भाजपा के बड़े-बड़े नेता घबराने लगते है, किसी न किसी प्रकार से वे इसकी जांच को बाधित करने में जुट जाते हैं, कभी बयानबाजी करते हैं, कभी कोर्ट की शरण में जाते हैं, पीआईएल दायर करते हैं। किसी भी प्रकार से भाजपा झीरम घाटी की जांच को होने ही नहीं देना चाहती है। भाजपा जांच को बाधित करना चाहती है। झीरम न्यायिक आयोग की जांच पर रोक का पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक स्टे लेकर आये थे। भाजपा डरती है झीरम का सच सामने आ जायेगा तो वह बेनकाब हो जायेगी। भाजपा के नेता इस बात से डरते हैं कि झीरम घाटी कांड की जांच से ऐसा कोई सच निकलकर आ जायेगा जिससे तत्कालीन भाजपा सरकार के किसी कुत्सित चेहरे पर से नकाब उठा जायेगा? भाजपाई इस बात से डरते हैं कि उनके आका, तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की सरकार की नाकामी, उनके द्वारा कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा को सुरक्षा मुहैया करवाने में बरती गई घोर लापरवाही सामने आ जायेगी? भाजपा किस बात से डर रही है? क्या धरमलाल कौशिक इस बात से डरते हैं कि इस नक्सली घटना के पीछे की किसी बड़ी साजिश का पर्दाफाश हो जायेगा जिसका प्रभाव इनकी पूरी पार्टी पर पड़ सकता है? आखिर किसे बचाने की कोशिश कर रहे हैं, भाजपा और भाजपा के लोग।

# अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी क्षीरसागर ने किया मतगणना की तैयारियों का अवलोकन



पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

लोकसभा चुनाव के परिणामों के लिए आगामी 4 जून को मतगणना की जाएगी। इसी कड़ी में शनिवार को अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कोण्डागांव जिले के मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया । शहीद गुण्डाधुर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्थित मतगणना केन्द्र में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने विधानसभावार मतगणना कक्षों, उम्मीदवारों और उनके गणना अभिकताओं की बैठक व्यवस्था, प्रवेश पास, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से मॉनिटरिंग, मतगणना के दिन वीडियोग्राफी, सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेटिंग, वीवीपैट पर्ची की गिनती की व्यवस्था, अनाउंसमेंट स्थल आदि की जानकारी दी। क्षीरसागर ने मतगणना स्थल और मतगणना कक्षों की ड्राइंग-डिजाइन का अवलोकन किया और निर्वाचन अभिकताओं की सुविधा के लिए इसे मतगणना स्थल में प्रदर्शित करने को कहा, जिससे अभिकर्ता अपने निर्धारित मतगणना कक्ष तक आसानी से पहुंच सकें। उन्होंने मतगणना स्थल में विधानसभावार मतगणना कक्ष तक पहुंचने के लिए बनाए गए रास्तों का भी अवलोकन किया। पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निरीक्षण के दौरान मतगणना स्थल में उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चार्ली ठाकुर, केशकाल विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी अंकित चौहान, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एआर मरकाम, राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों के प्रतिनिधि सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# आईटीबीपी हड़ेली कैंप के जवानों द्वारा मेरी लाइफ मिशन के अंतर्गत दान अभियान आयोजित किया गया





पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

आई.टी.बी.पी. 'द' समवाय हड़ेली 41 वीं वाहिनी के जवानों के द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र में 'मेरी लाइफ मिशन' दिनांक 20 5.24 से 24 5.2024 तक के अंतर्गत होने वाले संग्रहण एवं वितरण अभियान को दिनांक 24.5. 2024 को ग्राम हड़ेली एहकली,मरकम पाल,हांदापाल के तकरीबन 150 बच्चों एवं ग्रामीणों को नए कपड़े, चप्पल इत्यादि सामान को सेनानी 41वीं वाहिनी के मार्गदर्शन में वितरण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद ग्रामीणों को आवश्यक कपड़ा एवं अन्य जरूरत का सामान पहुंचा कर मदद करना है, जिससे स्थानीय जरूरतमंद परिवारों का सामाजिक उत्थान हो सके। इसी कड़ी में 41 में वाहिनी के द्वारा लगातार सिविक एक्शन प्रोग्राम के माध्यम से भी समय-समय पर ग्रामीणों को दैनिक जीवन में काम आने वाले सामान, स्वास्थ्य तथा उनके गृहपालित पशुओं को देखभाल हेतु मुफ्त स्वास्थ्य शिविर लगाकर भी मदद किया जाता रहा है जिससे गांव के लोगों को समुचित मदद मिल रही है। जवानों ने दान अभियान में उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़कर अपने स्वयं के व्यय से सामाग्री क्रय कर जरुरतमंदो को वितरित किया।

# माधव सेवा समिति के तत्वाधान में पत्रकारों का किया गया सम्मान

पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com



माधव सेवा समिति द्वारा सूचना तंत्र के जनक सृष्टि के प्रथम पत्रकार महर्षि नारद मुनि के जन्म जयंती के उपलक्ष्य में आज किरंदुल के बीआईओपी स्कूल के सभागार में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।माधव सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिलेभर से अनेक पत्रकारों को बुलाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुभारंभ उपस्थित मुख्य वक्ता कृष्णमुरारी त्रिपाठी 'अटल' (साहित्यकार, स्तंभकार, एवं पत्रकार), मुख्य अतिथि एनएमडीसी परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक पद्यमनाभ नाईक, बी के माधव (उपमहाप्रबंधक कार्मिक), किशन सिंह आहूजा (महाप्रबंधक वर्क्स), वाई वी राघवेलु (महाप्रबंधक एएमएनएस), डॉ. तेजप्रकाश, रामचंद्रन, जितेंद्र सिंह भदौरिया (अध्यक्ष माधव सेवा समिति) आजाद सक्सेना (अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ), फगनू राम वेग द्वारा महर्षि नारद मुनि के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। रायपुर से पधारे कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कृष्णमुरारी त्रिपाठी ने पत्रकारों को संबोधन करते हुए बताया कि सृष्टि के पहले पत्रकार के रूप में महर्षि नारद मुनि को जाना जाता है। उन्होंने अपने जीवन में सूचनाओं का जो भी आदान प्रदान किया, वो हमेशा लोगों के हित को ध्यान रखते हुए किया।उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह से डॉक्टर व्यक्ति के जीवन की रक्षा करता है, उसी तरह से पत्रकार समाज को नया रूप देता है। अटल ने पत्रकारों से देश को सही दिशा देने का आह्वान करते हुए कहा कि पत्रकार समाज की अनेक समस्याओं के निराकरण के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दंतेवाड़ा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में काम करते हुए पत्रकारों के सामने कई कठिन परिस्थितियां आती हैं, लेकिन कलम के सिपाही अपने कर्तव्य पथ से कभी विमुख नहीं होते। अन्य सभी वक्ताओं ने महर्षि नारद मुनि की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान माधव सेवा समिति द्वारा जिले के सभी पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।तथा सभी के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। इस पूरे कार्यक्रम में सफलतापूर्वक मंच संचालन बी एल तारम द्वारा किया गया। मौके पर अध्यक्ष माधव सेवा समिति जितेंद्र सिंह भदौरिया,सचिव मिश्रीलाल झाड़े, कोषाध्यक्ष कैलाश सोनी, फागनुराम वेक, हरीश प्रताप सिंह गौतम।

# आरटीई अंतर्गत वर्ष 2022-23 में 134.30 करोड़ रूपए से अधिक राशि का भुगतान

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

**शेष लंबित राशि 70 करोड़ रूपए के भुगतान की कार्यवाही प्रक्रियाधीन**

लोक शिक्षण संचालनालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) अंतर्गत वर्ष 2022-23 में निजी विद्यालयों को जनवरी 2024 से अप्रैल 2024 तक वर्ष 2022-23 हेतु नर्सरी से 8वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शुल्क प्रतिपूर्ति राशि 185.91 करोड़ रूपए और कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शुल्क प्रतिपूर्ति 20.71 करोड़ रूपए के विरूद्ध कुल 134 करोड़ 30 लाख 27 हजार 339 रूपए की राशि निजी विद्यालयों के खाते में अंतरित की जा चुकी है। अतः वर्ष 2022-23 में शेष लंबित राशि लगभग 70 करोड़ रूपए के भुगतान की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। वर्ष 2023-24 की प्रतिपूर्ति के लिए सत्रांत अगस्त माह का समय निर्धारित है। विद्यालयों द्वारा समय-सीमा में दावा आपत्ति किए जाने के पश्चात शुल्क प्रतिपूर्ति राशि के भुगतान हेतु कार्यवाही की जाएगी। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा स्पष्ट किया गया है कि आरटीई के तहत निजी विद्यालयों को शुल्क प्रतिपूर्ति के लगभग 285 करोड़ रूपए की राशि लंबित होने संबंधी समाचार असत्य है। इस संबंध में वस्तु स्थिति उपरोक्तानुसार स्पष्ट की गई है।

## बेमेतरा बारूद फैक्ट्री हादसा बेहद दु:खद, मृतको को मेरी विनम्र श्रद्धांजलि : डॉ महंत



रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने बेमेतरा जिला के ग्राम पिरदा बारूद फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट से 10 से 12 श्रमिकों के दुर्घटना मे मृत्यु की सूचना को बेहद दु:खद बताया है। नेताप्रतिपक्ष डॉ महंत ने जिला बेमेतरा ग्राम पिरदा बारूद फैक्ट्री घटना की जल्द उच्चस्तरीय जाँच एवं पीड़ितों को उचित मुआवज़ा देने की मांग की है। नेताप्रतिपक्ष डॉ महंत ने कहा, इस आसमायिक दुर्घटना मे ईश्वर मृतको की आत्मा को शांति एवं दुर्घटना मे घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है, शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं मृतक परिवारों के साथ हैं।

# राजपूत क्षत्रिय महासभा उप समिति कांकेर के सामान्य सभा की बैठक नेशनल पब्लिक स्कूल लखनपुरी में हुई संपन्न

पायनियर संवाददाता ✓ कांकेर
www.dailypioneer.com





राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादाह पं. क्र. 1282 उप समिति कांकेर के सामान्य सभा की बैठक 23 मई को नेशनल पब्लिक स्कूल लखनपूरी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ठाकुर रूपेश्वर सिंह अध्यक्ष उप समिति कांकेर ने किया। आयोजित बैठक में महासभा के 80 वां अधिवेशन बेमेतरा की रिपोर्ट दिनांक 10 एवं 11 फरवरी 2024 का उप समिति कांकेर से सम्बन्धित बिंदुओ से सदन को अवगत कराया गया। उप समिति कांकेर के सचिव ठाकुर राजेंद्र सिंह द्वारा ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष तृतीया 9 जून 2024 को महाराणा प्रताप जयंती मनाने बाबत सदन में चर्चा का प्रस्ताव रखा गया। 9 जून 2024 को महाराणा प्रताप जयंती जिला मुख्यालय कांकेर में पूर्व वर्ष की भांति सयुक्त रूप से हर्षोल्लाह से मनाये जाने का प्रस्ताव सदन में सर्वसम्मति से पारित किया गया।

इस हेतु प्रति परिवार सहयोग राशि के साथ आयोजन दिवस को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का निर्णय लिया गया। बैठक में महाराणा प्रताप मंगल भवन बरदेभाठा कांकेर में और बेहतर सुविधा विस्तार हेतु रूपरेखा तय की गई।

बैठक में राजपूत समाज के सामाजिक सदस्यों की सक्रियता विस्तार को लेकर सदन में सुझाव आमंत्रित किए गए सुझावों को अमल में लाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक के अंत में उप समिति कांकेर में लगातार 6 कार्यकाल तक अध्यक्ष रहे पूर्व अध्यक्ष दिवंगत ठाकुर हेमंत सिंह को श्रद्धांजलि समर्पित किया गया। साथ ही महाराणा प्रताप मंगल भवन बरदेभाठा कांकेर में भूमि दानदाता स्वर्गीय चंपाबाई राजपूत बरदेभाठा कांकेर तथा पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय ठाकुर हेमंत सिंह कांकेर के छायाचित्र को सदन में लगाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर में कोषाध्यक्ष ठाकुर गिरीश सिंह, महिला मोर्चा के अध्यक्ष रजनी राजपूत, महिला सचिव रामेश्वरी गौतम, युवा अध्यक्ष ठाकुर धीरज सिंह, नेशनल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ठाकुर लिलेश सिंह, ठाकुर भक्त प्रहलाद सिंह, ठाकुर पीतांबर सिंह, ठाकुर आनंद सिंह, ठाकुर कैलाश सिंह, ठाकुर पूरन सिंह, ठाकुर मयंक सिंह ठाकुर ठाकुर खेमराज सिंह, ठाकुर आदित्य सिंह, ठाकुर ऊद्धेश्वर सिंह, ठाकुर रूपेश सिंह, ठाकुर रौनक सिंह, ठाकुर वेदांत सिंह, ठाकुर चंद्र प्रताप सिंह, विश्वास सिंह ठाकुर तथा मीडिया प्रभारी डॉ. मिलाप सिंह ठाकुर आदि राजपूत समाज के स्वजातीयजन उपस्थित रहे।

## बोरगांव औषधालय की तर्ज पर अन्य औषधालयों को विकसित करने की योजना

# जिला आयुर्वेद अधिकारी ने आयुष संस्थाओं का किया आकस्मिक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



नव पदस्थ जिला आयुर्वेद अधिकारी जगदलपुर जिला बस्तर डॉ मोहिनीश साहू शुक्रवार को कोंडागांव जिले के दौरे पर रहीं जहां कोंडागांव कलेक्टर महोदय से सौजन्य भेंट के दौरान विभागीय चर्चा की गई । जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ साहू एवं जिला आयुष नोडल अधिकारी डॉ चंद्रभान वर्मा द्वारा कोंडागांव जिले की कुछ संस्थाओं का निरीक्षण भी किया गया । जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर शासकीय आयुर्वेद औषधालय बोरगांव के साथ ही आयुष केंद्र बहीगांव, फरसगांव, अड़ेंगा सहित औषधालय अड़ेंगा निरीक्षण में शामिल रहे । इस दौरान जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ मोहिनीश साहू ने बताया कि शासकीय आयुर्वेद औषधालय बोरगांव का रखरखाव और औषधालय व्यवस्था, हर्बल गार्डन, योग शाला, मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट सारा कुछ अपनी श्रेणी में उत्कृष्ट है और अन्य संस्थाओं के लिए अनुकरणीय भी है। जिले के अन्य औषधालयों को भी बोरगांव औषधालय की तर्ज पर विकसित करने की योजना है, अन्य औषधालय के चिकित्सक कर्मचारियों को निकट भविष्य में बोरगांव औषधालय भ्रमण कराने की बात भी कही गई। आयुष केंद्र बहीगांव, अड़ेंगा औषधालय में संस्थाओं के निरीक्षण के दौरान आयुष संस्था व्यवस्था एवं विभागीय गतिविधियों की जानकारी से संतोष जाहिर करते हुए और बेहतरी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन दिया गया । आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश विश्वकर्मा बोरगांव, डॉ. मंडावी बहीगांव, डॉ. आलोक जाधव, डॉ वर्षा रात्रे अड़ेंगा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों सहित अपनी अपनी संस्थाओ में मौजूद रहे।

# आंधी ने मचाई तबाही, कई गरीब किसान परिवार हुए प्रभावित

पायनियर संवाददाता ✓ पखांजूर
www.dailypioneer.com

आचानक आई आंधी से परलकोट क्षेत्र के ग्राम पी.व्ही.21, पी.व्ही.22, पी.व्ही.23, पी.व्ही.37, पी.व्ही.77, पेनकोडो, पी.व्ही.17, हांकेर, पी.व्ही.133, पी.व्ही.47, पी.व्ही.48, गोंडाहूर क्षेत्र में तवाही मचाई है जिससे कई ग़रीब किसान परिवार प्रभावित हुई है किसी के घर का छप्पर उड़ा ले गया है तो किसी के घर पर पेड़ गिरने से घर पूरी तरह से नष्ट हो गया है घर पर रखा आनाज, मक्का फसल सहित कीमती बस्तू आंधी के बाद पानी गिरने से भीग कर नष्ट हो गया। ग्राम पी.व्ही.21 निवासी जयदेव दास तीन बच्ची एवं पत्नी के साथ घर में सो रहे थे तभी तेज हवा से उसके घर पर आम की पेड़ गिरने से घर पूरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गया गया है घर टूट कर पूरी तरह से नष्ट हो चुका घर कि अंदर रखा सामान, आनाज, मक्का फसल पानी से भीग कर नष्ट हो चुका है हालांकि हादसे में परिवार बाल बाल बचे घर के मुखिया के पैर में चोटे आई बाकी सदस्य सुरक्षित है। हादसे के बाद से परिवार दाने दाने की मोहताज है शासन से मदत की गुहार लगा रहे है ऐसे स्थिति में भाजपा युवा मोर्चा के युवाये सामने आकर पीड़ित परिवार को सहयोग कर रहे है। भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शंकर सरकार पीड़ितों के घर घर पहुंच कर उनको सहयोग कर रहा है पीड़ितों के लिये सरकारी योजनाओं से मिलने वाली लाभ तत्काल पहुँचने सरकारी अमला को मौके पर ले जा कर मूलांकन करा कर पीड़ितों को सहायता पहुँचा रहा है। पी.व्ही.77 में तेज़ हवा से गाँव के सड़क किनारे के कई बढ़े बढ़े आम पेड़ धरसाई हो जाने से गाँव में बिजली सप्लाई की 10 खम्बे टूट जाने से गाँव अंधेरा में डूबा हुआ है लोगो का घर दुकान क्षति ग्रस्त हुआ है। ग्राम पी.व्ही.23 के शासकीय बिद्यालय की छत उड़ा ले गया है जिससे स्कूल भवन क्षति ग्रस्त हो चुका है, ग्राम पी.व्ही.17, 133, 47, 48, गोंडाहूर, हांकेर में भी आँधी तबाही मचाई है कई घरों पर पेड़ टूट कर गिरने से नुकशान हुआ है। अचानक बेमौसम आई तेज हवायें एवं पानी से क्षेत्र में तबाही मचाते हुए जन जीवन प्रभावित किया है इस विषम परिस्थिति में भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष शंकर सरकार, महामंत्री मिथुन गाईन, सुकान्त बिस्वास, लाल्टू कुण्डू, नीतीश मण्डल, अमित बोस, सुजीत मंडल, विमल ढाली, सबेंदु मण्डल, बापी दास, अजय हालदार, सुब्रत सरकार, विक्रम बाला, गोबिंद देवनाथ मौके की दौड़ा कर जन सहयोग पहुँचा रहे है पीड़ितो से मिल कर उनका हौसला बुलंद कर रहे है शासन प्रशासन से मदद पहुँचाने हेतु उचित पहल कर पीड़ितों को मदत कर रहे है एवं सभी से सयम रखते हुए भाजपा सरकार पर भरोसा करने की अपील किया है पीड़ितों को उचित मुआवजा उन तक पहुंचाने की वादा युवा मोर्चा अध्यक्ष शंकर सरकार ने किया है।

# 20 दिन बाद भी पोस्ट मार्डम रिर्पोट नही आने से नाराज यादव समाज ने दी चक्काजाम की चेतावनी

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



20 दिन पहले देवभोग ब्लॉक के ऋषिझरन में यूवक युवती के मौत का पोस्ट मार्डम रिपोर्ट नही आने से नाराज यादव समाज के लोगो ने आज भारी संख्या में थाना पहुंचकर अपनी नाराज़गी दर्ज कराया और तय समय पर पोस्ट मार्डम रिर्पोट नही आने की स्तिथि में आंदोलन एवं चक्काजाम करने की चेतावनी दिया क्योंकि मामला मे कार्यवाही की लेट लतीफ देख लगातार सामाजिक लोगो के बीच आक्रोश देखने को मिल रहा है। 14 अप्रैल से गायब कुमड़ाईकला के सुशील यादव और 18 वर्ष की मगधा निधि लापता रहें जिनकी लाश 5 मई को ब्लॉक के अंतिम छोर ऋषिझरन के एक पेड़ पर लटका मिला जिसके बाद से परिजन सहित ग्रामीण हत्या की अंशका जताते लगातार कार्यवाही में तेजी लाने की गुहार लगा रहे हैं और इसके मद्देनजर आज समाज पदाधिकारी योगेंद्र यादव पवन यादव धन्मती यादव कुंजल राम यादव गुलाब यादव मृतक सुशील के पिता राज यादव सखाराम यादव सहित अन्य लोग थाना पहूंच कार्यवाही में तेजी लाने की मांग किया इस मौके पर मौजुद समाजिक पदाधिकारियों ने मीडिया से चर्चा करते बताया कि 10 से 15 दिन के भीतर पोस्ट मार्डम रिपोर्ट आने की बात कही जा रही है इसलिए तय समय सीमा का इंतजार किया जा रहा है और तय समय पर पोस्ट मार्डम रिपोर्ट नही आई एवम् कोई ठोस कार्यवाही नही हुआ तो आने वाले दिनों समाज की नाराजगी आंदौलन में तब्दील होगा बक्यदा इसके लिए गांव से लेकर प्रदेश सतरीय रणनीति बनाने की बात कही जा रही है ताकि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द न्याय दिलाया जा सके क्योंकि यह मौत के बाद गांव के चौक चौराहा पर लगातार हत्या होने की चर्चा हो रही है बकयदा गांव की महिला यूवा बच्चें सहित तमाम लोगो ने मृतक सुशील यादव को श्रद्धांजलि देते जस्टिस फॉर सुशील यादव का तख्ता लेकर मुखर रहे ऐसे में मौत का सच आना अतिआवश्यक है ताकि दोषियों पर कार्यवाही किया जा सके हालांकि पुलिस भी शुरुवात दिनों से मुस्तेदी के साथ जंगल के छोटी से लाते तमाम कार्यवाही को अंजाम दिया है बाबजूद इसके पोस्ट मार्डम रिर्पोट में लेट लतीफ समझ से परे है इसलिए प्रशासन के माध्यम से रिपोर्ट जल्द से जल्द मगवाने का आग्रह किया जा रहा है ।

# कलेक्टर ने मतगणना की तैयारी का लिया जायजा



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के. एल.चौहान ने नवीन मण्डी परिसर स्थित ईवीएम स्ट्रांग रूम तथा लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत 4 जून को होने वाले मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने विधानसभावार मतगणना कक्ष, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व एजेंट की बैठक व्यवस्था, प्रवेश पास, सीसीटीवी कैमरा मॉनिटरिंग, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मतगणना टेबल और जाली घेरा के बीच करीब एक फीट की दूरी बनाए रखने के निर्देश दिए। तीनो विधानसभा के मतगणना कक्ष में कूलर व एक्झास्ट लगाने कहा। मतगणना कक्ष में एआरओ एवं एएआरओ की अलग - अलग बैठक व्यवस्था, कम्प्यूटर सिस्टम एवं फोटो कॉपी मशीन के लिए भी उपयुक्त स्थान चयन करने कहा। उन्होंने पासधारी अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ताओं एवं मतगणना अभिकर्ताओं के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना हाल में मोबाईल फोन, आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेगा। लेकिन मीडियाकर्मी मीडिया सेंटर तक मोबाईल एवं कैमरा ले जा सकते हैं। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश सिंह ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर. आर.दुबे सहित सभी एआरओ एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटनाओं को लेकर पुलिस प्रशासन ने ली ई-रिक्शा चालको की बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी में हो रही सड़क दुर्घटाओ को मद्देनजर रखते हुए पुलिस प्रशासन ने ई रिक्शा चालकों का बैठक लिया गया । बैठक का उद्देश्य केवल यातायात व्यवस्था को ठीक बनाए रखना है दरअसल शहर में भारी वाहनों का आवा जावा जारी रहता है साथ ही ई रिक्शा भी काफी संख्या में बड़ चुका है जिन्हे देखते हुए सभी ई रिक्शा वा आटो चालकों का जिला एसपी ने बैठक लिया जहा पुलिस प्रशासन ने समझाया की अत्यधिक गति से वाहन चलाने सहित जरूरत से ज्यादा सवारी बैठाने को मना किया इसके अलावा सवारी बैठाने वा उतारने पर कहा कि सवारी वही उतारे जहा खाली स्थान हो और शराब सेवन कर वाहन नही चलाने सहित सम्पूर्ण कागजात ऑटो के परमिट फिटनेश, बीमा, लाइसेंस साथ रखने को कहा गया। वही वाहनों पर आगे पीछे रेडियम टेप लगाने का हिदायत दिया इसके साथ ही यदि कोई सड़क दुर्घना में घायल हो जाता है तो उसे सीधा अस्पताल पहुंचकर पुलिस को सूचना दे बीच एसपी ने चालको को ये भी कहा की का यातायात नियमों का पांपलेट को भी लोगो को वितरण कर यातायात नियमों को बताए इसके अलावा आटो वा ई रिक्शा की सूची यातायात में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

# विद्यार्थियों को जिस भी क्षेत्र में रुचि है उसकी तैयारी अभी से ही प्रारंभ कर देवें

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिला साहू संघ धमतरी के निर्देशानुसार परिक्षेत्र साहू संघ झिरिया के मार्गदर्शन में शासकीय हाईस्कूल देवपुर में आयोजित निःशुल्क कोचिंग क्लास एवं शैक्षणिक मार्गदर्शन के 21वें दिवस पर मोटिवेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने अपने अपने विषयों पर छात्र-छात्राओं से चर्चा किए। इस अवसर पर प्रथम वक्ता के रूप में यशपाल राणा ने स्वामी विवेकानंद जी के शिकागो यात्रा एवं कल्पना चावला के जीवन के बारे में तथा खेल के माध्यम से पढ़ाई कैसे करें उसके बारे में बताया। द्वितीय वक्ता के रूप में लेखराम डहरे जवाहर नवोदय विद्यालय मिजोरम ने विद्यार्थी जीवन में खेलों के महत्व के बारे में बताया। तृतीय वक्ता के रूप में रूपेन्द्र साहू पूर्व नेवी ऑफिसर जो की वर्तमान में छत्तीसगढ़ डिफेंस एकेडमी रायपुर के संस्थापक है उन्होंने जल सेना, थल सेना, वायु सेना, एयरफोर्स, आर्मी एवं विभिन्न क्षेत्र के बारे में बच्चों को बताया। उन्होंने आगे यह भी कहा कि विद्यार्थियों को जिस भी क्षेत्र में रुचि है उसकी तैयारी अभी से ही प्रारंभ कर देवे ताकि बाद में कोई कठिनाई न हो। तत्पश्चात दीपक झा डायरेक्टर छत्तीसगढ़ डिफेंस एकेडमी रायपुर जो की इस कार्यक्रम के चौथे व आखिरी वक्ता थे उनके द्वारा भी अनेक प्रतियोगी परीक्षाओं एवं अपने संस्था के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत देवपुर के सरपंच चेतन यदु ,परिक्षेत्र अध्यक्ष डेरहू राम साहू, उपाध्यक्ष रोशन लाल साहू, सुलोचना गिरधारी साहू, कोषाध्यक्ष कांशी राम साहू, सचिव परससमनी साहू, सहसचिव मिनेश कुमार साहू, खोवाराम साहू पटवारी, डॉ रामेश्वर साहू, प्राचार्य केपी साहू, रूपचंद साहू, टिकाराम साहू एवं शिक्षक रामकुमार प्रजापति, खुशबू साहू, एम एल साहू, डी के साहू एवं लगभग 150 विद्यार्थी उपस्थित थे।

# कर रहे नालियों में अपशिष्ट प्रबंधन, ऐसा है शहर भाटापारा



पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

है सुविधा डोर-टू-डोर वेस्ट कलेक्शन की। फिर भी हम कर रहे हैं नालियों में ही अपशिष्ट प्रबंधन। ऐसे में जाम नालियां, मानसून के दौर में प्रतिकूल रूप लेकर नजर आने वाली हैं। सतर्क रहना होगा, मंडी रोड, सदर बाजार और हटरी बाजार के रहवासियों को क्योंकि इन्हीं क्षेत्रों को सर्वाधिक संवेदनशील माना जा रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने मानसून प्रवेश की तारीखों का ऐलान कर दिया है। किसानों की तैयारी अंतिम चरण में है, तो विद्युत मंडल भी सक्रिय है लेकिन शहर और शहर प्रशासन अब भी सजग नहीं हो पाया है। खास तौर पर जाम नालियों के प्रबंधन में जैसी लापरवाही दिखाई जा रही है, वह आधे शहर की परेशानी बढ़ाने वाली मानी जा रही है।

### हम अव्वल नंबर पर

आबादी और व्यापारिक क्षेत्र। अपशिष्ट प्रबंधन का अलग-अलग तरीका अपनाते हैं। आबादी क्षेत्र, कचरा प्रबंधन के लिए नालियों को श्रेष्ठ स्थान मानता है। व्यापारिक क्षेत्र के लिए विशेष जगह तय है लेकिन बीच सड़क पर ही कचरा प्रबंधन करता है। दोनों ही स्थितियां अपशिष्ट को नालियों तक पहुंचाती हैं। ऐसे में जाम नालियां मानसून के दौर में किस रूप में नजर आएंगी? कल्पना ही की जा सकती है।

### सुस्त शहर प्रशासन

डोर-टू-डोर वेस्ट कलेक्शन और डस्टबिन की सुविधा दी हुई है शहर प्रशासन ने। हर सुबह तय जगह से बड़ी मात्रा में अपशिष्ट का उठाव भी किया जा रहा है लेकिन प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने के लिए जैसी जागरूकता अभियान की उम्मीद थी, वह सिरे से गायब है। ऐसे में प्लास्टिक वेस्ट की मात्रा लगातार बढ़त ले रही है। अधिकार है, जांच और सख्ती का लेकिन इससे भी दूरी बढ़ती देखी जा रही है।

### सुरक्षित ठिकाने, सबसे असुरक्षित

कईहा तालाब, हथनीपारा तालाब, और रामसागरपारा तलाब। अपशिष्ट जल के सबसे सुरक्षित ठिकाने हैं लेकिन जाम नालियां और उलट प्रवाह का मार्ग बंद होने से यह तीनों शहर के एक बड़े हिस्से को संकट में डाल सकते हैं। समय है अपशिष्ट प्रबंधन के सुरक्षित तरीके पर अमल करने का। शहर प्रशासन को भी ध्यान देना होगा मानसून के पूर्व तैयारी की ओर ताकि स्थितियां अनुकूल रहें।

# छग अभिकर्ता उपभोक्ता सेवा संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट की



पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ अभिकर्ता उपभोक्ता सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष गगन कुंभकार महासचिव नंद कुमार निषाद,सचिव ईश्वर पटेल के साथ अन्य पदाधिकारीगण ने मुख्यमंत्री निवास जाकर विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छगशासन से सौजन्य भेंट मुलाकात कर राज्य के बिस लाख निवेशक परिवार जिनकी पैसा विभन्न सौ से अधिक कंपनियों में फसे हुए है, जिस पैसे की वापसी की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा गया, राज्य की बीजेपी सरकार ने किसानों को एवम महतारी वंदन गारेंटी के तहत महिलाओं को पैसा देने की कार्य की है उसी तर्ज में कंपनियों में फसे निवेशकों को भी पैसा वापसी की गारेंटी के तहत पैसा वापसी करने की मांग छग अभिकर्ता उपभोक्ता सेवा संघ ने की है, प्रदेश भर में एक लाख पांच हजार अभिकर्ता वा बीस लाख निवेशक परिवार जो इस संगठन से जुड़ कर 2015 से निवेशकों की पैसा वापसी की मांग पूर्वर्ती बीजेपी रमन सिंग की सरकार फिर कांग्रेस के भूपेश बघेल की सरकार अब पुनः छग राज्य के बीजेपी सरकार विष्णुदेव साय की सरकार से मांग की है, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ज्ञापन को पढ़ने के बाद निवेशक अभिकर्ता को राहत मिलने की आश्वासन दिए है, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गगन कुंभकार, महासचिव नंद कुमार निषाद ने संगठन को और मजबूत करने के लिए महादेव घाट रायपुर में मीटिंग बैठक कर के संगठन के सभी पदाधिकारियों को कहा जिला संगठन / प्रदेश संगठन का कार्यकाल पांच साल पूर्ण हो चुके है सभी जिला में संगठन को मजबूत करने के लिए पुराने एवम नए पदाधिकारी सभी को साथ लेकर नियमावली के तहत पुनः जिला संगठन का चुनाव किया जावे, सभी जिला चुनाव के बाद प्रदेश संगठन पदाधिकारी का भी चुनाव संपन्न किया जाएगा, ताकि आनेवाले समय में सरकार के पास संगठन मजबूती के साथ अपनी मांगे रख सके, रायपुर मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने प्रदेश जिला के पदाधिकारी एवं निवेशक अभिकर्ता उपस्थित थे।

# हज्जे बैतुल्लाह जाने वाले जायरीनों का हुआ टीकाकरण, हज ट्रेनिंग






पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के तत्वाधान मे हॉटेल बेबीलोन इन रायपुर में हज 2024 में राज्य से द्वितीय चरण में मुंबई, नागपुर एवं चेन्नई एम्बार्केशन पॉइंट से जाने वाले आज़मीने हज का टीकाकरण हज ट्रेनिंग कराया गया। जिसमे हज यात्रियों को स्वास्थय सम्बंधित सावधानियों से भी अवगत कराया गया। शिविर में रायपुर एवं बिलासपुर संभाग से जाने वाले 306 हज यात्रियों का हज ट्रेनिंग टीकाकरण हज संपन्न हुआ। शिविर में हज्जे बैतुल्लाह जाने वाले जायरीनों को हज यात्रा का प्रशिक्षण भी दिया गया। हज्जे बैतुल्लाह जाने वाले जायरीनों को संबोधित करते हुए राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद असलम खान, ने सभी हज यात्रियों को हज यात्रा की मुबारकबाद दी। हज यात्रियों को संबोधित करते हुए राज्य हज कमेटी के कार्यपालन अधिकारी सचिव डॉक्टर साजिद अहमद फारूकी द्वारा हज यात्रा के इंतजामात का विस्तृत विवरण देते हुए सभी हज यात्रियों को मुबारकबाद दी। शिविर में मास्टर ट्रेनर्स एवं सदस्य हज कमेटी कारी अशफाक़ अहमद अंजुम, हाजी अब्दुल रज्जाक, मास्टर ट्रेनर्स कारी मौलाना मोहम्मद सुल्तान अहमद .हाजी तौसीफ, हाजी सलीम,ने हज यात्रियों को अरकाने हज के संबंध में प्रशिक्षण दिया। हज यात्रियों के टीकाकरण का कार्य डॉ. एन. आर. बेक, उप संचालक हज यात्रा, डॉ. व्ही. आर. भगत, राज्य टीकाकरण अधिकारी, डॉ. एस. के. भंडारी, सिविल सर्जन, डॉ. संजीव कुमार मेश्राम, जिला टीकाकरण अधिकारी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा दलों द्वारा किया गया। शिविर में शिव सिंह ठाकुर, शमीम अख्तर, सदस्य हज कमेटी, मोहम्मद इमरान खान, सदस्य हज कमेटी, मोहम्मद हुसैन मालकनी. मोहम्मद रज़िक, अब्दुल इमरान (जावेद नाना), हाजी सादिक अली, अब्दुल कय्यूम (असलम), मोहम्मद युसूफ़ मोहम्मद अनवर, मोहम्मद जमील, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद जीशान, अब्दुल रहीम, कुद्दुसभाई, अरशद खान, हाजी शोबि, समीउल्ला, अरशद, मोहम्मद वकार उपस्थित रहे।

# झीरम हमले में शहीद नेताओं को विधायक संदीप साहू ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com



झीरम हमले में शहीद हुए वीर सपूतों को झीरम श्रद्धांजलि दिवस पर कांग्रेस भवन में कसडोल विधायक संदीप साहू ने कोटि-कोटि नमन कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारे शहीदों के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए हम सब कांग्रेस कार्यकर्ता सदैव संकल्परत हैं। ज्ञात हो कि बस्तर झीरम घाटी में 11 वर्ष पहले 25 मई 2013 को देश में अब तक हुए सबसे बड़े नक्सली हमलों में देखा था उस दिन झीरम घाटी में नक्सलियों ने खूनी तांडव मचाया था और तत्कालीन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल, महेंद्र कर्मा सहित 32 से अधिक कांग्रेस नेताओं को मौत के घाट उतार दिया था। देश के लिए झीरम घाटी कांड एक कभी न भरने वाले घाव की तरह है। इस दौरान साहू समाज युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, सतीश विक्की साहू, दिलीप साहू,कांग्रेस नेत्री प्रेमलता बंजारे, आदि कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धांजलि दी।

# नगर पंचायत लवन के जोरवा तालाब और जाड़ा तालाब की मिट्टी जेसीबी से हो रहा है खनन जांच की मांग



पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत लवन में इन दिनों नगर के तालाबों से मिट्टी खनन कर हाइवा से लोडिंग कर परिवहन का मामला सामने आया है। जिसके लिए जेसीबी मशीन से खनन करने वाले ठेकेदार नगर पंचायत लवन से स्वीकृति लिया है या नहीं किसी के पास जानकारी नहीं है। आखिर मिट्टी को खनन कर कौन से कार्य में उपयोग किये जा रहे हैं इसके भी नगर पंचायत लवन के सीएमओ को जानकारी नहीं है नहीं कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार है कि आखिर नगर पंचायत के अधिकारियों के जानकरी में है या नहीं या जानबूझकर अनजान बने हुए हैं या कोई और बात है जिसके चलते कोई मुँह खोलने को तैयार नहीं है आखिर नगर पंचायत लवन के तालाबों से हो रही मिट्टी खनन एवं परिवहन का विभागीय स्वीकृति है या नहीं सम्पूर्ण तथ्य जांच एवं उजागर का विषय बना हुआ है। तकरीबन रोजाना सैकड़ों हाइवा मिट्टी तालाबों से जेसीबी मशीन के खनन से निकलकर रहा है, मिट्टी कंहा जा रहा है क्या मिट्टी तालाबों के किनारे बिछाया जा रहा है या फिर बाहर बेचा जा रहा है क्या। प्रत्येक हाइवा मिट्टी की कीमत हजारों में है? क्या अभी तक अंदाजा लगाया जा सकता है कि लाखों की मिट्टी निकालकर बाहर बेचे गए होंगे? तालाबों से मिट्टी खनन एवं परिवहन के अपने कुछ नियम है, क्या इन दिनों लवन के तालाबो से जेसीबी मशीन से मिट्टी खनन करने एवं परिवहन नियमों के अंदर है या बाहर है?सम्पूर्ण तथ्यों पर जांच के बाद ही वास्तविक सच्चाई उजागर होगी फिलहाल मिट्टी खनन परिवहन में जांच प्रथम चरण हैं जांच के बाद जो भी दोषी होगा कार्रवाई द्वितीय चरण में होगा। जांच कौन करेगा यह भी अपने आप मे एक सवाल है जिसके जवाब में कोई आगे अभी तक नहीं दिख रहा है । सूत्रों की माने तो यदि नगर पंचायत लवन के निगरानी में यह कारनामा हो रहा है तो नगर पंचायत लवन से निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की उम्मीद बेईमानी होगा वंही खनिज विभाग भी कार्रवाई के लिए सक्षम है। अब देखना होगा कि कार्रवाई के लिए कौन पहले पहुँचता है। इस मामले पर संवेदनशील कलेक्टर के एल चौहान ने मीडिया द्वारा जानकारी देने पर बताया कि आपके माध्यम से जानकारी मिला है जांच एवं कार्रवाई करवाते हैं। नगर पंचायत लवन के सीएमओ प्रधान ने मीडिया कर्मियों को बताया कि मिट्टी खनन के लिए पार्षदों ने पी आई सी पास किये हैं।

# खसरा विहीन नक्शा सुधार के लिए चलेगा अभियान



## कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के. एल.चौहान ने जनपद पंचायत बलौदाबाजार के सभाकक्ष में एसडीएम, तहसीलदार आर आई एवं पटवारियों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने खसरा संकलन में शेष तथा खसरा विहीन नक्शा वाले जमीन का नक्शा सुधार के लिए अगले महीने से अभियान चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आचार संहिता समाप्त होने के बाद राजस्व के कार्यों में तेज गति से कार्यवाही के लिए सभी मानसिक रूप से तैयार रहें। सबसे पहले त्रुटि पूर्ण नक्शा बटांकन का संकलन कर सुधार करने का कार्य करना है। इसमे सोनाखान, पलारी और कसडोल तहसील में ज्यादा नक्शा विहीन खसरे हैं। उन्होंने कहा कि आर आई व पटवारी आपस मे समन्वय बनाकर इस कार्य को समय पर पूरा करने का लक्ष्य बनाएं। जिन हल्का पटवारी के यहां नक्शा विहीन खसरे कम है वे जहां ज्यादा लंबित है उस हल्का पटवारी का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य को सभी विशेष रुचि व लगन से करें।

# मतों की गिनती के लिए मतगणना अधिकारी एवं माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण

## कलेक्टर ने प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने किया प्रोत्सहित

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन के तहत मतगणना कार्य के लिए संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष एवं जनदर्शन कक्ष में 170 मतगणना अधिकारियों तथा 85 माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल. चौहान ने प्रशिक्षण प्रशिक्षण में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समन्वय एवं तालमेल के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने 04 जून को होने वाली मतगणना के लिए प्रशिक्षण में बताए गए नियमों एवं निर्देशों को गंभीरतापूर्वक समझने के लिए भी प्रेरित किया। ज्ञातव्य है कि जिले के तीनो विधानसभा कसडोल-44, बलौदाबाजार-45 एवं भाटापारा - 46 के इव्हीएम मतों की गणना 4 जून को नवीन मंडी परिसर में होगी। मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा के मतगणना कक्ष में 14-14 टेबल लगाए जा रहे हैं। मास्टर ट्रेनर एस के तिवारी के द्वारा मतगणना कार्य की संपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण मतगणना के लिए उपयोगी सुझाव एवं निर्देश दिए गए। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना के पूर्व की तैयारी, मानव संसाधन एवं अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था, इव्हीएम से मतगणना की व्यवस्था, काउंटिग प्रोसीजर व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। मतगणना दिवस के दिन स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष में अपेक्षित नियमों के पालन के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में कण्ट्रोल यूनिट के मतों की गणना की संपूर्ण प्रक्रिया को सरलता से समझाया गया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर. आर.दुबे सहित तीनो विधानसभा के एआरओ एवं अन्य सम्बंधित अधिकारी मौजूद थे।

# अधिकारियों द्वारा जन प्रतिनिधि का अपमान एवं दुर्व्यवहार कतई बर्दास्त नहीं किया जाएगा : विहिप, बजरंग दल धमतरी

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



खूबलाल ध्रुंव के द्वारा खनिज अधिकारी योगेंद्र सिंह से जन प्रतिनिधि होने के नाते अवैध रेत उत्खनन चैन माउटिंग तथा जेसीबी के द्वारा किए जाने की शिकायत हेतु मुलाकात किया गया, जहाँ पर खनिज अधिकारी द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर जन प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव को धमकाया गया तथा उन्हें अपमानित किया गया और पुलिस बुलाकर ऑफिस से बाहर निकाला गया, जो कि एक शर्मनाक स्थिति है। जन प्रतिनिधि जनता के मुद्दे को उठाकर उनका कार्य करवाने हेतु सरकारी अधिकारियों से मुलाकात करते हैं लेकिन कुछ अधिकारी अपनी गलतियों को छुपाने के लिए जन प्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। जिनका वीडियो वॉयरल होने पर विश्व हिंदू परिषद को भी घटना की जानकारी हुई। विहिप बजरंग दल पर्यावरण के खिलाफ किये जा रहे गतिविधियों को रोकने के लिए पूर्व में भी जिलाधीश को लिखित निवेदन कर बताया चुका है, लेकिन आज भी अवैध उत्खनन जारी है जिसका संज्ञान जिला पंचायत खूबलाल ध्रुव द्वारा लिया गया। चूंकि उत्खनन क्षेत्र ध्रुव का जिला पंचायत क्षेत्र में आता है। लेकिन खनिज अधिकारी द्वारा उनके साथ किया गया व्यवहार निंदनीय है यह व्यवहार बिल्कुल भी बर्दाश्त नही किया जा सकता। इस घटना की जानकारी मिलने पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों द्वारा देर रात तक आपात बैठक किया गया जिसमें यह निर्णय लिया गया कि इस घटना के लिए संबंधित अधिकारी पर प्रशानिक कारवाही की मांग विहिप बजरंग दल जिलाधीश महोदया से करेगा। तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ तथा किसी भी जन प्रतिनिधि के साथ इस तरह का दुर्व्यवहार भविष्य में दोबारा ना हो इसके लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धमतरी के प्रतिनिधि मंडल माननीय मुख्यमंत्री जी विशेष मुलाकात करेगा और पद का दुरुपयोग करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग करेगा। 'जिलामंत्री विश्व हिंदू परिषद रामचंद देवांगन ने कहा कि जन प्रतिनिधि किसी पार्टी का नही होता, जनता का प्रतिनिधि होता है, जो जनता के मुद्दे को लेकर जनता के लिए , अधिकारियों से निवेदन प्रतिवेदन करता है और जन प्रतिनिधि का ये अपमान जनता का अपमान है जिसे बिल्कुल बर्दाश्त नही किया जाएगा। जिला अध्यक्ष सन्दीप अग्रवाल ने कहा जिले भर में चलने वाले अवैध रेत खदानों को तत्काल बन्द करवाया जाए। विहिप बजरंग दल के जिलाकार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने कहा भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य है यहाँ जनता के लिए जनता के द्वारा एजनप्रतिनिधियों का चुनाव होता है। प्रशासन सरकार के कार्यों को संचालित और निष्पादित करने की संवैधानिक व्यवस्था है जो राज्य एवं संघ लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित और प्रशिक्षित होती है,लोकतंत्र के इस महापर्व के दौरान किसी सम्मानित जनप्रतिनिधि का अपमान जनता का अपमान है क्योंकि वह जनता के कार्यों हेतु ही प्रशासन को आदेश, निर्देश या निवेदन करता है, इस प्रकार की घटना लोकतंत्र की हत्या से कम नहीं है एइस घटना पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल सख्त कार्यवाही की मांग करता है एकारवाही नही होने पर जिले भर के बजरंगी अपना रौद्र रूप दिखाने को मजबूर होंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# खेतों में लगे पंप के केबल चोरी के मामले में अर्जुनी पुलिस ने की तत्काल कार्यवाही

**आरोपियों को अर्जुनी पुलिस ने किया 24 घंटे में गिरफ्तार, जिसमें दो विधि से संघर्षरत बालक भी रहे शामिल**

■ चोरी गए केबल बरामद कर आरोपियों के विरुद्ध थाना अर्जुनी में धारा 379, 34 भादवि के तहत किया गया अपराध पंजीबद्ध

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



सुखीत राम सतनामी पिता स्व खेदूराम सतनामी उम्र 50 वर्ष ग्राम परेवाडीह द्वारा थाना अर्जुनी में आकर रिपोर्ट दर्ज करवाया की उनके खेत में लगे बोर के केबल वायर लगभग 25 से 30 फीट एवं दूसरे बोर में लगे 10 फीट केबल वायर कुल जुमला कीमती 1700 रुपए को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने की प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना अर्जुनी में अपराध क्र 174/24 धारा 379 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थी का कथन लिया गया एवं आस पास के लोगों से पूछताछ कर, मुखबिर सूचना के आधार पर संदेहियों तक पहुंचने पर संदेही इकेश्वर सतनामी को हिरासत में लेकर कडाई से पुछताछ किया गया एवं जिस पर चोरी करना स्वीकार किये जिसने यह भी बताया की उनके साथ में दो विधि से संघर्षरत बालक भी थे। मेमोरण्डम कथन में बताया की तीनों ने मिलकर चोरी की है। आरोपीगण के मेमो. कथन के आधार पर चोरी किये गये केबल वायर को जब्त किया गया। प्रकरण में एक से अधिक आरोपी होने से धारा 34 भादवि जोड़ी गयी। आरोपी के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने से आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है एवं दोनों विधि से संघर्षरत बालकों को किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया जा रहा है। आरोपी इकेश्वर सतनामी पिता सुखेलाल सतनामी उम्र 19 वर्ष, साकीन ग्राम चरमुडिया थाना कुरूद जिला धमतरी। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना अर्जुनी के उनि कपिस्वर पुष्कार, सउनि राजेंद्र सोरी, उत्तम निषाद, प्रआर खोमेन्द्र भारद्वाज,आर प्रशांत पांडेय, रामजी साहू का विशेष योगदान रहा।

# नगर निगम का बकाया टैक्स जमा करने के लिए 520 लोगों को जारी किया गया नोटिस

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

**5 लोगों को जारी किया गया कुर्की वारंट**



बकाया टैक्स जमा करने के लिए 520 लोगों को नोटिस जारी किया गया था। इसी तरह 5 लोगों को कुर्की वारंट जारी किया गया था, जिसमें से एक के द्वारा नोटिस मिलते ही बकाया टैक्स जमा कर दिया गया। निगम प्रशासन द्वारा राजस्व वसूली की लगातार समीक्षा की जा रही है। इसमें संपत्ति कर, समेकित कर, जल कर एवं यूजर चार्ज के बड़े बकायादारों को संबंधित सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देश के तहत सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों द्वारा नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 173 के तहत 400 से ज्यादा लोगों को बिल नोटिस जारी किया गया। इसी तरह धारा 174 मांग सूचना पत्र 120 से ज्यादा लोगों को जारी किया गया। इसमें पांच लोगों को धारा 175 के तहत कुर्की वारंट जारी किया गया, जिसमें से एक करदाता द्वारा कुर्की वारंट मिलते ही बकाया संपत्तिकर, जलकर एवं यूजर चार्ज राशि जमा कर दिया गया। धारा 173 एवं 174 के तहत 520 से ज्यादा नोटिस जारी हुए, जिसमें से अधिकांश बकायादारों ने संपत्तिकर, समेकित कर, जल कर एवं यूजर चार्ज बकाया राशि जमा कर दिया है। निगम प्रशासन द्वारा सभी सहायक राजस्व निरीक्षकों को डिमांड के अनुसार लगातार धारा 173 बिल नोटिस, 174 मांग नोटिस अंतिम सूचना एवं 175 के तहत कुर्की वारंट जारी करने और बकाया संपत्ति कर, समेकित कर, जल कर एवं यूजर चार्ज राशि वसूल करने के निर्देश दिया गया है।

# मालवाहक वाहनों पर कर रहे थे यात्री परिवहन 89 वाहन चालकों पर पुलिस ने की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले में मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारियों ने मालवाहक वाहन चालकों और वाहन स्वमियों की बैठक लेकर थाना प्रभारियों ने मालवाहक वाहनों पर यात्री परिवहन नहीं करने की समझाइश दी गई जिसके बाद अब पुलिस टीमें सभी थाना क्षेत्र के प्रमुख एवं अंदरूनी मार्गो पर वाहनों की जांच कार्रवाई कर मालवाहक वाहनों पर यात्री परिवहन कर रहे चालकों पर कार्यवाही शुरू की है। पिछले 3 दिनों में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने 89 मालवाहक वाहनों पर कार्यवाही किया गया है जिसमें 85 मालवाहक वाहनों के चालकों से समन शुल्क की राशि 35,200 वसूल किए गए हैं तथा 04 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत इस्तगासा तैयार कर न्यायालय पेश किया गया है। पुलिस की कार्यवाही सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत जारी है। वाहन चालकों को पुलिस दुर्घटना से बचाव के लिए यातायात नियमों का पालन करने और मालवाहक पर यात्री परिवहन ना करने की सख्त हिदायत दिया गया है।

# फर्जी कंपनी ने महिला को दिया बड़ा झटका, शेयर बाजार में लाभ के लालच में गंवाए साढ़े 9 लाख

**पीड़िता की शिकायत के बाद थाने में दर्ज हुआ मामला**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले में आनलाईन सर्च के दौरान अज्ञात व्यक्ति ने महिला को व्हाटअप ग्रुप में जोडकर शेयर मार्केट में निवेश करने पर लाभ अर्जित करने का मोटीवेशनल पोस्ट दिखाते हुए फर्जी कंपनी में पैसा निवेश कराने का मामला सामने आया है। ठगी का शिकार हुई पीडिता की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर थाना में पीड़िता महिला ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि मार्च महीने में आनलाईन सर्च के दौरान अज्ञात व्यक्ति ने उसे एक व्हाटअप ग्रुप में जोडकर शेयर मार्केट में निवेश करने पर लाभ अर्जित करने का मोटीवेशनल पोस्ट दिखाया गया, जिससे प्रभावित उन्होंने 10 अप्रैल से 23 अप्रैल के बीच गोल्डमैन सैच्य एजेंसी के शेयर में 9 लाख 57 हजार रूपये निवेश किया गया। महिला ने बताया कि उक्त शेयर का भाव बढने पर जब उसे सेल करने की कोशिश की गई तब पता चला कि उक्त अज्ञात व्यक्ति द्वारा पैसा ठगी करने की नियत से उसे फर्जी कंपनी में पैसा निवेश कराया गया है। ठगी का एहसास होनें के बाद पीडिता महिला ने कल अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चक्रधर नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफधारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। ट्रेडिंग में रूपये कमाने का ट्रेंड बढ़ा- एक जानकारी के मुताबिक इन दिनों लोगों में ट्रेडिंग कर रुपए कमाने का ट्रेंड बढ़ते जा रहा है। लगातार युवा, महिलाओं के द्वारा अलग-अलग कंपनियों में ट्रेडिंग की जा रही है।

# शहर में बीटी सड़क की डामर लेप उधड़ी गुणवत्ताहीन रोड़ की खुली पोल

**निगम प्रशासन का भ्रष्टाचार उजागर**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

शहर के सड़को का हाल बेहाल वर्षो हैं इसे दुरस्त करने के लिए निगम प्रशासन बीते साल अलग अलग सड़कों के लिए लाखो रुपये खर्च कर शासन का करोड़ो रूपये विकास के नाम पर सड़क मरम्मत तथा निर्माण कराया। आलम यह है कि शहर में नवनिर्माण बीटी सड़क की परत कई क्षेत्रों से उधड़ गई है जो गुणवत्ता की पोल खोलकर कर स्वयं रख दिया है। जिसमे बने बड़े बड़े गढ्ढे सड़क में हुए भ्रष्टाचार की कहानियों को उजागर कर रहा है और उक्त मार्ग से आवागमन करना जानलेवा बन रहा है। गौरतलब हो कि 5 से 6 वर्ष तक जर्जरता की दंश झेल रहे जेल परिसर काम्प्लेक्स की सड़क को नगर निगम द्वारा जेल रोड को वर्ष 2021 के मध्य बनाया था। फिर चुनाव से पूर्व भी इसी तरह निर्माण कराया गया। जबकि निर्माण के दो दिन के बाद से ही गुणवत्ताहीन सड़क कही उखड़ने लगी तो परत छोड़ रही है। इसी तरह शहर के अन्य सड़क में भी निगम प्रशासन द्वारा जिस ठेकेदार को कार्यादेश दिया है वह निर्माण में गुणवत्ता को दरकिनार कर दिया। जिसकी मॉनिटरिंग नही होने से सड़क का हाल पूर्व की भांति बन गया है। शहर की जर्जर सड़क अब फिर जर्जरता की मार झेलने को मजबूर है। जिसके चलते इसका सीधा असर लोगो को आवागमन में पड़ रहा है। वही जनता के राशि का दुरुपयोग होने पर आम जन जनप्रतिनिधियों द्वारा निगम प्रशासन तथा शहर सरकार पर तीखे आरोप भी भ्रष्टाचार कमीशन खोरी को लेकर लगा रहे है।

**शहर के अधिकांश मार्ग में जानलेवा गढ्ढे** -इन गड्ढों से वाहन चालक भी खासे परेशान रहते हैं। जरा सी चूक के कारण छोटी-छोटी दुर्घटनाएं अक्सर हो रहीं हैं। जबकि जेल परिसर मार्ग की सड़कों में साइकिल एवं बाइक चलाने वालों की दिक्कतें इन दिनों नगर निगम की बेरुखी से और बढ़ती जा रही हैं। इन गड्ढों को पाटने या सड़कों की मरम्मत करने में नगर पालिक निगम रुचि नहीं दिखा रही है। जिससे लोगों की दिक्कतें और बढ़ गई हैं।

# श्री हनुमंत नगर गोकुलपुर वार्डवासियो ने निगम आयुक्त से मुलाकात कर मूलभूत समस्याओं को दूर करने की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



श्री हनुमंत नगर गोकुलपुर वार्ड के निवासियों ने नगर निगम धमतरी के आयुक्त विनय पोयाम से मुलाकात कर कॉलोनी की मूलभूत समस्याओं को दूर करने की मांग की, साथ ही कॉलोनी में नगर निगम धमतरी द्वारा स्वीकृत किए गए निर्माण कार्य में हुई अनियमितता की शिकायत भी आयुक्त से की है। हनुमंत नगर विकास समिति के अध्यक्ष अजय पांडेय एवं सचिव दिनेश सोनकर ने बताया कि कॉलोनी में नाली निर्माण कार्य की स्वीकृति रंजना साहू के घर से मयूरी पवार के घर तक की गई थी। किंतु ठेकेदार के द्वारा स्वीकृति अनुसार नाली निर्माण न करके नाली अजय पाण्डेय के घर से मयूरी पवार के घर तक बनाया गया है एवं नाली को सिंचाई विभाग के नहर में जोड़ दिया गया है। साथ ही कॉलोनी में सीसी रोड निर्माण के पश्चात रोड के किनारे ठेकेदार के द्वारा फीलिंग नहीं की गई है। जिससे रात के समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कालोनीवासियों के पेयजल आपूर्ति हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य, कालोनीवासियों के बैठने के लिए गार्डन चेयर की व्यवस्था, मवेशियों के जल के कोटना की व्यवस्था, कॉलोनी में स्ट्रीट लाइट की संख्या बढ़ाई जाने,सड़को एवं नालियों की नियमित साफ-सफाई किए जाने एवं मच्छरों के रोकथाम के लिए उचित उपाय किए जाने की मांग की जिसपर आयुक्त ने शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। मुलाकात करने वाले प्रतिनिधि मंडल में रंजना साहू, रचना मिश्रा, सरोज देवान, नुपूर पांडेय ज्योति सोनकर, पिंकी सोनकर, संगीता गोस्वामी, इंदु साहू, दिनेश सोनकर, विश्वनाथ सोनकर, आकाश गिरी गोस्वामी, महेन्द्र साहू, भारतेसु मिश्रा अजय पांडेय, रविन्द्र गुप्ता,गंगाशरण साहू आदि सम्मिलित थे।

# एसपी ने किया एनएच 49 पर ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण, दुर्घटना के कारणों की समीक्षा कर यातायात पुलिस को दिए आवश्यक निर्देश



पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक रायगढ़ दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा नेशनल हाईवे 49 पर रायगढ़ से खरसिया तक चिह्नित किए गए ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ ट्रैफिक डीएसपी रमेश कुमार चंद्रा भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा पिछले तीन साल में एनएच 49 पर रायगढ़-खरसिया के बीच हुए सड़क हादसों की बारीकी से समीक्षा कर स्वयं ब्लैक स्पॉट की समीक्षा करने मौके पर पहुंचे। उन्होंने एक-एक कर एनएच 49 के सभी ब्लैक स्पॉट पर हादसों के कारणों की समीक्षा किए तद्उपरांत ऐसे स्थान जहां सांकेतक व रंबल स्ट्रिप की आवश्यकता प्रतीत हुई चिन्हिांकित किये गये तथा हादसों की समीक्षा कर नये ब्लैक स्पॉट्स को चिन्हित किया गया है। उन्होंने दुर्घटनाओं में कमी लाने ट्रैफिक डीएसपी रमेश चन्द्रा को पीडब्लूडी, ट्रांसपोर्ट और एनएच अथॉरिटी के साथ साझा रूप से आवश्यक सुधार कार्य के निर्देश दिए गए। साथ ही ट्रैफिक डीएसपी को मार्ग पर ओव्हर लोड, ओव्हर स्पीड व ड्रिंक एवं ड्राइव तथा मालवाहक वाहनों पर सवारी लाने वालों पर नियमित कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। सड़क दुर्घटनों में कमी लाने यातायात पुलिस निरंतर प्रयासरत है। शासकीय व गैर शासकी एजेंसियों के साथ मिलकर यातायात पुलिस समय पर लोगों को जागरूक करने के साथ ही सड़कों पर आवश्यक सुधार कार्य कराया जा रहा है।

**झीरम घाटी के शहीद चन्द्रहास ध्रुव को पुण्यतिथि पर नमन किया**

# मरकाम परिवार के दो बेटों ने राष्ट्र के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए : डॉ लक्ष्मी ध्रुव

पायनियर संवाददाता ◄ नगरी/धमतरी
www.dailypioneer.com





परिवर्तन यात्रा से वापसी के दौरान दौरान झीरम घाटी के पास घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने कांग्रेस के दिग्गज नेताओं, कार्यकर्ताओं और सुरक्षा में तैनात वीर जवानों पर हमला कर दिया था। जिसमें ग्राम आमगांव बेलर के वीर पुलिस जवान शहीद चन्द्रहास ध्रुव नक्सलियों से लोहा लेते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। शहीद चन्द्रहास ध्रुव की 11 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर गृहग्राम आमगांव में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व विधायक सिहावा डॉ लक्ष्मी ध्रुव एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता लखन लाल ध्रुव ने पहुंचकर अपने भतीजे शहीद चन्द्रहास ध्रुव की शहादत को नमन करते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक डॉ लक्ष्मी धुव ने शहीद चन्द्रहास ध्रुव अमर रहे के नारे लगाए और कहा कि आमगांव में शहीद चन्द्रहास ध्रुव को श्रद्धांजलि देने के लिए हम सब यहां उपस्थित हुए है। आप सब लोगों को पता है कि 25 मई के दिन ध्रुव परिवार में पहाड़ सा दुःख आ गया था और इस दुःख को आज 11 साल हो गए। मरकाम खानदान का बड़ा बेटा शहीद हो गया। परिवार ने राष्ट्र के लिए दो जवान बलिदान किए है। और इस दुःख की घड़ी में आप सभी साथ रहें, कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहें जिसके लिए ध्रुव परिवार की ओर से आभार व्यक्त करती हूं। डॉ ध्रुव ने आगे कहा कि 25 मई 2013 को कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा के दौरान झीरम घाटी में नक्सलियों ने हमला कर दिया जिसमें कांग्रेस के बड़े बड़े दिग्गज नेता नंदकुमार पटेल, बस्तर टाइगर महेन्द्र कर्मा, विद्याचरण शुक्ल, उदय मुदलियार, योगेन्द्र शर्मा, दिनेश पटेल, नगरी के युवा नेता अभिषेक गोलछा सहित 32 लोग शहीद हो गए थे। उन शहीदों में पुलिस जवान चन्द्रहास ध्रुव का नाम भी आता है। परिवार के लिए दुःख की बात है कि हमने बेटा खोया वहीं वीर चन्द्रहास ध्रुव ने शहीद होकर परिवार को गौरव प्रदान किया। हम सिर उठाकर चलते है कि मरकाम परिवार के दो बेटे राष्ट्र के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। ये बच्चा बहुत आज्ञाकारी था जिसके जाने से परिवार को क्षति हुई है। उनसे बहुत उम्मीद थी लेकिन अब हम यही मान के दिल को धन्यवाद देते है कि उन्होंने देश के लिए अपना तन समर्पित कर दिया। राष्ट्र के लिए न्यौछावर हुआ है ये गर्व की बात उन्होंने दिलाई है। इतिहास में उनका नाम अमर रहेगा। और उन्होंने आमगांव के लिए इतिहास लिख दिया है। विदित हो कि ग्राम आमगांव के ध्रुव परिवार के दो बेटे शहीद विनोद ध्रुव मदनवाड़ा हमले और शहीद चन्द्रहास ध्रुव झीरम घाटी हमले में नक्सलियों से लोहा लेते मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कैलाश नाथ प्रजापति, कांग्रेस नेता अख्तर खान, ग्राम पंचायत आमगांव के सरपंच आत्माराम सोरी, शहीद के माता . पिता, परिवार जन सहित ग्राम के सियान, युवा साथी, माताएं-बहनें उपस्थित थी।

# 15 लीटर अवैध शराब के साथ युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ आरोपी पर आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर पुलिस ने भेजा रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पूंजीपथरा थाना निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गेरवानी का मुकेश उरांव अवैध बिक्री के लिए महुआ शराब लेने ग्राम उज्जलपुर की ओर निकला है। थाना प्रभारी द्वारा तत्काल थाने के एएसआई चंदन नेताम के साथ पेट्रोलिंग स्टाफको कार्यवाही के लिए रवाना किया गया। पूंजीपथरा पुलिस द्वारा सुबह-सुबह संदेही को फटहापुल उज्जलपुर के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया। संदेही मुकेश उरांव पैदल प्लास्टिक बोरी में मादक पदार्थ लेकर आ रहा था जिसके बोरी को चेक करने पर अंदर 20 लीटर क्षमता वाले जरकिन में करीब 10 लीटर महुआ शराब एवं 5 लीटर क्षमता वाली जरकीन में 5 लीटर महुआ शराब कुल 15 लीटर महुआ शराब कीमती 1,500 का बरामद हुआ जिसकी विधिवत गवाहों के समक्ष जप्ती की गई है।

आरोपी मुकेश उरांव पिता भागीरथी उराव उम्र 31 साल निवासी गेरवानी थाना पूंजीपथरा, जिला रायगढ़ के विरुद्ध थाना पूंजीपथरा में धारा 34(2),59(क) आबकारी के तहत कार्यवाही किया गया है।

## संपादकीय

# निर्वाचन आयोग कठोर चेतावनी

**निर्वाचन आयोग** ने राजनीतिक पार्टियों को कठोर निर्देश दिए हैं कि वे चुनाव प्रचार में ईमानदारी बरतें तथा आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करें। वर्तमान लोकसभा चुनाव अंतिम चरणों की ओर बढ़ रहा है। निर्वाचन आयोग-ईसी ने कांग्रेस और भाजपा को कठोर निर्देश दिए हैं कि वे फर्जी विमर्श न बनाएं तथा सांप्रदायिक बयानबाजी से बचें। मजेदार बात है कि यह निर्देश सात चरणों वाले लोकसभा चुनाव में पांच चरण पूरे होने के बाद आया है। इसके साथ ही इस हस्तक्षेप के समय और प्रभाव पर भी सवाल उठते हैं। क्या निर्वाचन आयोग ने यह निर्देश स्वतंत्र या मुक्त चुनाव कराने के लिए दिया है अथवा इसका उद्देश्य अपनी गिरती हुई छवि सुधारना है? वैसे अतीत में भी विपक्ष निर्वाचन आयोग के कामकाज पर आपत्ति करता रहा है। निर्वाचन आयोग पर विपक्ष का आरोप है कि वह सत्तारूढ़ दल के प्रति उदार तथा विपक्ष के प्रति स्पष्ट रूप से कठोर रहा है। 2019 से तीन विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ 27 शिकायतें दर्ज कराईं, पर निर्वाचन आयोग ने इन पर कोई कार्रवाई नहीं की। लेकिन तथ्यों को देखते हुए यह आरोप सही नहीं है। निर्वाचन आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिार्जुन खड़गे को नोटिस भेज कर 'स्टार प्रचारकों' की बयानबाजी पर लगाम लगाने को कहा है। इस प्रकार परोक्ष रूप से निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से अपने बयानों में संतुलन बरतने को कहा है।

निर्वाचन आयोग के अनुसार उसे लगभग 425 बड़ी शिकायतें मिली हैं जिनमें चुनाव प्रचार संबंधी या स्पष्टीकरण मांगने वाले मामले शामिल नहीं हैं। ये शिकायतें विभिन्न पार्टियों और उम्मीदवारों की ओर से की गई हैं। इनमें से 400 शिकायतों पर कार्रवाई की गई है या समस्या का समाधान किया गया है। अधिकांश मामलों में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवार को दो दिन या उससे अधिक चुनाव प्रचार से प्रतिबंधित किया गया है। अब चुनाव के केवल दो चरण बाकी होने के कारण इस निर्देश का ज्यादा प्रभाव पड़ने की उम्मीद नहीं है क्योंकि चुनावी विमर्श की दिशा लगभग तय हो गई है। इसका एक कारण यह भी है कि मीडिया चैनलों की अधिकता के कारण जनता की राय काफी सीमा तक प्रभावित हुई है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश का उद्देश्य चुनाव प्रचार के अंतिम चरणों में बेलगाम बयानबाजी पर लगाम लगाना है। निर्वाचन आयोग की यह चेतावनी प्रभावी बनाने के लिए अनेक अन्य सहायक तत्वों की भी आवश्यकता है जिनमें प्रशासन और आम जनता की जागरूकता शामिल है। हालांकि, निर्वाचन आयोग अपने निर्देश से तथ्य-आधारित व जिम्मेदारी-पूर्ण चुनाव अभियान के पक्ष में सकारात्मक माहौल बनाना चाहता है, पर इसमें आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवारों के लिए कठोर दंडात्मक प्राविधान भी शामिल होने चाहिए। सेना की 'अग्निवीर' जैसी परियोजनाओं के खिलाफ गैर-जिम्मेदार बयानबाजी करने पर कठोर दंड की व्यवस्था जरूरी है। ऐसी बयानबाजी से सैनिकों तथा देश की जनता का मनोबल गिरता है। निर्वाचन आयोग को वर्तमान लोकसभा चुनाव में प्रचार के गिरते स्तर व आक्रामक बयानबाजी को देखते हुए भविष्य में ज्यादा निष्पक्ष व लोकतांत्रिक चुनाव सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाने चाहिए। उसे तेजी से हस्तक्षेप करने तथा उल्लंघनों पर कठोर दंड देने के रास्ते निकालने चाहिए। इस संबंध में वह अपने इतिहास से प्रेरणा ले सकता है जब टी.एन. शेषन ने इस संस्थान को शक्तिशाली बना दिया था।




# मूलाधिकार के रूप में बाल विकास

ज्यादा समतापूर्ण समाज बनाने की दिशा में प्रारंभिक बाल विकास के सर्वव्यापीकरण को मूलाधिकार के रूप में स्वीकार करना चाहिए। बच्चों का प्रारंभिक विकास समूचे समाज तथा देश के विकास हेतु महत्वपूर्ण है।



**अपराजिता शर्मा**
(लेखिका, ईसीडी अधिकार एलायंस से संबद्ध हैं)



प्रारंभिक बाल विकास-ईसीडी को एक दानदाता खैरात के बजाय मूलाधिकार के रूप में स्वीकार करना चाहिए क्योंकि यह ज्यादा समतापूर्ण समाज बनाने की दिशा में अत्यधिक महत्वपूर्ण है। प्रारंभिक बाल विकास को सर्वव्यापक बनाने के प्रयासों को महत्व दिया जाना चाहिए। अनेक स्वयंसेवी संगठन, चिकित्सक तथा समाजसुधारक व बुद्धिजीवी प्रारंभिक बाल विकास-ईसीडी के सर्वव्यापीकरण की पैरवी करते रहे हैं। 2024 में लोकसभा के आम चुनाव जन्म से 18 वर्ष की आयु तक ईसीडी के सर्वव्यापीकरण की मांग का बहुत अच्छा अवसर दे रहे हैं।

गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा और बच्चों की देखभाल बच्चों के समग्र विकास तथा इस प्रकार पूरे समाज की व्यापक प्रगति के लिए जरूरी हैं। इस प्रकार ईसीडी मूलाधिकार है। भारत ने समाज कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को अपने संविधान में महत्वपूर्ण स्थान दिया है। संविधान में उल्लिखित राज्य नीति के निर्देशक सिद्धान्त सरकार पर आजीविका के समुचित साधन उपलब्ध कराने, संसाधनों के समतापूर्ण वितरण तथा बच्चों और संकटग्रस्त तबकों के विशेष संरक्षण का दायित्व डालते हैं। बचपन की प्रारंभिक अवस्था बच्चों के संज्ञानात्मक, भावनात्मक तथा सामाजिक विकास के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। नेशनल ईसीसीई पालिसी, 2013 में 6 वर्ष की आयु तक बच्चों को गुणवततापूर्ण स्वास्थ्य, पोषण, प्रारंभिक शिक्षा तथा संरक्षण का महत्व रेखांकित करती है। शिक्षा अधिकार कानून-आरटीई एक्ट के अंतर्गत ईसीसीई को एक उचित अधिकार के रूप में स्वीकार किया गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जन्म से 18 वर्ष और कम से कम 6 वर्ष तक उनके विकास के लिए मूलभूत आवश्यक सहायता प्रदान की जाए।

लेकिन सरकार की इस घोषणा और प्रयासों के बावजूद ईसीडी प्रदान करने के रास्ते में अनेक चुनौतियां भी सामने आई हैं। 2009 में आरटीई कानून लागू करने के बाद पिछले 13 साल में देश भर के केवल 25.5 प्रतिशत स्कूल ही आरटीई पूरी तरह लागू करने के योग्य बने हैं। वर्तमान समय में प्रारंभिक स्कूलों में शिक्षकों के लगभग 8.4 लाख पद खाली हैं और लगातार अनुबंध वाले या संविदा शिक्षकों की ओर झुकाव बढ़ रहा है। भारत के लगभग 19 प्रतिशत स्कूलों में शिक्षकों के पद खाली हैं और सात में से एक स्कूल केवल एक शिक्षक के सहारे चल रहा है। हालांकि, बिना पेशेवर ढंग से प्रशिक्षित व अभिप्रेरित शिक्षकों के बिना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती है, लेकिन देश भर में लगभग 44 प्रतिशत शिक्षक समुचित 'रोजगार अनुबंध' के बिना काम कर रहे हैं। इनमें से अनेक शिक्षकों को सामाजिक सुरक्षा लाभ नहीं मिलते हैं और उनको शिक्षणेत्तर काम के लिए बाध्य किया जाता है। अनुमान है कि शिक्षकों के कामकाज के कुल घंटों में से 20-25 प्रतिशत शिक्षणेत्तर काम में लगते हैं।

प्रति व्यक्ति पूर्व-प्राइमरी पर 8,997, सेकेंड्री पर 9,913 तथा हायर सेकेंड्री पर 13,845 रुपये औसतन खर्च होते हैं। शहरी क्षेत्रों तथा निजी बिना सहायता वाले शिक्षण संस्थानों में यह खर्च और अधिक है। ईसीडी का महत्व स्वीकार करते हुए भी इसके संपूर्ण रूप से क्रियान्वयन में अनेक बड़ी चुनौतियां सामने आ रही हैं। हालिया सर्वेक्षणों से पता चलता है कि 3-6 वर्ष आयु के केवल 38 प्रतिशत बच्चे ही सरकारी आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्कूलपूर्व शिक्षा में पंजीकृत हैं। इसके साथ ही 0-3 वर्ष आयु वाले बच्चों के सरोकार देश में अधिकारों व दायित्वों के मामले में सबसे निचले स्तर पर हैं। बच्चों में भार कम होना, बौनेपन व एनीमिया जैसे मुद्दों से समग्रता से निपटना आवश्यक है। इसके लिए समग्र प्रारंभिक बचपन कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए जो छोटे बच्चों की सभी शैक्षणिक व पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरे करते हों। 2018-19 तक समन्वित बाल विकास योजना-आईसीडीएस में बाल विकास परियोजना अधिकारी-सीडीपीओ के 30.1 प्रतिशत तथा सुपरवाइजर के 27.7 प्रतिशत पद खाली थे।

इसी प्रकार आंगनबाड़ी कर्मियों-एडब्लूडब्लू के 6.9 प्रतिशत तथा आंगनबाड़ी सहायिकाओं-एडब्लूएच के 7.6 प्रतिशत स्वीकृत पद खाली थे। यह देश में बच्चों की देखभाल सेवाओं के सर्वव्यापीकरण की दिशा में गंभीर चिन्ता का विषय है। इसके साथ ही स्पष्ट होता है कि परियोजना के स्तर पर प्रशासन में व्यापक सुधार की भी जरूरत है। हालांकि, महिला कामगारों के बच्चों के लिए क्रेचों की स्थापना तथा बच्चों की देखभाल सेवाओं पर अनेक कानून हैं, पर इसके बावजूद ऐसे क्रेचों की संख्या में 3400 की कमी आई है और उसके लाभार्थी केवल 84,000 रह गए हैं। महिला कामगारों के बच्चों के लिए क्रेच सुविधाओं के विकास को राजनीतिक पार्टियों के एजेंडे में महत्वपूर्ण स्थान मिला है जो एक स्वागत योग्य कदम है। लेकिन बिना बच्चों की देखभाल सेवाओं के सर्वव्यापीकरण तथा उपयुक्त सार्वजनिक प्राविधानों के ऐसे वादों का कोई अर्थ नहीं है। इनके बिना समाज के सर्वाधिक हाशियाकृत वर्ग के बच्चे पीछे छूट जांएगे और केवल कुछ ही बच्चों को लाभ मिलेगा।

बाल अधिकारों के लिए कार्यरत चार राष्ट्रीय स्तर के नेटवर्कों ने एक सार्वजनिक घोषणापत्र जारी कर बच्चों के अधिकारों, उनको मिलने वाली सुविधाओं तथा उनकी समग्र बेहतरी के लिए संवैधानिक प्राविधानों की आवश्यकता पर जोर दिया है। इस घोषणापत्र में शिक्षा के अधिकार-आरटीई कानून को विस्तार देकर इसे जन्म से लेकर 18 वर्ष तक सभी बच्चों पर लागू करने की मांग की गई है। यह मांग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 'बचपन' की स्वीकृत परिभाषा के अनुरूप है। बाल अधिकारों के लिए कार्यरत राष्ट्रीय नेटवर्कों द्वारा तैयार इस घोषणापत्र में निजी स्कूलों तथा ईसीसीई केन्द्रों के लिए राष्ट्रीय नियामक ढांचा तैयार करने तथा उसे क्रियान्वित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। इसका उद्देश्य शिक्षा के लगातार बढ़ते वाणिज्यीकरण तथा निजीकरण पर रोक लगाना है। शिक्षा के लगातार वाणिज्यीकरण तथा निजीकरण के कारण समाज का बड़ा तबका इस मूलाधिकार से वंचित हो रहा है जिससे हाशियाकृत वर्ग के बच्चे सर्वाधिक प्रभावित होते हैं। शिक्षा में आई इन विकृतियों को रोकने की मांग दशकों से हो रही है, पर इस दिशा में समुचित कदम न उठाए जाने के कारण स्थिति दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है। शिक्षा के वाणिज्यीकरण के कारण आज मध्य वर्ग व निम्न मध्य वर्ग के लोगों को भी अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना कठिन होता जा रहा है। बाल-अधिकार नेटवर्कों द्वारा तैयार इस घोषणापत्र में कहा गया है कि फीस पर नियंत्रण, गुणवत्तापूर्ण मानकों के साथ नियमों का पालन सुनिश्चित कराने तथा गरीबों के सामाजिक अलगाव को संबोधित करने के लिए एक नियामक ढांचा जरूरी है।

सरकार को यह सुनिश्चित करने के कदम तत्काल उठाने चाहिए कि सभी निजी स्कूल उन शर्तों का पालन करें जिनके अंतर्गत उनको मान्यता दी गई है और किसी गैर-मान्यता वाले स्कूल को चलाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। राज्य को यह गारंटी देने के लिए जवाबदेह ठहराना चाहिए कि सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। शिक्षा नीतियों के सफल क्रियान्वयन के लिए स्कूल प्रबंधन समितियों-एसएमसी को मजबूत करना तथा सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी व्यवस्था मजबूत करना जरूरी है। एडब्लूडब्लू तथा एडब्लूएच जैसे महत्वपूर्ण पद कभी खाली नहीं रहने चाहिए। आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा उसके कर्मियों की क्षमताओं में सुधार होना चाहिए।

ईसीडी में निवेश के महत्वपूर्ण दीर्घकालीन लाभ होते हैं। देश-विदेश में हुए अध्ययनों से संकेत मिलता है कि प्रारंभिक बचपन को गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुधारने के कार्यक्रमों में निवेश से पूरे समाज और देश तथा खासकर बच्चों को बहुत लाभ होता है। इससे बच्चों का स्वास्थ्य और शिक्षा बेहतर होती है जिसके बेहतर आर्थिक नतीजे सामने आते हैं। उपयुक्त प्रारंभिक देखभाल और शिखा प्राप्त करने वाले बच्चे स्कूल में सफल होते हैं, उनको बेहतर नौकरियां मिलती हैं और वे समाज में सकारात्मक योगदान करते हैं। इसलिए ईसीडी को मूलाधिकार के रूप में स्वीकार करना चाहिए। उपयुक्त फंडिंग तथा जीवन्त नीतियों के माध्यम से इसके सर्वव्यापीकरण को समर्थन देना चाहिए। इससे हाशियाकृत बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित होगी। इस लक्ष्य के लिए स्पष्ट रोडमैप की प्रतीक्षा है।

# भारत की विदेश नीति के समक्ष चुनौतियां

> रूस-चीन संबंधों के साथ वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य और भी जटिल होता जा रहा है।

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक अभ्यासों में से एक, भारत में होने वाले भीषण चुनाव एक या दो सप्ताह में समाप्त हो जाएंगे। लंबित नीतिगत निर्णयों की व्यस्तता तुरंत शुरू होने की संभावना है। यदि मौजूदा पार्टी वापस आती है, तो अधिकांश प्रमुख सरकारी विभागों द्वारा सौ दिनों का एक्शन-पैक एजेंडा पेश किया जाएगा, जो कि प्रधानमंत्री मोदी के घोषित उद्देश्य के अनुसार है कि चुनाव समाप्त होने के बाद एक मिनट भी बर्बाद नहीं करना चाहिए। हालांकि, चुनाव घोषित होने के समय जो भू-राजनीतिक स्थान मौजूद था, वह अब कहीं अधिक जटिल हो गया है और जल्द ही समाप्त होने से इनकार कर रहा है।

सच कहें तो कुछ बदलाव 2024 के दौरान दुनिया भर में होने वाले चुनावों से प्रेरित हैं, जिनमें प्रमुख यूरोपीय संघ और अमेरिका भी शामिल हैं। यह सुनिश्चित करेगा कि लगभग सभी बहुपक्षीय मंच, जहां ये प्रमुख घटक और भारत प्रमुख योगदानकर्ता हैं, घरेलू राजनीति और मुद्दों के दबाव के अधीन होंगे। इस बीच, भारत के लंबे समय से साथी रूस ने लगभग एक महीने पहले अपने चुनाव समाप्त कर लिए हैं और फिर से चुने जाने पर राष्ट्रपति पुतिन ने पिछले सप्ताह चीन की अपनी पहली राजकीय यात्रा की।

रूस और चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रमुख स्थायी सदस्य बनकर उभरे हैं, जिनके हितों और नीतियों के निकट भविष्य में अमेरिका के नेतृत्व वाले ब्लॉक के साथ संरेखित होने की संभावना नहीं है। राष्ट्रपति पुतिन की चीन यात्रा के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य ने चीन की उनकी यात्रा के महत्व पर प्रकाश डाला। यह यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का विरोध करने वाले देशों के व्यापक पश्चिमी ब्लॉक के लिए एक संदेश था,



जो ऐसे समय में आया जब चीनी राष्ट्रपति यूरोपीय संघ के हर वरिष्ठ नेता, फ्रांसीसी राष्ट्रपति से मिलने के बाद वापस आए थे और उन्होंने कुछ पूर्वी यूरोपीय देशों से दृढ़ समर्थन की पुष्टि की थी। यूरोपीय संघ और हाल ही में अमेरिका ने चीन की गैर-प्रतिस्पर्धी व्यापार प्रथाओं, विशेष रूप से राज्य-सब्सिडी वाले सस्ते इलेक्ट्रिक वाहनों के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की है और कुछ टैरिफ उपाय किए हैं जो उनके बाजारों में बाढ़ ला रहे हैं।

भारतीय व्यापार संघों द्वारा आशंका जताई गई है कि चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आकर्षक अमेरिकी बाजार के नुकसान के कारण, इन ऑटोमोटिव उत्पादों को भारत में डंप किया जा सकता है जिससे यूरोप और अमेरिका जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। इस संदर्भ में ऐसा लगता है कि रूस चीनी ऑटोमोटिव क्षेत्र के पूर्ण समर्थन में सामने आया है, शायद यूरोप और अमेरिका को भी एक कड़ा संदेश भेज रहा है। श्री पुतिन की चीन की राजकीय यात्रा के दौरान जारी मीडिया वक्तव्य में उन्होंने कहा, द्विपक्षीय औद्योगिक सहयोग के बारे में, हम रूसी बाजार में चीनी वाहन निर्माताओं और घरेलू उपकरण निर्माताओं के सक्रिय विस्तार को देखकर प्रसन्न हैं। जैसा कि हमारी वार्ता के दौरान चर्चा की गई और जैसा कि राष्ट्रपति ने कहा, हम किसी भी गैरकानूनी कार्रवाई, प्रतिबंध या प्रतिबंधों के हानिकारक प्रभाव को स्वीकार करते हैं। हम अपने चीनी समकक्षों के साथ सहयोग को तहे दिल से अपनाते हैं। चीन ने यूक्रेन में युद्ध को लेकर रूस की खुलकर आलोचना करने से परहेज किया है और अतीत में उस पर सैन्य उपकरणों की चोरी-छिपे आपूर्ति करने का आरोप लगाया गया है। भले ही राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति शी जिनपिंग दोनों के वक्तव्यों में यूक्रेन का उल्लेख किया गया हो, लेकिन यह बड़े अंतरराष्ट्रीय विदेश नीति के मुद्दों और भू-राजनीतिक मामलों पर समग्र टिप्पणी के तहत मखमली दस्ताने में था।

विदेश नीति के मामलों पर रूसी राष्ट्रपति के वक्तव्य में कहा गया, हम संयुक्त राष्ट्र और इसकी सुरक्षा परिषद की केंद्रीय भूमिका, अंतरराष्ट्रीय कानून, सांस्कृतिक और सभ्यतागत विविधता के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सभी सदस्यों के हितों के संतुलित संतुलन के आधार पर एक अधिक निष्पक्ष और अधिक लोकतांत्रिक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था बनाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

हमारा मानना है कि इस तरह के गठबंधनों का निर्माण बेहद हानिकारक और प्रतिकूल है। बहुपक्षीय संस्थाओं, खास तौर पर संयुक्त राष्ट्र और स्थायी सदस्यता में सुधार करना प्रधानमंत्री मोदी के लिए दीर्घकालिक विदेश नीति का लक्ष्य रहा है। भू-राजनीति के मद्देनजर, नई सरकार के लिए विदेश नीति पर काम करना कठिन होगा।

## आप की बात

### पीओके पर चुप्पी

**प्रधानमंत्री मोदी**, गृहमंत्री, रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री सहित अन्य सभी महत्वपूर्ण मंत्री कई बार घोषणा कर चुके हैं कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर-पीओके हमारा है एवं इसे हम जरूर लेकर रहेंगे। आज हिंदुस्तान की जनता भी इसे एक आकर्षक भविष्य की तरह देख रहा है। सैकड़ों बरसों की प्रतीक्षा के बाद तैयार राम मंदिर जनता का सपना पूरा होने का प्रतीक है। अतः अब पीओके वापस लेना हर भारतीय की इच्छा है। खुशी है कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा और केन्द्र सरकार डंके की चोट पर घोषणा करती है कि उसके एजेंडे में पीओके वापस लेना है। दुख है कि भाजपा के अलावा आज कोई भी विपक्षी पार्टी पीओके पर एक शब्द तक बोलने के लिए तैयार नहीं है। कांग्रेस, सपा, आप, टीएमसी, बसपा, भाकपा, माकपा, द्रमुक व विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य पार्टियों को जैसे भाजपा की इस घोषणा से सांप सूंघ गया है। कश्मीर के अनेक नेता तो दशकों तक भारतीय जम्मू कश्मीर को पाकिस्तान में मिलाने के सपने देखते रहे हैं और वह अनुच्छेद 370 वापस लाने की मांग कर रहे हैं जिसने भारत को मजबूत किया है और कश्मीर को मुख्यधारा में लाया है। देश की जनता पीओके पर चुप्पी मारने वाले दलों की असलियत समझ रही है। वह उनको खारिज कर रही है।

**- एमएम राजावत**, शाजापुर

### मुकदमों का बोझ

**अदालतों** में बढ़ते राजनीतिक मुकदमों के कारण आम आदमी की तकलीफें बढ़ती जा रही हैं। आम आदमियों के मुकदमों से अदालतों में फाइलों के ढेर बढ़ते जा रहे हैं और अनगिनत मुकदमों के फैसलों में पीढ़ियां गुजर रही है फिर भी निर्णय नहीं मिल पा रहे हैं। ऊपर से राजनीतिक व रसूखदार लोगों के मुकदमों की भीड़ अदालतों पर और अधिक भार बढ़ाती जा रही है। फास्ट ट्रैक कोर्ट भी बढ़ते मुकदमों के भार से दबी जा रही हैं। इसे देखते हुए जरूरी है कि देश के कानूनमंत्री और सर्वोच्च न्यायालय बढ़ते मुकदमों के मद्देनजर उनके निर्णय की समय सीमा बांधे ताकि लोगों को शीघ्र न्याय मिल सके। हालांकि, सरकार ने तीन नए कानूनों के माध्यम से इस दिशा में पहल कर दी है, पर सरकार के हर कदम में खुचड़ निकालने वालों ने इनके खिलाफ भी याचिका दायर कर दी थी। सर्वोच्च न्यायालय ने इसे खारिज कर देश में न्याय की गति तेज करने का मार्ग खोल दिया है। अब उम्मीद करनी चाहिए कि भारत में आम जनता को त्वरित न्याय मिलेगा तथा राजनेता और रसूखदार लोग अपने निहित स्वार्थों के लिए न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग से यथासंभव बाहर किए जाएंगे। यह भारत को विकसित देश बनाने के लिए जरूरी है।

**- शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### ट्रोल का रोग

**कुछ दिन** पहले कोयम्बटूर में दो बच्चों की एक मां ने सोशल मीडिया पर ट्रॉलर्स से परेशान होकर खुदकुशी कर ली। हाल ही में यूपी बोर्ड की टॉपर प्राची निगम को उसके रंग रूप और शारीरिक बनावट के आधार पर ट्रोल किया गया। ट्रोलिंग का मामला इतना संगीन बनता जा रहा कि लोग सोशल मीडिया से कतराने लगे हैं। ट्रॉलर्स का उद्देश्य लोगों का मनोबल तोड़ना और उनका मजाक उड़ाना होता है। ट्रॉलर्स के पीछे छिपी मानसिकता को समझना होगा। भले ही कोई सेलिब्रिटी बहुत अच्छे प्रदर्शन कर रहा है, पर एक दो बार प्रदर्शन न दोहरा पाने पर ट्रॉलर्स का शिकार बन जाता है। महेंद्र सिंह धौनी, विराट कोहली आमिर खान, शाहरुख खान, आदि कभी न कभी ट्रोल का शिकार बने हैं। ज्यादा भावुक लोग इसे सहन नहीं कर पाते और आत्महत्या तक कर बैठते हैं या अवसाद जैसी मानसिक विकृतियों से ग्रस्त हो जाते हैं। ट्वीटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि पर एक दूसरे से लड़ते झगड़ते रहते हैं। यहां तक कि आपस में अंजान लोग गाली गलौज भी करने लगते हैं। इस बढ़ती हुई खतरनाक प्रवृत्ति को रोकने के लिए सख्त नियम बनाए जाने की आवश्यकता है। वैसे इस सामाजिक बीमारी पर लगाम लगाने के लिए पूरे समाज को साथ आना होगा।

**-मंगल सिंह**, लखनऊ

### कमाई के रास्ते

**हर पिता** अपनी बेटी के लिए अच्छा कमाने वाला दूल्हा ही ढढेगा। मगर अच्छा कमाने के लिए सिर्फ नौकरी ही एकमात्र जरिया नहीं है। आजकल ग्रामीण क्षेत्र में सरकार द्वारा मुफ्त आवास के लिए धन दिए जाने से निर्माण कार्य, सिलावट, सुथार, लोहार, इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, मजदूर आदि की बड़ी तंगी चल रही है। यह सभी कारीगर प्रतिदिन 1000 रुपये रोज पर काम करते हैं। ठेका लेने पर वे इससे भी अधिक कमाई कर लेते हैं। मगर विडंबना यह है कि ग्रामीण युवा परिश्रम पूर्वक काम करने से कतराने लगा है और यही उसके बेरोजगार रहने और कुंवारे रह जाने की मुख्य वजह है। अब ऐसे कार्यों के लिए सरकार ब्याजमुक्त कर्ज व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। गांव से शहरों में सैलून और लॉन्ड्री खोलना फायदे का काम हो गया है। युवकों को ऐसे रोजगार के कार्यों में लग जाना चाहिए ताकि उनकी शादी भी हो जाए और खुद के बलबूते पर अच्छी कमाई भी कर सके। यह संभव नहीं कि सरकार हर युवक को सरकारी नौकरी दे सके। वैसे भी एआई जैसी तकनीक के कारण रोजगार और कमाई के नए रास्ते खोजने ही होंगे।

**-विभूति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# नॉन में घटिया चावल पास कराने और अवैध वसूली किये जाने की शिकायत पीएम और ईओडब्ल्यू को


पायनियर
मिलरों से 150 करोड़ की अवैध वसूली का आरोप
राइस मिलर्स एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष ने केंद्रीय खाद्य मंत्री को पत्र लिखकर किया बड़ा खुलासा

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



घोटाले की आग अभी ठंडी ही नही हो पाई थी, की बालोद जिलें में नॉन (नागरिक आपूर्ति निगम) में चावल पास कराने के नाम पर अवैध वसूली का खेल और घटिया चावल लेने का भंडाफोड़ दुर्ग के एक राइस मिलर किशन लाल छाजेड़ ने किया हैं। मिलर किशन लाल छाजेड़ ने सिर्फ भंडाफोड़ ही नही किया बल्कि मामले की लिखित शिकायत प्रधानमंत्री और राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो एवं एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर को की हैं। किशन लाल छाजेड़ ने बालोद जिले के डौंडीलोहारा में चल रहे अवैध वसूली और घटिया चावल लेने का भंडाफोड़ किया हैं। आपको बता दे कि कस्टम मिलिंग और चावल का लॉट पास कराने के नाम पर सालों से कमीशन का खेल जोरो शोरो जारी हैं। पायनियर ने सबसे पहले 30 मई 2023 को इसका खुलासा किया था, पायनियर ने शीर्षक मिलरों से 150 करोड़ की अवैध वसूली का आरोप समाचार का प्रकाशन प्रमुखता से किया था

### ये लिखा है शिकायत में

दुर्ग निवासी किशन लाल छाजेड़ ने प्रधानमंत्री को की गई शिकायत में कहा है की बालोद जिले के डौंडीलोहारा में नान का गोदाम है, जिसका नॉन इंचार्ज मालेकर है और पूजा मैडम मैनेजर है और अर्शल मेश्राम क्यूआई है। इस गोदाम में 50 परसेंट कनकी चावल की खरीद होती है और पुराने से पुराना चावल पास होता है और हमारा चावल चांदी की तरह चमकता हुआ को रिजेक्ट कर दिया जाता है और दूर वाले गोदाम में जाने को बोलते है और जो 20 हजार देता है उसका घटिया माल पास कर के डौंडीलोहारा में लगा दिया जाता है। इस अवैध वसूली में मालेकर का बड़ा हिस्सा रहता है और पूजा मैडम का भी 5 हजार एक लाट का होता है ये मालेकर 5-6 साल से यही जमा हुआ है और कोई ट्रांसफर नहीं हुआ है। इस डौंडीलोहारा गोदाम में कचरा से कचरा चावल 15 से 20 हजार लेकर पास किया जाता है। नान इंचार्ज मालेकर इसी गाँव के रहने वाले हैं और 6 साल से यहाँ जमे हुए है। एक बार इनका ट्रान्सफर हुआ था लेकिन कुछ ही दिनों में नान के डीएम जेएस मक्क ड़ को 1 लाख देकर अपना ट्रांसफर रुकवा लिए, हम मिलर मालेकर, पूजा और चंद्राकर क्यूआई नॉन से बहुत परेशान और त्रस्त हैं। मिलर किशन लाल छाजेड़ ने प्रधानमंत्री से विनती कर कहा है की इन सभी का ट्रांसफर जिले से बाहर तत्काल किया जाये, वरना हम गोदाम सील कराएँगे और इस गोदाम में रखे सड़े चावल की जांच कराएंगे और दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा और कोई बड़ी घटना हो जाएगी। इस सबका रिकार्डिंग भी है, जो दिखाया जायेगा। मिलर ने शिकायत पत्र में आगे आरोप लगाया है कि नॉन में बैठे लोग फूड मिनिस्ट्री दिल्ली से आने वाली टीम को मोटी रकम देना है ये बोल के पैसे उगाही भी किये है और बोलते है 20 हजार में डीएम साहब और फूड वाले ठाकुर साहब को भी पैसा देते हैं। पानी सर से ऊपर निकल गया है और इसकी शिकायत फूड मिनिस्ट्री में भी की जा चुकी है, मिलर ने गोदाम सील करा के चावल की जांच कराने की मांग की है और एंटी करप्शन को ज्ञापन सौपने की बात भी कही हैं।

### बिल के अनुसार देना होता है कमीशन

बता दे कि कुछ दिनों पहले 150 करोड़ के कस्टम मीलिंग घोटाले में गिरफ्तार एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर को कोर्ट ने सोमवार 27 मई तक ईडी की रिमांड पर भेज दिया हैं। दरअसल कस्टम मिलिंग घोटाले के संबंध में पूछताछ करने रोशन चंद्राकर को नोटिस जारी कर ईडी दफ्तर में बुलवाया गया था। उपस्थिति दर्ज कराने और पूछताछ के दौरान संतोषजनक जवाब नहीं देने पर उसे गिरफ्तार किया गया। इसके पहले मार्कफेड के एमडी मनोज सोनी को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। अब रोशन चंद्राकर की डायरी में हिसाब मिला है। बताया जा रहा है कि कई जिलों में पूछताछ हो सकती है। रोशन की गिरफ्तार का असर बालोद सहित बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, महासमुंद, धमतरी में हो सकता है। दरअसल कस्टम मिलिंग की राशि हर जिले में वहां के कुछ मिलरों के जरिए वसूली जाती थी। जितने का बिल लगता, उसके हिसाब से कमीशन एडवांस में देना पड़ता था। तब जाकर मार्कफेड मुख्यालय से बिल आगे पास होता था। अब ईडी की नजर उन मिलरों पर है जो रोशन के कहने पर वसूली गई रकम लेकर जाते थे।

# शहीदों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकेगा : अकबर

## श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुआ शहीद योगेंद्र शर्मा का परिवार



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

झीरम घाटी हमले की ग्याहरवीं बरसी पर धरसींवा के शहीद उद्यान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर।पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने झीरम के शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि झीरम घाटी के हमले में शहादत देने वाले देश के वीर सपूतों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकेगा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में झीरम के शहीद योगेंद्र शर्मा की धर्मपत्नी पूर्व विधायक धरसींवा अनिता शर्मा, पुत्र हर्षित शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। उपस्थित लोगों में जिला पंचायत रायपुर अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, ग्राम पंचायत धरसीवा के उप सरपंच साहिल खान, धरसींवा के पूर्व सरपंच इकबाल कुरैशी, धरसींवा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, शहीद योगेंद्र शर्मा के बड़े भाई पूर्व कृषि मंडी रायपुर उपाध्यक्ष महेश शर्मा सहित सुधीर दुबे योगेश द्विवेदी, रोशनपुरी गोस्वामी, मदन गोयल तथा क्षेत्र के प्रमुख नागरिक गण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि बस्तर के झीरम घाटी में 25 मई 2013 को माओवादियों के हमले में तत्कालीन प्रदेश कोंग्रेस अध्यक्ष नंदकुमार पटेल,छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा,पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल, पूर्व विधायक उदय मुदलियार सहित कांग्रेस पार्टी का शीर्ष नेतृत्व समाप्त हो गया था।

# बालोद जिला शतरंज संघ अध्यक्ष पद पर सर्व सम्मति से शेखर गुप्ता को नियुक्त किया गया



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंघानिया के निर्देशानुसार महासचिव विनोद राठी व सचिव एस के भगत के मार्गदर्शन में बालोद जिला शतरंज संघ अध्यक्ष पद पर सर्व सम्मति से शेखर गुप्ता को नियुक्त किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष शेखर गुप्ता द्वारा जिला की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इनकी नियुक्ति पर जयंता दास, अशोक बाम्बेश्वर, सतीश काम्बले, नीलेश श्रीवास्तव, विजय शर्मा, संतोष सहारे, वी पी अनिल कुमार, दिनेश देवांगन, भोज राम साहू,ज्ञानेंद्र सिंह, जे गुरुल्लु,राजेश पटेल, शेखर रेड्डी, दामोदर राव, जयदीप गुप्ता, सुमित जैन सहित अन्य शतरंज खेल प्रमियों ने हर्ष जाहिर कर बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ (सीजीएससीए) द्वारा नवगठित बालोद जिला शतरंज संघ के प्रयास से बीएसपी द्वारा 22 मई से 14 जून तक चलने वाले समर कैम्प में इस वर्ष से शतरंज के खेल प्रशिक्षण खिलाड़ी कोच द्वारा राजहरा क्लब में ले सकेंगे। बालोद जिला शतरंज संघ अध्यक्ष शेखर गुप्ता एवं सचिव एस.के. भगत ने संघ के अनुरोध पर समर कैंप में शतरंज खेल को शामिल करने पर आईओसी मुख्य महाप्रबंधक आर.बी. गहरवाल व बीएसपी प्रबंध का आभार व्यक्त किया। शतरंज संघ अध्यक्ष शेखर गुप्ता ने कहा की इस कैंप में ट्रेनर द्वारा खिलाड़ियों को शतरंज की बारीकियां सिखाने, फिडे नियमों, चेस क्लॉक के उपयोग के साथ ओपनिंग, मिडिल व एंड गेम, पजल्स के बारे में सिखाया जाएगा। शतरंज खेल से लगाव रखने वाले इस समर कैंप का लाभ ले सकते है।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने कोलकाता सीएम का फूंका पुतला



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने पश्चिम बंगाल के सीएम का फूंका पुतला सीएम ममता बनर्जी का ओबीसी सर्टिफिकेट मामले में जारी बयान को लेकर विरोध किया। गौरतलब हो कि कोलकत्ता हाईकोर्ट ने ओबीसी सर्टिफिकेट मामले में फैसला सुनाया है। और पश्चिम बंगाल में साल 2010 से दिए गए ओबीसी दर्जे को रद्द कर दिया है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद करीब पांच लाख ओबीसी सर्टिफिकेट प्रमाण रद्द हो गए हैं। वही हाईकोर्ट ने नए सर्टिफिकेट जारी करने पर भी तुंरत प्रभाव से रोक लगा दी है। जहां कोर्ट के फैसले पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बयान जारी करते हुए अमल करने से इंकार कर दिया ह। जिसके बाद राजनीति गरमा गई है। वही छत्तीसगढ़ भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश संगठन के आह्वान पर बेमेतरा ओबीसी मोर्चा ने सिग्नल चौक में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन कर विरोध जताया है और सीएम के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए वही ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजू देवांगन ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के ऊपर मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति कर आरक्षित वर्ग का हक मारकर बांग्लादेश से आए मुसलमानों को आरक्षण देने का आरोप लगाया, और उन्हें संविधान विरोधी सरकार बताया साथ ही देवांगन ने कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री होरीलाल सिन्हा, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू देवांगन जिला महामंत्री छत्र कुमार देवांगन, जिला मंत्री रेवाराम निषाद, भाजयुमो जिला मंत्री धर्मराज खंडे, भाजपा शहर मंडल महामंत्री युगल देवांगन, एससी मोर्चा शहर मंडल अध्यक्ष राजकुमार खंडे, गोपी देवांगन, पूर्व जनपद सदस्य पुनाराम साहू, पूर्व जनपद सदस्य दशरथ साहू, ओबीसी मोर्चा शहर मंडल अध्यक्ष कमलेश वर्मा, कृष्णा वैष्णव,संजू राजपूत, राहुल साहू, ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# समर कैंप में विद्यार्थियों को दी गई पेंटिंग एवं चित्रकला की जानकारी



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

समर कैंप हायर सेकेंडरी विद्यालय कुंडा में हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति कबीरधाम के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय पेंटिंग अवार्ड विजेता बलवीर विश्वकर्मा जी के द्वारा स्कूली बच्चों को पेंटिंग तथा चित्रकला के संबंध में विद्यार्थियों को बारीकियों से बताया गया तथा जल संरक्षण,पेड़ पौधे लगाना तथा इनका देखभाल करना व प्रकृति की सुरक्षा के लिए संकल्प लिया गया मां सरस्वती कि वंदना गीत का आयोजन और बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ तथा स्वचछता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया विद्यार्थियों ने ध्यान पूर्वक सुना और समझा, हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति कबीरधाम के संस्थापक - संयोजक राजेंद्र पटेल जी सैंकड़ों विद्यालय महाविद्यालय में कई वर्षो से अपना तन मन धन अर्पित करके निःस्वार्थ सेवा देते आ रहे हैं राजेंद्र पटेल का कथनानुसार विद्यार्थी देश के भविष्य होते हैं यदि विद्यार्थियों को प्रारम्भिक अवस्था में सही दिशानिर्देश का ज्ञान मिल जाए तथा मार्गदर्शन मिल जाए तो वह विद्यार्थी अपने राष्ट्र के प्रति सेवा देने के लिए जागरूक हो जाता है अपने राष्ट्र के प्रति अपना योगदान देने वाले राजेंद्र पटेल का कार्य सराहनीय व प्रशंसनीय तथा प्रेरणादायक है इस समर कैंप के प्रभारी सुनील तिवारी तथा स्कूल प्राचार्य गुरुदीप मक्कड़ जी व छात्र छात्राओं मौजूद थे।

# जिले के स्कूलों में समर कैम्प का आयोजन 20 से 31 मई तक



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

जिले के स्कूलों में समर कैम्प का आयोजन 20 से 31 मई 2024 तक किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में जिले के छात्र-छात्राएं विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं। इसके अंतर्गत डौंडी विकासखंड के 171 प्राथमिक शाला, 82 माध्यमिक शाला एवं 33 हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत डौंडी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.डी.मंडले ने विभिन्न स्कूलों में आयोजित समर कैंप का निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया। जिसके अंतर्गत प्राथमिक शाला आड़ेझर में चित्रकला विधा का आयोजन किया गया था। जिसमें छात्रों को ग्राफ के माध्यम से अच्छी चित्रकारी करने का भी टिप्स बताया गया। जिसका आनंद शाला के बच्चों द्वारा पूरे मनोयोग से लिया गया। इस अवसर पर शिक्षक, संकुल समन्वयक तथा बीआरसीसी डौंडी उपस्थित रहे। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत डौण्डी एवं बीआरसीसी के द्वारा विद्यार्थियों को कंपास बॉक्स, रंगीन पेंसिल तथा ड्राइंग शीट आदि का भी वितरण किया गया।

# नेत्र सहायक करते है निजी नेत्र चिकित्सा केंद्र का संचालन

### नही मिल रहा पोड़ी वालो को नेत्र सहायक का लाभ,रहते है अस्पताल से नदारत

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com




जिले में फर्जी एमबीबीएस डॉक्टर के द्वारा मोतिया बिंद बिना ऑपरेशन के ठीक करने वाला मामला अभी शांत हुआ ही नहीं था और अब पोड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ नेत्र सहायक पीके गुप्ता अपने कर्तव्य स्थल में मुख्यालय में निवास ना करते हुए कवर्धा जिले में अपने निजी निवास में संचालित करते हैं नेत्र चिकित्सा केंद्र, अब सवाल ये है की आखिर जिले में फर्जी नेत्र केंद्र कों रोकना तों दूर, खुद भी नदारत रहते है, आखिर ये कौन सा काम कर रहे समझ से परे है। गौरतलब है कि पीके गुप्ता नेत्र सहायक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी मैं पदस्थापित है जिला प्रशासन ने उन्हें राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम में सहायक नोडल अधिकारी बनाया है उनका कार्य अपने कर्तव्य स्थल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पौड़ी में तीन दिवस नेत्र परीक्षण के लिए आए मरीज को का नेत्र परीक्षण करना है एवं शासन के निर्देश अनुसार तीन दिवस ग्रामीण क्षेत्रों में मोतियाबिंद मरीजों को चिन्हाकित करने के लिए दौरा करना है । परंतु वे वरिष्ठता एवं कर्मचारी नेता होने का फायदा उठाकर वह पोड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में वह अपने कार्यक्षेत्र में कभी कभार दिखाई देते हैं तथा वे अपने मुख्यालय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी में ना निवास कर अपने कर्तव्य मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर कवर्धा जिले में अपने निजी निवास में नेत्र जांच केंद्र संचालित करते हैं जबकि जिला कलेक्टर महोदय एवं जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी लगातार स्वास्थ्य अमले को मुख्यालय में निवास करने की हिदायत समय-समय पर देते हैं।

ऐसे में पोड़ी क्षेत्र के क्षेत्र वासियों को नेत्र परीक्षण की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, सहायक नोडल के आड़ में दौरे पर हु करके अक्सर इनके द्वारा बोला जाता, अगर ये नेत्र सहायक नोडल के काम कों भी जिले में ठीक से देखते तों फर्जी नेत्र कैम्प कों भी रोक लगाने में कामयाब हो सकते थे,इन मामलों से स्पष्ट होता है कि पीके गुप्ता की पहुंच एवं व्यक्तिगत संबंध जिले के आला अधिकारियों से हैं तभी उन्हें मुख्यालय में निवास कर अपने निजी निवास कवर्धा में नेत्र जांच केंद्र संचालित करने कि जिले के जिम्मेदार अधिकारियों ने छूट दे रखी है, जिले में सभी नेत्र सहायक सुचारु रूप से सेवा दें रहे है, सिवाय पीके गुप्ता के, ये कई वर्षो से पोंडी में पदस्थ है मगर सेवा नहीं दें पर रहे है. दौरे के आड़ में अपने निजी काम में लगे हुये है, आमजन कों आँखों की जाँच की सुविधा नहीं मिल पर रही है।

# बेमेतरा में प्रभु श्रीराम मंदिर ट्रस्ट का अवैध नामांतरण निरस्त

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सनातन हिन्दू धर्म समाज बेमेतरा के द्वारा विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि करीब 9 माह पूर्व समिति के सदस्यों को जानकारी हुई थी कि वर्ष 2019 से 2021 के बीच महामारी में विश्व कोरोना से जूझ रहा था उस बीच विधर्मी, व्यापारी, नेता एवं अधिकारी प्रभु श्रीरामचन्द्र ट्रस्ट की भूमि खसरा नंबर 508 रकबा 1.77 हेक्टयर भूमि को विधिवत दर्शाते हुये अवैध क्षेत्राधिकार विहीन एवं अधिकारिता रहित आदेश पारित करते हुये अदला बदली के पंजीयन के लिये अनुमति प्रदान कर अवैध रुप से नामांतरण करा दिया गया था।आज तहसीलदार ने श्रीरामचन्द्र ट्रस्ट की भूमि का नामांतरण अवैध तरीके से होने के कारण नामांतरण को निरस्त कर दिया है। सनातन हिन्दू समाज के नामांतरण निरस्त होने पर सत्य की जीत बताते हुये कलेक्टर रणबीर शर्मा से भेंटकर धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### इनकी रही अहम भूमिका

परस वैष्णव, महेश राजपूत, विजय सुखवानी, आदित्य सिंह राजपूत, नीतू कोठारी,रोशन दत्ता, शेखर राजपूत, नीलू राजपूत, दीपक दुबे, राजीव लोचन श्रीवास्तव, योगेश राजपूत, मैंडी धीवर, ममता ग्यालवंशी, विजय सिन्हा, हर्षवर्धन तिवारी, राकेश मोहन शर्मा, लाला (प्रवीण ठाकुर), विजय ठाकुर, दुल्लिचंद मुंदड़ा, सुरेश पटेल, अधम साहू, विकास तम्बोली प्रमुख रूप से शामिल थे। बता दें कि 26-09-2023 को सनातन हिन्दू समाज ने रायपुर में प्रेस वार्ता कर बताया था कि श्रीरामचन्द्र मंदिर ट्रस्ट की भूमि की अदला- बदली तत्कालीन क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक ने अपने रिश्तेदार के नाम कराई। खसरा नंबर 490,491 में पक्की सड़क का लोक निर्माण विभाग द्वारा अवैध सड़क का निर्माण करने एवं तत्कालीन विधायक के रिश्तेदार को लाभ पहुंचाने हेतु किसानों को आस-पास की भूमि विक्रय करने हेतु दबाव बनाया गया। अब बताया गया है कि राम मंदिर परिसर स्थित अग्रभाग के खुली भाग पर गांधी प्रतिमा की स्थापना एवं दोषियों पर कार्यवाही की मांग के साथ आगे संघर्ष जारी रहेगा।

### नीतुकोठारी का आमरण अनशन

29-09-2023 को सनातन हिन्दू समाज द्वारा मंदिर परिसर में धरना देने के पश्चात रैली प्रदर्शन के रुप में कलेक्टर कार्यालय को ज्ञापन सौंपा। प्रशासन मौन रहकर दबावपूर्वक आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया। परिणामस्वरूप आंदोलन उग्र होकर जनआंदोलन में बदल गया। आंदोलन को गति देने 02-10-2023 को प्रशासन को सूचना देकर दिनांक 03-10-2023 को मंदिर परिसर में नीतू कोठारी ने जल के सहारे आमरण अनशन प्रारंभ किया। जिससे तीव्र गति से बेमेतरा शहर व ग्रामीण कस्बा सुविधानुसार एक दिवसीय कारोबार बंद रखकर आमरण अनशन स्थल पर पहुंचकर अनशन को समर्थन देने लगे।

### कुंभकारी प्रशासन की सजगता

आमरण अनशन में बैठी नीतू कोठारी का स्वास्थ्य 9 वे दिन बिगड़ा तब आमरण अनशन स्थल पर आकर कलेक्टर के संदेशवाहक अनुविभागीय अधिकारी ने आश्वासन दिया कि जांच रिपोर्ट 15 दिवस में सौंपी जाएगी।

04 नवंबर 2020 को कलेक्टर ने लिखित आदेश में कहा कि श्रीराम मंदिर ट्रस्ट समिति की भूमि लोक न्यास की भूमि है ,लोक न्यास अधिनियम 1963 के प्रावधानों के अनुसार न्यास भूमि का अंतरण संभव नही है। सीजी एलआरसी में अदला बदली का कोई प्रावधान नही है। भूमि अंतरण करने का आदेश 03 सितंबर 2021को आवेदिका सुमित कौर पति बलमीत सलूजा के नाम पर पंजीयन हुआ था।

# जिले में त्वरित स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधा का स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं मुख्य चिकित्सा अधिकारी

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिले कुछ दिन पूर्व जिले के सहसपुर लोहारा विकास खंड के ग्राम कोयलारी और दाईहानडीह में फैली डायरिया एवं मौसमी बीमारियों पर मॉनिटरिंग करने के लिए जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर बी एल राज स्वास्थ्य अमला को तत्काल दिशा निर्देश देकर स्थिति को कंट्रोल करने में लगे थे एवं स्वास्थ्य अमल को पर्याप्त दवाई रखना और डॉक्टर स्टाफ सहित साथ हमले की ड्यूटी के साथ अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए थे जिससे अब स्थिति कंट्रोल में नजर आ रही है। वैसे ही कबीरधाम जिले पंडरिया विकासखंड के ग्राम बाहपानी मे हुए सड़क दुर्घटना में जानकारी प्राप्त होते ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बीएल राज ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुकदूर के प्रभारी को चिकित्सा सहायता हेतु चिकित्सा की दाल को घटनास्थल पर तत्काल रवाना कर चिकित्सकी सुविधा उपलब्ध कराने एवं व्यापक इलाज के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी पंडरिया को तत्काल दिशा निर्देशित कर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुकदुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया में वह गंभीर रूप से घायल मरीजों को विशेष इलाज के लिए जिला चिकित्सालय कबीरधाम इलाज के लिए भर्ती कराया कराने कर निर्देश दिए । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी एल राज स्वयं जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों की टीम गठित कर कर स्वयं घटनास्थल पर पहुंच कर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई । डॉ बी एल राज ने बताया कि जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिला चिकित्सालय किसी भी प्रकार की आकस्मिक चिकित्सा उपलब्ध के लिए 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहते हैं जिसकी मॉनिटरिंग समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी एवं वे स्वयं करते हैं ताकि आकस्मिक चिकित्सा सुविधा आम जनता तक तत्काल पहुंचा जा सके।

# दहशत के साये में हाथी प्रभावित गांव के ग्रामीण, हर रोज किसानों की फसल नुकसान कर जाते हैं गजराज दल

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले के जंगलों में एक बार फिर से जंगली हाथियों की बड़ी संख्या की मौजूदगी से हाथी प्रभावित क्षेत्र के गांवों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। हाथियों के दल के द्वारा प्रतिदिन किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल में ही 143 हाथी अलग-अलग दलों में विचरण कर रहे हैं। इनमें छाल के बंगुरसुता बीट में सवाधिक 30 हाथी, धरमजयगढ़ के क्रोन्धा बीट में 27 हाथी, धरमजयगढ़ के ओंगना बीट में 26 हाथी, छाल के पुरूंगा बीट में 25 हाथी, कापू के अलोला बीट में 7 हाथी के अलावा अलग-अलग बीट में हाथियों की मौजूदगी है।

**13 किसानों की फसलों को नुकसान**-रायगढ़ जिले के जंगलों में विचरण करने वाले हाथियों के दल ने बीती रात 13 किसानों की धान की फसलों को नुकसान पहुंचाया है जिसमें आमापाली, क्रोन्धा में 06 किसानों की फसल, मंडारीमुडा में पौधा नुकसान, बंगुरसुता, पोडी, बरबसपुर में 4 किसानों की धान की फसल को नुकसान, पुरूंगा, गेरवानी में 2 किसानों की धान की फसल को नुकसान के अलावा गेरवानी में ही एक अन्य किसान की धान की फसल को हाथियों ने नुकसान पहुंचाया है।

**प्रतिदिन दी जा रही समझाईश**-रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र के ही अलग-अलग बीट और रेंज में 143 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। ऐसे में वन विभाग के द्वारा गांव के ग्रामीणों को तेंदुपत्ता तोड़ने या किसी भी कार्य के प्रयोजन से जंगलों की तरफ नही जाने की प्रतिदिन समझाईश दी जा रही है। ताकि हाथियों के हमले से क्षेत्र में किसी प्रकार की जनहानि की घटना घटित न हो।

**गांव-गांव में मुनादी**

वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा हाथी और मानव के बीच जारी द्वंद्व को रोकने लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। हाथी प्रभावित गांव में रोजाना मुनादी कराकर गांव के ग्रामीणों को जंगलों में हाथियों की बड़ी संख्या विचरण करने की जानकारी दी जाती है। साथ ही साथ रिहायशी इलाकों में हाथी के आमद पर तत्काल विभाग को इसकी जानकारी देने की बात कही जाती है।



## संतोषी मंदिर में चोरी करने वाले आरोपी हुए गिरफ्तार

**सक्ती।** मुरारी लाल अग्रवाल पिता स्व.विनोद अग्रवाल उम्र 43 साल साकिन वार्ड क्रमांक 08 हटरी चौक सक्ती का थाना उपस्थित आकर एक लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया किसी अज्ञात चोर द्वारा संतोषी मंदिर एवं राधा कृष्णा मंदिर में मंदिर के पीछे तरफका ताला तोड़कर सोने, चांदी, तांबा, पीतल के सामानो को चोरी कर ले जाने के संबंध में धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया मामला मंदिर की चोरी से संबंधित होने से एसपी अंकिता शर्मा जी ने तत्काल चोरों की पता तलाश कर शीघ्र पकड़ने के निर्देश दिए। एएसपी रमा पटेल जी और एसडीओपी सक्ति मनीष कुंवर के नेतृत्व में सक्ति पुलिस की टीम ने विवेचना दौरान संदेही अरमान खान पिता शलिम उम्र 21 साल साकिन बुधवारी बजार सक्ती को तलब कर बारीकी से पूछताछ करने पर आपोपी द्वारा 16 से 17 मई के मध्य रात्रि करीबन 02.30 बजे मंदिर के पीछे के दरवाजा में लगे ताला को तोडकर मंदिर अंदर प्रवेश कर संतोषी मंदिर एवं राधकृष्ण मंदिर के मुर्ति में लगे सोने चांदी के गहनों को चोरी कर ले गया था।

# बिजली व्यवस्था बद से बदतर, रोजाना 2 से 3 घंटे बिजली बंद से लोग हो रहे पसीने से तरबतर

पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



बीते एक माह से चांपा शहर के सभी वार्डों में मेंटेनेंस एवं ट्रिपिंग के नाम पर पावर सप्लाई बंद की जा रही है। पिछले एक माह से चांपा शहर की विद्युतपूर्ति बद से बदतर हो गई है। दिन में मरम्मत के कारण शटडाउन लिया जाता है तो रात में ट्रिपिंग परेशान करने लगती है।वहीं जिन क्षेत्रों में मेंटेनेंस का कार्य पूरा किया जा चुंका है उन इलाको में बार बार ट्रिपिंग की समस्या सामने आ रही है। नगर का ये हाल है तो ग्रामीण क्षेत्रों में क्या होता होगा। गर्मियों की शुरुआत से ही मेंटनेंस का कार्य शुरू हो जाती है लेकिन इसका असर धरातल में देखने को नहीं मिलता है। शहरवासी अपनी समस्याओं को लेकर आए दिन शिकायत करने पहुंच रहे हैं। वहीं मौसम में हल्की बदलाव आने से भी ब्लैकआउट की समस्या सामने आ रही है। बीते दिन ही शहरी क्षेत्र में मेंटनेंस के लिए करीब 8 घंटे पावर सप्लाई बाधित थी वहीं शाम को हलके हवा तूफान से पूरा क्षेत्र ब्लैकआउट था। वहीं बीते दिन चांपा के 3 से 4 वार्डों में पावर कट की समस्या रही। वहीं लोगों में इस बात को भी लेकर गुस्सा है कि बार-बार लाइट बंद एवं ट्रिपिंग किया जा रहा है। ट्रिपिंग की समस्या से नगरवासी परेशान-दोपहर और रात के वक्त जैसे ही पावर कंजम्पशन बढ़ रहा है वैसे ही ट्रिपिंग की समस्या देखने को मिल रही है। चांपा के अनेकों वार्डो में इसकी समस्या इतनी है कि लोगों के मन में शार्टसर्किट होने का डर सताने लगता है।

> गर्मी के दिनों में लोड 3 गुना बढ़ जाता है।लोड बढ़ने के कारण तकनीकी समस्या आती है जैसे ही बिजली बंद की सूचना मिलती है तत्काल समस्या का निराकरण किया जाता हैं। फिलहाल चांपा शहर में लगभग 25 जगहों पर नए ट्रांसफार्मर लगाए गए है आने वाले समय मे बिजली बंद एवं ट्रिपिंग की समस्या नही होगी
> **- महेश जायसवाल, सहायक अभियंता, विधुत विभाग चांपा।**

# 10 वीं, 12 वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का होगा सम्मान

- **कैरियर मार्गदर्शन, क्विज प्रतियोगिता एवं विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन 27 मई को बम्हनीडीह में**

पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लाक शाखा बम्हनीडीह द्वारा "युवा-संकल्प से विकल्प कार्यक्रम" के तहत सत्र 2014 से प्रारंभ किए गए कार्यक्रम के 10 वें वर्ष में शिक्षक सदन बम्हनीडीह में दिनांक 27/05/2024 दिन सोमवार को 12 बजे से कैरियर मार्गदर्शन, क्विज प्रतियोगिता एवं विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें बम्हनीडीह ब्लाक के सभी शासकीय हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, ब्लॉक अध्यक्ष उमेश तेम्बुलकर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुबेर सिंह उरैति सीईओ जनपद पंचायत बम्हनीडीह, अध्यक्षता एम डी दीवान बीईओ बम्हनीडीह, विशिष्ट अतिथि मणिकांत पांडेय निरीक्षक थाना बम्हनीडीह, हीरेन्द्र बेहार बीआरसी बम्हनीडीह होंगे तथा सुमन जायसवाल पीएससी सलेक्टेड डी एस पी, आजम्बर सिंह बीएमओ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह, विजय पाण्डेय सीएमओ नगर पालिका सारागांव, संतोष बंजारे सहायक उप निरीक्षक थाना बम्हनीडीह,जितेंद्र पाण्डेय संचालक ओरिजिन कोचिंग जांजगीर विद्यार्थियों को कैरियर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर ही सामान्य ज्ञान सम्बन्धी तात्कालिक क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया जाएगा, सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

## खनिज के अवैध परिवहन पर की गई कार्यवाही

**सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में तथा खनिज अधिकारी के मार्गदर्शन में खनिज विभाग उडनदस्ता के द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन पर कार्यवाही करते हुए खनिज निम्नश्रेणी चूनापत्थर का अवैध रूप से परिवहन करते हुए डभरा में एक हाईवा तथा ग्राम डोटमा में खनिज रेत के अवैध परिवहन करते हुये 02 ट्रेक्टर जब्त किया जाकर थाना डभरा एवं हसौद की सुपुर्दगी में रखा गया। उक्त वाहनों के संबंध मे छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत् नियमानुसार कार्यवाही किया जावेगा।

# चंद्रपुर में मांड नदी के तट को ही बना दिया फ्लाई ऐश का अवैध डंपिंग स्थल

## जिला प्रशासन के निर्देश पर हुई बड़ी कार्रवाई





पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिले में अवैध राखड़ डंपिंग पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। डभरा एसडीएम से प्राप्त जानकारी अनुसार चंद्रपुर तहसील अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत चंदली में मांड नदी तट पर सत्या राणा पति मदन सुंदर राणा द्वारा अपने निजी भूमि पर राखड़ डंप करवाया जा रहा था। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डभरा बालेश्वर राम तथा तहसीलदार चंद्रपुर अभिजीत राजभानु को दी गई। जिसके तहत एसडीएम डभरा द्वारा तुरंत संज्ञान में लेते हुए तहसीलदार चंद्रपुर को अवैध राखड डंपिंग पर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया । जिससे राजस्व अमलों द्वारा एसडीएम डभरा के मार्गदर्शन में मौके पर जांच की गई तथा राखड डंपिंग को नियम के विरुद्ध नदी तट से 98 मीटर पर डंप किया जाना पाए जाने पर मौका जांच पंचनामा बनाकर कार्यवाही की गई है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा सभी तहसीलों में अवैध राखड डंपिंग पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

# पत्रकारों पर आरोप लगाना भाजपा विधायक को पड़ा महंगा, विधायक के खिलाफ पत्रकार हुए लामबंद

पायनियर संवाददाता ✓ वैशाली नगर
www.dailypioneer.com



दुर्ग जिले के वैशाली नगर विधानसभा के भाजपा विधायक रिकेश सेन को अपने पर्सनल फेसबुक अकाउंट पर पत्रकारों को लेकर टिप्पणी करना महंगा पड़ता दिख रहा है। उन्होंने पत्रकारों को ब्लैकमेलर और दलाल जैसे शब्द का उपयोग किया है। इसको लेकर पत्रकार लामबंद हो गए हैं। उन्होंने आईजी दुर्ग राम गोपाल गर्ग और एसपी दुर्ग जितेंद्र शुक्ला को रिकेश सेन के खिलाफ ज्ञापन सौंपा है और आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई किये जाने की मांग की है। एसपी दुर्ग जितेंद्र शुक्ला ने मामले में जांच करने का आश्वासन दिया है। ज्ञात हो कि बीते कुछ दिन पहले विधायक रिकेश सेन के प्रतिनिधि को लेकर एक एक खबर का प्रकाशन हुआ था, तथा यह खबर विधायक रिकेश को इतनी नागवार गुजरी की उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट खबर लिखने वाली पत्रकार को धमकी दे डाली,एवम अकाउंट पर लिखते हुए कहा कि उस पत्रकार के खिलाफ वो कार्रवाई कराएंगे, इतना लिखने के बाद भी जब पत्रकारों ने विधायक की पोस्ट पर कोई प्रतिक्रिया नहीं की तो विधायक इतने नीचे गिर गए गए की उन्होंने दूसरा पोस्ट यह लिख डाला कि उनके पास 200 डॉक्टर, व्यापारी और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा है कि उन्हें यह पत्रकार ब्लैकमेल कर रहा है। विधायक ने कहा कि उस पत्रकार के खिलाफ एफआईआर होगी।

# गिरिराज रेन बसेरा में 29 मई से होंगी 6 वर्ष से 16 वर्ष तक के बच्चों के लिए समर मिड ब्रेन एकपिवेशन क्लास

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com




अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन शाखा- शक्ति द्वारा शहर के स्टेशन रोड स्थित गिरिराज रेन बसेरा में वर्तमान समर वेकेशन को देखते हुए 6 वर्ष से 16 वर्ष तक के बच्चों के लिए मिड ब्रेन एकपिवेशन विशेष क्लासेस स्मार्ट ब्रेन प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है, एवं 27 तथा 28 मई को निशुल्क डेमो क्लासेस का भी आयोजन किया गया है, तथा इस विशेष समर क्लासेस का 15 दिन का कोर्स होगा,जिसमें प्रथम प्रवेश के पश्चात 2 दिनों तक 7-7 घंटे का विशेष प्रशिक्षण होगा, एवं सुबह 10:00 से दोपहर 01 बजे तक होटल गिरिराज रैन बसेरा शक्ति में यह विशेष समर कोर्स आयोजित होगा, तथा दो दिन की डेमो क्लास सुबह 10:00 बजे से 11:00 तक होगी,तथा इस कोर्स के संबंध में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन शाखा शक्ति के अध्यक्ष हरिओम अग्रवाल एवं प्रशिक्षक विनीता मैडम ने बताया कि मिड ब्रेन एकपिवेशन कोर्स राष्ट्रीय स्तर पर बड़े-बड़े स्थानों पर आयोजित किया जाता है, तथा शक्ति शहर में भी क्षेत्र के अभिभावकों की मांग पर यह कोर्स तीसरी बार आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 6 वर्ष से 16 वर्ष तक के बच्चों को उनके मस्तिष्क विकास ब्रेन डेवलपमेंट के संबंध में विस्तार पूर्वक उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा, तथा जिससे बच्चे आंखों में पट्टी बांधकर साइकिल भी चला सकेंगे, अखबार भी पढ़ सकेंगे एवं कलर भी पहचान सकते हैं, तथा इस विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों का शिक्षा के साथ-साथ मानसिक विकास भी तेजी से होगा, एवं शक्ति शहर में 29 मई से प्रारंभ इस विशेष प्रशिक्षण कोर्स को लेकर काफी संख्या में शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल से भी अभिभावक अपने बच्चों को प्रशिक्षण दिला रहे हैं।

# कलेक्टर ने ली छात्रावास अधीक्षकों की बैठक दिये सख्त निर्देश



पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर आकाश छिकारा ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में छात्रावास अधीक्षकों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित छात्रावास आश्रमों में सत्र प्रारंभ होने के पूर्व तैयारी करते हुए साफ - सफाई, स्टाफ पंजी का नियमानुसार संधारण करने, छात्र-छात्राओं के उपयोग हेतु प्रदत्त सामग्री को अनिवार्य रूप से विद्यार्थियों को दिया जाना सुनिश्चित करने सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधीक्षक/ अधीक्षिका को एक पालक की भूमिका में रहकर विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करते हुए छात्रावास संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी छात्रावास में मरम्मत कार्यों को चिन्हांकित कर जानकारी शीघ्र देने कहा। कलेक्टर ने छात्रावास अधीक्षकों को नियमित मानिटरिंग और छात्रावास का बेहतर तरीके से संचालन करने कहा। उन्होंने किसी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाये जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही करने के शख्त निर्देश दिए ।बैठक में अपर कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक आयुक्त लवीना पांडेय, समस्त मंडल निरीक्षक व जिले के सभी अधीक्षक/ अधीक्षिका उपस्थित रहे।

# समर कैंप का आयोजन-:शासकीय कन्या विद्यालय में छात्राएं ले रही प्रशिक्षण, प्रतिदिन अलग-अलग प्रशिक्षक पहुंचकर करते रहे हैं मार्गदर्शन



पायनियर संवाददाता ✓ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में 10 मई से लेकर 22 मई तक 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस समर कैंप में बच्चो ने भारी संख्या में बढ़ चढ़कर भाग लिया। समर कैंप में मुख्य रूप से रीजनिंग, स्पोकन इंग्लिश और कोडिंग की क्लासेस संचालित की जा रही थी। जिससे बच्चों की मानसिकता एवं उनकी कार्यशैली के आधार पर उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए बच्चों को सिखाया गया। साथ ही साथ उनके मानसिक विकास व सर्वांगीण विकास में मिलेगी मदद मिलेगी। यह कैम्प सुबह 08 बजे से 10 बजे तक संचालित किया जाता रहा। जो कि यह समर कैंप 22 मई तक आयोजित किया गया।

## छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्राचार्य

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर के प्राचार्य ने कहा इस समर कैंप का उद्देश्य बच्चों का मनोरंजन के साथ स्वस्थ वातावरण में उनकी छिपी हुई प्रतिभा को उभारना और उनमें आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। समर कैंप के माध्यम से अपने छुट्टियों को आनंदमयी बनाने के साथ-साथ अपने अंदर के बाल कलाकार को एक नए आयाम दें, ताकि भविष्य में इसे याद रखा जा सके। इस समर कैंप आयोजन में मुख्य रूप से अभिषेक ठेठवार, ओमप्रकाश जायसवाल, महेश्वर साहू ने प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## चोरी के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने किया आरोपियों को गिरफ्तार

**सक्ती।** शहर और आसपास हो रही कोटर साइकिल चोरियों को रोकने और चोरों को पकड़ने पुलिस अधीक्षिका अंकिता शर्मा ने सभी टहनी में अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं, रमा पटेल तथा एसडीओ पुलिस सक्ति मनीष कुंवर की इसके सतत पर्यवेक्षण की जवाबदारी दी है। पुलिस भी लगातार चोरों की पातासाजी में जुटी हुई थी। प्रार्थी पिताम्बर पटेल ने बताया कि जवाहर लाल नेहरू कालेज में मतदान जागरूकता कार्यक्रम में प्रार्थी का डयूटी लगा था। प्रार्थी अपनी मोटर सायकल हिरो पैशन से कार्यक्रम स्थल में कालेज ग्राउंड मैदान सक्ती में मो.सा. को खडी कर डियुटी करने चला गया था बाद डियुटी के वापस आकर देखा तो वहां पर मो.सा. नहीं था जिसे कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाने के संबंध में धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# आईपीएल के सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के मैच पर सट्टा नोट कर रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा

### आरोपी से नकद 1,02,750, एक मोबाइल और लाखों का क्रिकेट सट्टा जप्त, आरोपी पर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर जिले में सट्टा-पट्टी पर अंकुश लगाने पुलिस मुखबीरों का जाल बिछाकर इस अवैध कारोबार से जुड़े लोगों पर पैनी नजर रखे हुए है। इसी कड़ी में सीएसपी आकाश शुक्ला द्वारा आईपीएल के मैच पर क्रिकेट सट्टा की संभावना पर शहर के सभी प्रभारियों को लगातार पेट्रोलिंग कर सक्रिय मुखबीरों से सूचनाएं लेकर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते शाम थाना प्रभारी कोतवाली को मुखबिर से सूचना मिली कि संजय मार्केट में दरोगा पारा का रहने वाला प्रकाश सिंह चौहान आईपीएल के सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच चल रहे क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाने वालों से बॉल टू बॉल क्रिकेट सट्टा मोबाइल पर नोट कर रहा है। सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी द्वारा स्टाफ कार्रवाई के लिये संजय मार्केट रवाना किया गया। पुलिस की टीम ने संजय मार्केट पर प्रकाश सिंह चौहान को सट्टा पट्टी नोट करते पकड़ा। जिसके कब्जे से 1,02,750 और एक विवो मोबाइल की जप्ती की गई है। आरोपी अपने टच स्क्रीन वाले विवो मोबाइल पर क्रिकेट सट्टा ऐप के जरिए लोगों से क्रिकेट सट्टा नोट कर रहा था जिस पर क्रिकेट सट्टा रूपयों का हिसाब लेख है, जिसका स्क्रीन शॉट सेव किया गया है।

आरोपी प्रकाश सिंह चौहान पिता लक्ष्मीनारायण चौहान उम्र 36 वर्ष निवासी जैन मंदिर के पास दारोगापारा थाना कोतवाली रायगढ़ पर थाना कोतवाली में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्यवाही किया गया है।

# रेलवे के सीनियर डीसीएम से मुलाकात की प्रांतीय अग्रवाल संगठन के चैयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल ने

पायनियर संवाददाता ✓ सक्ती
www.dailypioneer.com



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सीनियर डीसीएम अवधेश प्रताप त्रिवेदी से छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के चेयरमैन एवं रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच के डॉ. अशोक अग्रवाल ने सौहाद्र मुलाकात की, उन्हें बुके भेंट कर पदभार ग्रहण करने की बधाई देते हुए डॉ अशोक अग्रवाल ने कहा कि, उनके आगमन से निश्चित ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर डिवीजन का चौमुखी विकास होगा, विषयों पर उनकी गंभीर समझ और तत्काल निर्णय लेने की क्षमता से वे अत्यंत प्रभावित हैं, डॉ अग्रवाल ने त्रिवेदी जी से रायपुर रेलवे स्टेशन पर पिछले 11 वर्षों से रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच द्वारा संचालित निशुल्क इलेक्ट्रिक बैटरी कार के बारे में बताते हुए कहा कि, उनकी संस्था द्वारा विकलांग वृद्ध एवं बीमार यात्रियों के लिए मुख्य द्वार से उनके कोच तक जाने और आने के लिए निशुल्क सेवाएं, जन सहयोग से पिछले 11 वर्षों से लगातार दी जाती रही है। सेवाओं को समय के अनुसार और बेहतर बनाए जाने के लिए, सर्व सुलभता और सेवाएं प्राप्त करने वाले यात्रियों का रिकॉर्ड ऑनलाइन रखने के उद्देश्य से, सेवाओं को बेहतर करने के लिए आपका मार्गदर्शन चाहते हैं, इस संबंध में जारी किए जाने वाले क्यू आर कोड के बारे में भी उन्हें बताया गया, दोनों गाड़ियों की सुरक्षा एवम् चार्जिंग पॉइंट हेतु एक उचित स्थान उपलब्ध कराने हेतु भी निवेदन किया गया।

# गुरु घासीदास नेशनल पार्क में विचरण कर रहे वन भैंसा जनकपुर परिक्षेत्र में देखे गये एक दर्जन से अधिक वन भैंसा

पायनियर संवाददाता ◀ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के जनकपुर परिक्षेत्र में 17 वन भैंसे दिखने से वन विभाग खुश है। वनकर्मी वन भैंसों पर नजर बना कर रखे हुए हैं। मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के जनकपुर फॉरेस्ट रेंज में 17 वन भैंसा देखे गए हैं। जिसमें से 14 गौर और 3 बच्चे शामिल है। सभी एक साथ जनकपुर के जंगल के अंदर बनाए गए तालाब से जाते हुए कैमरे में कैद हुए है।



### मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ पहुंचे वन भैंसे

ये सभी वन भैंसे मध्यप्रदेश के संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान से आये हैं, जो गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के क्षेत्र में आकर घूम रहे हैं। जनकपुर रेंजर और उनकी टीम इन सभी वन भैंसों पर निगरानी बनाए हुए है।

### वन भैंसों को भाया जनकपुर रेंज

गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान, मध्यप्रदेश के संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान से लगा हुआ है, वहां कान्हा किसली राष्ट्रीय उद्यान से 40 गौर लाये गए हैं, जिनमे से 17 गौर विचरण करते हुए गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के जनकपुर पहुंच गए, दिन में गश्त के दौरान एक गौर कैमरे में कैद हुआ है, बताया जा रहा है कि ग्राम जलवा के कुदरा बीट में इन वन भैंसों को देखा गया है।

### वन विभाग हुआ सचेत

जनकपुर रेंज के रेंजर राजाराम ने बताया कि जनकपुर गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान में गौर घूम रहे हैं। मध्यप्रदेश से आए 17 गौर को यहां की आबोहवा भा रही है वो बीते कई दिनों से यहीं विचरण कर रहे हैं।

# पूर्व सांसद मधूसुदन यादव ने सेमरहा पहुंचकर दिवंगत तेंदूपत्ता संग्राहकों आश्रितों से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा/कुंडा
www.dailypioneer.com



राजनांदगांव लोकसभा के पूर्व सांसद मधुसुदन यादव ने क्षेत्र के पूर्व सांसद होने तथा क्षेत्र की जनता के प्रति अपने दायित्वों को समझते हुए कबीरधाम जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम सेमरहा का दौरा किया और बीते सोमवार को बाहपानी सड़क हादसे में दिवंगत हुए 19 तेंदूपत्ता संग्राहकों के पीड़ित परिवारों के सदस्यों तथा उनके आश्रित बच्चों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। इस दौरान श्री यादव ने इस हृदय विदारक घटना के बाद से शोक में डूबे पीड़ित परिवारों के सदस्यों को ढाढस बंधाते हुए कहा कि वे अपने आपको अकेला न समझे पूरी भाजपा सरकार उनके इस दुख में उनके साथ खड़ी है और उनकी हर संभव मदद के लिए तैयार है। उन्होने कहा कि सरकार ने पीड़ित परिवारों के लिए जो आर्थिक मदद की घोषणा की है और नियमानुसार जो आर्थिक मदद दी जानी है उस पर तेजी से कार्यवाही की जा रही है। इस पूरी प्रक्रिया में स्वयं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा नजर रखे हुए हैं। इस दौरान यादव ने क्षेत्र के लोगों से यह भी अपील की है कि वे अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए आवागमन के लिए सही साधनो का चुनाव करें ताकि ऐसी दुर्घटनाओं की पुर्नावृत्ति को रोका जा सका। साथ उन्होने यह भी बताया कि शासन-प्रशासन द्वारा भी ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अपने स्तर पर प्रयास और कार्यवाही की जा रही है।

# टाटा म्यूचुअल फंड ने भिलाई में नई शाखा का शुभारंभ करके छत्तीसगढ़ में किया विस्तार

TATA MUTUAL FUND



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

अप्रैल 2024 तक, भिलाई में उद्योग द्वारा प्रबंधित शुद्ध संपत्ति (एयूएम) लगभग 432.61 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 88त्न चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) दर्शाती है। इसमें इक्विटी, डेट, बैलेंस्ड फंड और ईटीएफ (नकदी सहित) में निवेश शामिल है। शाखा का उद्घाटन हेमन्त कुमार ने किया। शॉप नंबर 56, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, पूर्वी भिलाई में स्थित शाखा सोमवार से शनिवार सुबह 9 बजे से शाम 5:30 बजे तक खुली रहेगी। भिलाई में शुरू की गयी नयी शाखा धन प्रबंधन और निवेश योजना पर विशेषज्ञ सलाह लेना चाहने वाले व्यक्तियों, परिवारों और व्यवसायों के लिए एक केंद्र होगी। म्यूचुअल फंड उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ, निवेशकों को आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना टाटा म्यूचुअल फंड का लक्ष्य है। टाटा एसेट मैनेजमेंट के बिज़नेस हेड-रिटेल, हेमन्त कुमार ने कहा, विकास की अपार संभावनाओं वाले शहर भिलाई में आकर हम बहुत खुश और उत्साहित हैं। यह विस्तार धन निर्माण को सुलभ बनाने और विभिन्न समुदायों में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के हमारे लक्ष्य का समर्थन करता है। एएमएफआई के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2024 तक, छत्तीसगढ़ के निवेशकों का औसत एयूएम पिछले दो वर्षों में 27% सीएजीआर से बढ़कर 35,537.76 करोड़ रुपये था। भिलाई में नयी शाखा को जोड़कर अब छत्तीसगढ़ में टाटा म्यूचुअल फंड की दो शाखाएं हैं। राष्ट्रीय स्तर पर, कंपनी ने पूरे भारत में 100 शाखाओं का नेटवर्क फैलाया है।

# एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के लोगो का अनावरण

## एनएसएल की प्रथम वार्षिक योजना का आयोजन सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◀ हैदराबाद/रायपुर
www.dailypioneer.com






एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल), नगरनार ने सुस्थिर इस्पात उत्पादन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एनएमडीसी स्टील प्लांट में गर्व के साथ अपने लोगो का अनावरण किया। इस अभिनव एवं प्रतीकात्मक लोगो का अनावरण अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार), एनएसएल ने किया। इस अवसर पर विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी), एनएसएल, बी. विश्वनाथ, मुख्य सतर्कता अधिकारी, एनएसएल, के. प्रवीण कुमार, अधिशासी निदेशक, एनएसएल तथा एनएसएल एवं एनएमडीसी के कार्मिक और कर्मचारी संघों के प्रतिनिधि उपस्थिति थे। यह लोगो एनएसएल के 'इस्पाती इरादे' का प्रतीक है और कंपनी की न केवल पूर्ण शक्ति, बल्कि उद्देश्य के साथ इस्पात निर्माण की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह एनएसएल के नवाचार के साथ इस्पात उत्पादन का प्रतिनिधित्व करता है जिसने हॉट मेटल से एचआर कॉइल सिर्फ9 दिनों में तैयार किया और मात्र 226 दिनों में 1 मिलियन टन का रिकार्ड उत्पादन किया। इस अवसर पर अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार), एनएसएल ने कहा, एनएसएल का यह लोगो हमारी पहचान और बस्तरिया (छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के लोग) के रूप में हमारे अंदर निहित असीम गर्व को दर्शाता है। यह सुंदरता के साथ छत्तीसगढ़ के डोकरा कला शैली को दर्शाता है, जो कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय समुदाय के साथ हमारे प्रगाढ़ संबंधों को उजागर करता है। उन्होनें आगे कहा कि यह लोगो न केवल एक पहचान है, बल्कि उच्च गुणवत्ता के इस्पात उत्पादन के साथ इस्पात उद्योग के भविष्य को गढ़ने के एनएसएल के उद्देश्य का जीवंत प्रतीक है। यह प्रकृति, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और सुस्थिरता को समाहित करता है, जो इस्पात की समस्त टैपिस्ट्री में सहजता से गुँथे हुए हैं। यह 'आत्मनिर्भर भारत' के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है और भारत के बुनियादी ढांचे एवं औद्योगिक प्रगति में योगदान करता है। लोगो के अनावरण के बाद, एनएसएल ने अपनी पहली वार्षिक योजना बैठक आयोजित की। वार्षिक योजना बैठक में पिछले वर्ष की सफलताओं को आगे बढ़ाने, परिचालन चुनौतियों का समाधान करने और सुस्थिर बनाने, और आने वाले वर्षों के लिए कार्यनीतिक पहलों पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक में उत्पादन क्षमता बढ़ाने, पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने तथा नवाचार और उत्कृष्टता की गति को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया। एनएसएल की पहल इस्पात क्षेत्र में अग्रणी बनने, सुस्थिर प्रथाओं को बढ़ावा देने और देश के बुनियादी ढांचे के विकास का समर्थन करने के अपने विजन के अनुरूप है।

# लोगों को रकम दोगुना करने का झांसा देकर लगभग 60 लाख रु. की ठगी




पायनियर संवाददाता ◀ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

लोगों को रकम दोगुना करने का झांसा देकर लगभग 60 लाख रु. की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। शातिर ठग ने लोगों को अपने झांसे में लेने के लिए आरबीआई का फर्जी सर्टिफिकेट भी लोगों को दिखाया था। फिर योजना के अनुसार एक-एक करके लोगों से पैसे जमा करवाता गया। जब रकम वापस करने की बारी आई तो आरोपी नौ दो ग्यारह हो गया। रकम जल्दी दुगुनी करने की चाहत एक बार फिर लोगों पर भारी पड़ गई। मनेन्द्रगढ़ में बीस महीने में रकम दोगुना करने का सपना दिखाकर लगभग 60 लाख की ठगी की गई। जानकारी के अनुसार कथित तौर पर शहडोल निवासी व्यक्ति ने कंपनी में लाखों रुपए जमा करवाए हैं। इसके लिए आरोपी ने एकजोत और विजन 2022 नाम की कंपनी खोली। लोगों का भरोसा जीतने के लिए आरोपी ने आरबीआई का फर्जी सर्टिफिकेट दिखाकर लोगों को चूना लगा दिया। मनेंद्रगढ़ के मौहारपारा में रहने वाली महिला रेहाना परवीन ने मनेंद्रगढ़ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अमलई जिला शहडोल एमपी का निवासी कलाम अली अप्रैल 2021 मौहारपारा आया था। जिसमें कलाम ने बीस महीने में निवेशित रकम दोगुना होने का झांसा दिया। रेहाना परवीन ने झांसे में आकर 19 अप्रैल 2021 को पहली बार 50 हजार रुपए जमा किया। आखिरी बार महिला ने 20 जून 2023 को डेढ़ लाख जमा किया। इसके बाद आरोपी ने रेहाना समेत दूसरे लोगों को रकम का 10 प्रतिशत प्रतिमाह देना शुरु किया। ये बात जब फैली तो दूसरे लोगों ने भी कंपनी में निवेश कर दिया।

### 60 लाख का लगाया चूना

रेहाना परवीन के नक्शे कदम में चलते हुए अन्य लोगों ने भी पैसे जमा किए। कलाम अली ने एकजोत नाम की संस्था में पैसा लगाने पर एक वर्ष में सभी ग्राहकों का पैसा आठ प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से भुगतान करने का वादा भी किया। जिसमें 10 हजार रुपए तक ग्राहक को बीस माह तक नियमित रूप से पैसे देने की भी बात कही गई। कुल मिलाकर कलाम अली ने 60 लाख रुपए लोगों से इकठ्ठा किए। लेकिन जब पैसा देने की बारी आई तो वापस नहीं किया। शिकायत के बाद मामले में मनेंद्रगढ़ पुलिस ने आरोपी कलाम अली के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# महानदी मे तैरते हुए मिला युवक का शव

**धमतरी।** शनिवार 25 मई की सुबह महानदी में तैरती लाश मिली। सूचना पर रूद्री पुलिस मौके पर पहुचकर गोताखोरो की मदद से उसे बाहर निकलवाया गया जिसकी शिनाख्ती अनिल ढीमर के रूप में हुई। शव पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। रूद्री थाना प्रभारी विकेंश्वरी पिंदे ने बताया कि कांकेर जिले के ग्राम हाराडुला निवासी अनिल ढीमर उम्र लगभग 33 वर्ष अपनी बहन और जीजा के घर ईट बनाने का कार्य करने केलिए आया हुआ था वही 23 मइ से लापता था जिसे परिजन ढूंढ भी रहे थे। 25 मई की सुबह सूचना मिली कि महानदी में एक लाश तैर रही है जिसकी शिनाख्ति अनिल ढीमर के रूप में हुई है। प्रथम दृष्टया में मौत डूबने से प्रतीत हो रहा है। बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा फिलहाल पुलिस आगे की कार्यवाही मे जुट गयी।

# मीना बाजार में लगाए गये पुलिस बल का वेतन एवं सडक पर खड़ी गाडी के विरोध में संचालक के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने की माँग

पायनियर संवाददाता ◀ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



अधिवक्ता राम सेवक सोनी ने पुलिस अधीक्षक मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी छग मीना बाजार में लगाए गये पुलिस बल का वेतन एवं सडक पर खडी गाडी के संचालक के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने की माँग की है। वर्तमान में एन.एच. खेडिया तिराहा के पास मीना बाजार संचालित है। मीना बाजार संचालित करने के लिए मीना बाजार संचालन के लिए किसी भी प्रकार की परमिशन नही लिया गया है एवं वर्तमान में थाना मनेन्द्रगढ़ में बल की कमी है एवं अचार संहिता भी लागू है. संचालित मीना बाजार पेट्रोल पंप से लगा हुआ है एवं बड़े झूले लगे हुए है इसके अलावा गंभीर दुर्घटना एन.एच. खेड़िया तिराहा के आस पास घटित होती रहती है मीना बाजार संचालको ने एन.एच. सडक में अवैध तरीके से किराया दुकान संचालित कर रहे है एवं किराया लाखों रूपये में वसूल कर रहे है। मीना बाजार में अपातकाल स्थिति में कोई उपचार सुविधा भी उपलब्ध नही है। पुलिस बल अनावश्यक रूप से मीना बाजार संचालक को पुलिस बल महिला प्रदान किया जा रहा है जिससे वहा सुरक्षा में लगने वाले कर्मचारियों का वेतन सरकार दे रही है और पुलिस विभाग को आय की क्षति भी उठानी भी पड़ रही है। इसलिए सड़क पर खडी वाहनों को हटाया जाए एवं पुलिस बल भी हटाया जाये. इसके अलावा प्रत्येक पुलिस कर्मी के वेतन की वसूली करते हुए पब्लिक न्यूसेस की धारा 133 दप्रसं के अनुसार कार्यवाही करते हुए सीज किया जाए ।इसके साथ ही अधिवक्ता आर एस सोनी ने प्रभारी अधिकारी, आबकारी विभाग को एक ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में उल्लेखित है कि एन.एच के बगल में मीना बाजार लगाया गया। जिसमें मीना बाजार के संचालक द्वारा कई दुकानों को 20 से 25 हजार रूपये में किराये पर दिया गया है एवं स्टेन्ड पार्किंग को दे के कार एवं बाईक से मनमाना पैसा वसूल किया जा रहा है.इसके अलावा मीना बाजार में अंदर जाने वालों से 10 रूपये प्रति व्यक्ति लिया जा रहा है। एवं जिस जगह में मीना बाजार लगाया गया है उससे लगे स्थान में पेट्रोल टंकी है एवं गंभीर दुर्घटना की संभावना एवं संचालित मीना बाजार के द्वारा अबकारी विभाग से कोई परमीशन नही ली गई है एवं नगर पालिका क्षेत्र में मीना बाजार प्रदर्शनी लगाने बावजूद भारी आय अर्जित करने के बावजूद कोई मनोरंजन शुल्क अदा नही किया जा रहा है। एन.एच. सडक पर गाड़ियों को खड़ा कर पब्लिक न्यूसेंस पैदा कर रहे हैं जिससे संचालित मीना बाजार को बंद कराया जाना एवं अबकारी विभाग को हुए नुकसान की वसूली की जाए।

# जान्हवी कपूर ने पूरी म्यूजिक टीम के साथ मुंबई में मिस्टर एंड मिसेज माही का एल्बम लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




साल की सबसे बहुप्रतीक्षित रिलीज में से एक, मिस्टर एंड मिसेज माही के कलाकार और पूरी म्यूजिक टीम मुंबई में एक विशेष अनुभव पर फिल्म का एल्बम लॉन्च करने के लिए एक साथ आई। दुनिया के अग्रणी ऑडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म Spotify और सोनी म्यूज़िक इंडिया ने जान्हवी कपूर के साथ-साथ निर्देशक शरण शर्मा और फिल्म के साउंडट्रैक के पीछे के संगीतकारों तनिष्क बागची, विशाल मिश्रा, जुबिन नौटियाल, जानी और उनकी टीम, कौसर मुनीर, नीति मोहन, कविता सेठ, लक्ष्य कपूर, अचिंत, मोहम्मद फ़ैज़, ध्रुव ढल्ला को एक साथ लाया, जहाँ दोपहर में परफॉर्मेंस और बातचीत हुई, जिसके बाद 7 गानों वाला एल्बम रिलीज़ किया गया। फिल्म के दो गाने, 'देखा तेनु' और 'अगर हो तुम' रिलीज़ हो चुके हैं और दुनिया भर के श्रोताओं के बीच पहले से ही धूम मचा रहे हैं। फिल्म के ट्रेलर के साथ-साथ इन संगीतमय सफलताओं ने पूरे एल्बम रिलीज़ के लिए उत्साह को और बढ़ा दिया। इस कार्यक्रम में, कलाकारों ने एक अंतरंग सेट अप में एल्बम के गाने गाए और फिल्म के संगीत को बनाने के बारे में किस्से साझा किए, जिससे यह एक अनोखी, संगीतमय दोपहर बन गई। सफल बॉलीवुड साउंडस्केप के सभी तत्वों से युक्त यह एल्बम अपने समृद्ध संगीत के माध्यम से दर्शकों से गहराई से जुड़ता है। जान्हवी कपूर ने कलाकारों और निर्देशक के साथ खुलकर बातचीत की और संगीत का आनंद लिया। मैं इस एल्बम के रिलीज़ होने से बेहद रोमांचित हूँ। यह मेरे लिए एक खास जगह रखता है, क्योंकि हर गाना बेहद सुकून देने वाला और मधुर है। ये ऐसे गाने हैं जिन्हें दर्शक आसानी से याद रख सकते हैं और उनका आनंद ले सकते हैं। 'देखा तेनु' और 'अगर हो तुम' के लिए हमें जिस तरह की ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, मुझे यकीन है कि पूरे एल्बम को भी वैसा ही प्यार मिलेगा। हमारे पास ऐसे अद्भुत गायक, संगीतकार और गीतकार हैं और मैं इससे ज़्यादा कुछ नहीं माँग सकता था।

# विक्की और मैं खाना पकाने के विशेषज्ञ नहीं हैं, लेकिन हम जानते हैं कि दर्शकों का मनोरंजन कैसे करना है : अंकिता लोखंडे

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



कलर्स का 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' अंकिता लोखंडे कहती हैं, कलर्स एक अनोखा कुलिनरी-कॉमेडी क्रॉसओवर 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो नॉन-स्टॉप मनोरंजन का महोत्सव लेकर आता है। बारह लोकप्रिय एंटरटेनर एक शानदार कुकिंग शोडाउन के लिए एक अव्यवस्थित किचन में कदम रख रहे हैं जो वाकई बेहद मज़ेदार होगा। रेसिपी को बिगाड़ने से लेकर जोक्स सुनाने तक, वे हंसी का तूफान लाने के लिए तैयार हैं। इस किचन में कृष्णा अभिषेक - कश्मीरा शाह, विक्की जैन - अंकिता लोखंडे, राहुल वैद्य अली गोनी, रीम समीर शेख - जन्नत ज़ुबैर, करण कुंद्रा अर्जुन बिजलानी, और सुदेश लेहरी निया शर्मा जैसे सितारे शेफ की भूमिका निभाएंगे। कॉमेडी क्वीन भारती सिंह अपने ह्यूमर का तड़का लगा रही हैं, सेलिब्रिटी शेफकोच हरपाल सिंह सोखी इन नौसिखिए शेफ्स की मदद कर रहे हैं, और उनके व्यंजनों की रेटिंग कर रहे हैं। लाफ्टर शेफ्स के बीच, अंकिता लोखंडे ने इस हंसी के दंगल में कदम रखने का अपना अनुभव साझा किया। कलर्स के अनूठे कुलिनरी और कॉमेडी क्रॉसओवर में हिस्सा लेना उनको लिए बहुत बड़ी बात है। खाना पकाना कभी भी उनका पसंदीदा विषय नहीं रहा है, इसलिए दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ-साथ पूरी तरह से कुछ नया करने के विचार ने उन्हें उत्साहित कर दिया जिसने उन्हें इस शो में भाग लेने के लिए आकर्षित किया, जिसमें कुकिंग और कॉमेडी का मिश्रण है। बिग बॉस के घर से बाहर आने के बाद, कलर्स के साथ काम करके उन्हें इतना मज़ा आया था कि मैं इस जोश को बरकरार रखने के लिए उत्सुक थी। कलर्स साथ का यह सफ़र बहुत मज़ेदार रहा है, और उन्हें बस इतना पता था कि यह अनुभव सरप्राइज़ और सीखने के पलों से भरपूर होगा। चूंकि विक्की और वो दोनों ही अच्छे से खाना बनाना नहीं जानते, इसलिए उन्हें लगता है कि हर कोई बड़ा प्रतिस्पर्धी होगा। विक्की और वो खाना पकाने के विशेषज्ञ नहीं हैं, लेकिन वे जानते हैं कि दर्शकों का मनोरंजन कैसे करना है।

# भूषण लाल वर्मा का निधन



**रायपुर।** प्रोफेसर कालोनी निवासी और दैनिक स्वदेश एवं युगधर्म के पूर्व प्रसार प्रभारी भूषण लाल वर्मा का 84 वर्ष की आयु में देवलोक गमन हो गया। स्व. भूषण लाल शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार में कार्यरत देवेन्द्र वर्मा के पिता एवं डंगनिया निवासी जय प्रकाश वर्मा (राजू)के बड़े पिता हैं। स्व. भूषण लाल का अंतिम संस्कार 25 मई 2024 को महादेव घाट मुक्ति धाम में किया गया।

# एपीएल अपोलो ने अक्षय कुमार के साथ 'रूफटफ' के लिए नया टीवीसी विज्ञापन लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत में प्रमुख ब्रांडेड स्टील ट्यूब निर्माता एपीएल अपोलो स्टील ट्यूब्स लिमिटेड ने बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार के साथ एक रोमांचक नया टेलीविज़न विज्ञापन लॉन्च किया है। इस विज्ञापन में उनके इनोवेटिव उत्पाद - रूफ टफ - कलर कोटेड कॉइल्स को दिखाया गया है। क्रेयॉन्स के सहयोग से निर्मित 60 सेकंड के इस विज्ञापन में अक्षय कुमार को 'द टफ हीरो' की भूमिका में दिखाया गया है, जो एपीएल अपोलो के रूफ टफ के बेहतरीन टिकाऊपन और मजबूती को प्रदर्शित करते हुए रोमांचकारी पार्कर स्टंट करते हैं। एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और चेयरमैन संजय गुप्ता ने इस विज्ञापन पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, एपीएल अपोलो में हम इनोवेशन और हाई क्वॉलिटी वाले प्रोडक्ट प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रूफ टफ टीवीसी के लिए अक्षय कुमार के साथ हमारी साझेदारी एक्सीलेंस और मजबूती के प्रति हमारे समर्पण का उदाहरण है। हम चाहते हैं कि हमारे ग्राहकों को केवल सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्ट ही मिले। हम इस प्रोमो को लॉन्च करके खुश हैं क्योंकि हमारा लक्ष्य इस प्रोडक्ट को ज्यादा से ज्यादा उद्योगों में बढ़ावा देना है। नए टीवीसी विज्ञापन के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए एपीएल अपोलो बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड के डॉयरेक्टर राहुल गुप्ता ने कहा, हमारे उत्पादों में हर विवरण (डिटेल) उत्कृष्टता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति अटूट समर्पण को दर्शाता है। हमारे कॉइल में बेजोड़ प्रदर्शन और सटीकता को चुने, जो कलर कोटिंग शीट्स में एक नया स्टैंडर्ड स्थापित करता है। एपीएल अपोलो द्वारा बने सुंदर लेकिन रफ और टफ कलर कोटेड शीट्स का इस्तेमाल करें। हमारे नए ब्रांड एंबेसडर अक्षय कुमार इन प्रोडक्ट का प्रचार कर रहे हैं। एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड के चीफ ब्रांड एंबेसडर मार्केटिंग ग्रुप हेड चारु मल्होत्रा ने कहा, अक्षय कुमार के साथ हमारे नए टीवीसी विज्ञापन का लॉन्च हमारे दर्शकों से जुड़ने के नए और प्रभावशाली तरीके खोजने के हमारे अथक प्रयास को दर्शाता है। इस आकर्षक वीडियो के माध्यम से हमारा उद्देश्य एपीएल अपोलो के रूफ टफ के टिकाऊपन और विश्वसनीयता को बताना है। यह बाजार में मजबूती और प्रदर्शन के लिए नए स्टैंडर्ड स्थापित करता है।

## न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ब्रिजेश दास पिता गयाप्रसाद दास जाति..........निवासी ग्राम वा.क्र. 2 विरेन्द्र न. सरायपाली तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम सरायपाली दिनांक 09.02.2023 को आवेदक के माता रामबाई दास की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 10/06/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर)

**तहसीलदार**
**सरायपाली**

## न्यायालय तहसीलदार बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. अ/6 वर्ष 2023-2024
ग्राम-पहंदा प.ह.नं. 08

### // ईश्तहार //

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मंजू कन्नौजे पति दुलीचंद कन्नौजे जाति धोबी निवासी ग्राम बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र वास्ते अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू. राजस्व संहिता 1959 वास्ते रजिस्ट्री बैनामा के आधार पर नामांतरण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है कि मौजा-पहंदा प.ह.नं. 16 रा.नि.मं. बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार में स्थित भूमि खसरा नं. 501 रकबा 0.166 हे. भूमि अनावेदक 01. दौलत 02. अनंदिया बाई 03. कुमारी बाई 04. कांतिबाई 05. कृष्णा बाई 06. देवलाबाई पिसरान मनोहरदास जाति पनका निवासी पहंदा तहसील बलौदाबाजार से रजिस्ट्री बैनामा द्वारा दिनांक 19/03/2019 को रजिस्ट्री बैनामा द्वारा खरीदकर दाखिल काबिज है, जिसका बैनामा प्रति संलग्न है, विक्रेता को प्रतिफल राशि दे दिया गया है। उपरोक्त भूमि का आवेदिका अपने नाम से रजिस्ट्री बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने का निवेदन किया है। आवेदन के साथ मय दस्तावेज सलग्न किया है। जो प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा-आपत्ति करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 10/06/2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 22/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

(मुहर)

**तहसीलदार**
**बलौदाबाजार**

# डॉ. रमन के लिए चुनौती : उद्योग विहीन नांदगांव के एजुकेशन हब बनने के भी आसार नहीं दिखते, चिकित्सा और शिक्षा में भी पिछड़ा

## सीजीआईटी के लिए नांदगांव का दावा नजरअंदाज, कवर्धा को मिला, इधर मेडिकल कॉलेज की मान्यता खतरे में

- बड़े प्रयासों की जरुरत
- पांच सालों में पिछड़ता चला गया जिला मुख्यालय, एजुकेशन-इंप्लायमेंट के लिए कोई पहल नहीं हुई

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com






उद्योग विहीन राजनांदगांव अब चिकित्साऔर शिक्षा में भी पिछड़ता जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के लिए चुनौती खड़ी हो गई है कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्र को किस तरह, किस ओरआगे लेकर जाएंगे। जनता के सवाल और उम्मीदों के साथ ही इसमें राजनीतिक पहलू भी शामिल हैं। मेडिकल कॉलेज की दुर्दशा के साथ ही सीजीआईटी का हाथ से फिसल जाना एक बड़ा नुकसान है। पहले ही उद्योग की कमी का दुःख यहां के लोगों को बरसों से सालता रहा है।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल से जिलेवासियों को बड़ी उम्मीद रही है। लेकिन इस पर बट्टा लगता जा रहा है। उम्मीद की जा रही थी कि मेडिकल कॉलेज के बाद राजनांदगांव को एजुकेशन हब और चिकित्सा के क्षेत्र में उन्नत सेंटर बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। जिससे उद्योग विहीन नांदगांव को दूसरे क्षेत्रों में बेहतर तरीके से आगे बढ़ाया जा सके। लेकिन चिकित्सा और शिक्षा में पिछड़ने के साथ ही आईटी सेक्टर में आगे बढ़ने का एक और बड़ा मौका नांदगांव के हाथ से निकल चुका है।

भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान आईआईटी की तर्ज पर छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीजीआईटी) शुरु करने का वायदा किया था। इस वायदे पर अमल करते हुए इस दिशा में काम शुरु कर दिया गया है। लेकिन अफसोस कि आईटी सेक्टर की शिक्षा में ये उल्लेखनीय उपलब्धि भी नांदगांव को हासिल नहीं हुई। इसे कबीरधाम (कवर्धा) में स्थापित किए जाने की तैयारी है।

माना जा रहा है कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और सांसद संतोष पांडेचाहते थे कि यह इंस्टीट्यूट कवर्धा को मिले। सरकार ने इसे देखते हुए ही ऐसा निर्णय लिया ऐसा माना जा रहा है। जबकि देखा जाए तो नांदगांव कई लिहाज से इस शैक्षणिक संस्थान के लिए उचित था।बावजूद इसके ऐसा नहीं हो सका।

सीजीआईटी जैसे शैक्षणिक संस्थान से आईटी सेक्टर में नांदगांव को बूम मिल सकता था। यहांप्रदेश भर से छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल पाती। इसका फायदा शहर को कई तरीकों से मिलता। मसलन आईटी प्रोफेशनल्स के तैयार होने से इस सेक्टर में बड़ा मार्केट खड़े किए जाने का स्कोप बन सकता था।इसके अलावा नांदगांव इस तरह एजुकेशन हब बनने की दिशा में और भी आगे बढ़ सकता था।

### कनेक्टिविटी, इंफ्रास्ट्रक्चर को भी नहीं दिया महत्व

सीजीआईटी के लिए नांदगांव बेहतर विकल्प साबित होगा। सड़क और रेल कनेक्टिविटी इसमें शामिल सबसे महत्वपूर्ण सुविधाएं मानी जा सकती हैं। इसके अलावा कवर्धा लोकसभा क्षेत्र का उत्तरी छोर है जबकि नांदगांव सेंटर है, यहां पहुंच आसान है। इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर भी स्थिति मजबूत है। यहां तैयार किए जा रहे एजुकेशन हब की बिल्डिंग को सीजीआईटी के लिए उपयोग में लाया जा सकता था। इससे तत्काल ही यहां कॉलेज शुरु किया जा सकता है। लेकिन यह सारे पहलू नज़र अंदाज कर दिए गए।

### मेडिकल कॉलेज में न मशीन न ट्रामा, न डॉक्टर

अविभाजित राजनांदगांव जिले के अकेला मेडिकल कॉलेज अस्पताल बीते पांच सालों से सुविधाओं को अभाव में दम तोड़ता जा रहा है। स्थिति यह है कि, अब इसकी मान्यता पर भी खतरा मंडरा रहा है। एक साल में 12 डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज छोड़ा है। 170 डॉक्टरों के सेटअप की जरुरत वाले मेडिकल कॉलेज में महज 90 डॉक्टर मौजूद है। स्टॉफ नर्स, नर्स, वॉर्ड ब्वॉय जैसे कामों के लिए भी कई लोगों की जरुरत है। यहां ट्रामा सेंटर की कमी शुरु से खलती रही है। आज तक मेडिकल कॉलेज को न्यूरो सर्जन नहीं मिल पाया। यही नहीं टेक्नीशियन और तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के 350 पदों पर भर्ती नहीं हुई है। यहां सीटी स्कैन, एमआरआई तक की सुविधाएं नहीं है। बेबस गरीब या तो इलाज के अभाव में अपनी जिंदगी से समझौता कर रहे हैं यहां जहां-तहां से पैसे जुटाकर ईलाज में झोंक रहे हैं।

### उद्योग के बाद शिक्षा, चिकित्सा में भी बेहाल

नवंबर2002 में शहर की लाईफ लाईन मानेजाने वाले बीएनसी मिल उद्योग पर ताला जड़ दिया गया था। इसके बाद कई सालों तक लगातार इसे दोबारा शुरु करने या नए उद्योग की स्थापना की मांग तेज रही। सालों से लोग इसके विकल्प का इंतजार कर रहे हैं। अब तो यह घाव नासूर बन बन चुका है। उद्योग छीन लिए जाने के बाद शहर ने दूसरे रोजगारों की ओर रुख किया है। उद्योग में लाचारी के बाद शिक्षा और चिकित्सा में भी बेहाली ने लोगों के हौसलों को पस्त और उम्मीदों को निराशा की ओर धकेल दिया है।

---

## डॉ. रमन सिंह आज शहर में

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का 26 मई को शहर आगमन हो रहा है, इस दौरान वे अनेक स्थानीय कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे।भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार डॉ. रमन सिंह दोपहर 11.30 बजे खनिज नगर मौलश्री विहार रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 01.00 बजे ग्राम सोमनी स्थित होटल ब्लीस पहुंचकर वहां आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे फिर वे दोपहर 02.15 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास जी.ई.रोड आयेंगे तथा शाम 05.30 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास से रायपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

## तेज अंधड़ से धराशायी हुई पेड़ मकानों पर गिरे, बाल-बाल बचे ग्रामीण

पायनियर संवाददाता < मोहला-मानपुर
www.dailypioneer.com



शुक्रवार को तेज अंधड़ से मानपुर ब्लॉक के ग्राम रानवाही में ग्रामीणों के घरों पर पेड़ गिर गए। कई मकानों को नुकसान पहुंचा है। इस घटना में ग्रामीण और मवेशी बाल-बाल बचे। बड़े-बड़े पेड़ सीधे घरों पर गिरे हैं। प्रशासन इस मामले में नुकसान के आंकलन की तैयारी कर रहा है। प्रभावित ग्रामीण ईश्वर लाल टांडीयाने बतायाकि रात को अचानक तेज आवाज हुई। देखा तो तेज अंधड़ चल रही थी। इसके कुछ ही देर बाक पेड़ सीधे घर पर आ गिरा। डरावनी आवाज के साथ घर के सभी लोग सहम गए। मैंने मवेशियों को जैसे तैसे निकाला ताकि उन्हें भी कोई नुकसान न हो। मेरा घर का काफी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। गांव में कुछ और घरों में भी नुकसान पहुंचा है। इस तेज अंधड़ से रानवाही से मरकेली मार्ग मे भी रानवाही बस्ती के भीतर पेड़ धराशायी हो गया है जिसके चलते आवाजाही बाधित रही। वहीं पेड़ोंमें लगे आम भी तूफ़ान के चलते झड़ गए जिससे आम की फसल को भी भारी क्षतिहुई है। घरों के भीतर पानी घुसने से घरों मे रखे धान भीगकर खराब हो गए हैं। विद्युत लाइन पर भी तूफान का असर पड़ा है। इस मामले को लेकर एसडीएम मानपुर अमित नाथ योगी ने कहा कि - पटवारी को गांव मे भेज कर मौका मुआयनाकराया जाएगा ताकि प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए ग्रामीणों को मदद मुहैया कराई जा सके।

## कलेक्टर एस जयवर्धन ने ली स्कूल शिक्षा विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता < मोहला
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एस जयवर्धन ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभाग की संपूर्ण गतिविधियों की समीक्षा कर मूलभूत सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने उपस्थित प्राचार्य एवं संकुल प्रभारी से नए शिक्षण सत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि एक दूसरे से समन्वय बनाकर सभी अपनी कर्तव्य का निर्वहन भली भांति करें। अपने स्कूल परिसर का वातावरण स्वच्छ रखें। उन्होंने प्राचार्य एवं संकूल प्रभारी को शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी जमीनी स्तर की समस्याओं एवं मूलभूत आवश्यकताओं को समय-समय पर संबंधित अधिकारी को अवगत कराते रहने कहा। कलेक्टर ने जिले के सभी स्कूल परिसर में किचन गार्डन बनाने कहा। किचन गार्डन में अच्छे-अच्छे पेड़-पौधे लगाकर अपने शाला परिसर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने कहा। साथ ही उन्होंने मध्यान भोजन की मीनू की जानकारी लेकर बच्चों के मध्यान भोजन की गुणवत्ता में कोई कमी ना हो, उन्हें उचित पोषण मिले मीनू में अच्छे पौष्टिक आहार सम्मिलित करने निर्देश दिए।

**सीधी कार्रवाई के निर्देश दिए :** कलेक्टर जयवर्धन ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शिक्षकों के अपने कार्य के प्रति लापरवाही करने एवं अनाधिकृत तरीके से छुट्टी लेने वाले शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई करें। कोई भी शिक्षक बिना सूचना के गायब नहीं होने चाहिए। यदि समझाईश देने के बाद भी अपने व्यवहार में परिवर्तन न करे तो उस पर कड़ी कार्यवाही का प्रस्ताव बिना संकोच के भेजें। साथ ही उन्होंने स्कूलों एवं छात्रावासों के निमार्णाधीन भवन, शौचालय, भवन मरम्मत, किचनशेड आदि सुधार व्यवस्था की जानकारी लेते हुए आगामी नए शिक्षा सत्र के लिए स्कूलों एवं छात्रावासों में साफ सफाई करने के साथ आवश्यक मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।


## जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष बने डाकलिया



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिला एमोचर बॉक्सिंग एसोसिएशन के गठन हेतु बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व महापौरनरेश डाकलिया को अध्यक्ष बनाया गया। राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्लेयर सीएम ठाकुर को सचिव एवं हॉकी खिलाड़ी ज्ञानचंद जैन को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। संघ के संरक्षकगण में पदम डॉ. पुखराज बाफना, बहादुर अली, सुशील कोठारी, जितेन्द्र मिश्रा संस्था की अन्य समिति निम्नानुसार गठित की गई। उपाध्यक्ष- प्रवीण मेश्राम, सहसचिव नरेश रामटेके। कार्यकारिणी सदस्य धनराज सोनी, भारत भूषण पांडे, वीरेन्द्र झा, नरेन्द्र यादव (गोलू), नीतिन शर्मा, दीपक सोनी, टामेश्वर बंजारे है। डाकलिया ने बताया कि अल्प समय में संघ के खिलाड़ी रोहन ठाकुर ने यूथ राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता पटना में भाग लिया। कु. दीपा चन्द्रवंशी एवं गौरव राव ने विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व किया एवं शास. उच्च. माध्य. शाला सोमनी से बच्चो को जूनियर नेशनल में भाग लिये हिमांशु बघेल, लक्की, हेमन्त। डाकलिया ने बताया कि बॉक्सिंग खेल के प्रति रूझान बढ़ाने के लिये भविष्य में राष्ट्रीय स्तर के खिलाडियो का प्रदर्शन मैच राजनांदगांव में कराया जायेगा।

## पनिका समाज उरईडबरी में मनाएगा सात्विक चौका

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



ग्राम उरईडबरी में कबीर धर्मशाला में परिक्षेत्रीय मानिकपुरी पनिका समाज की बैठक आयोजित कर इस वर्ष भी बरसात सात्त्विक चौका कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा। बीते दिनों यहां समाज की बैठक में यह निर्णय लिया गया। यह आयोजन 06 जून को होगा।

सात्त्विक चौका कार्यक्रम महंत गोपेश्वर दास, महंत प्रताप दास, महंत सुकृत दास, बोधन दास के द्वारा मंगल भजन, चौका आरती और कबीर वाणी के माध्यम से होगा। कार्यक्रम सुबह नौ बजे से प्रारंभ किया जाएगा। दूर दराज से पहुंचे सामाजिक लोगों को स्वल्पाहार कराया जावेगा। उसके बाद बाजे-गाजे के साथ ग्राम उरईडबरी के मुख्य सरोवर में सगरी (जल) भरने कलश यात्रा निकाली जाएगी।

कलश यात्रा मुख्य सरोवर से वापस संत कबीर धर्मशाला पहुंचेगी तत्पश्चात कबीर साहेब का ध्वजारोहण कर साहेब की स्तुति गायन किया जाएगा। उसके बाद भोजन प्रसादी ग्रहण कराया जावेगा। महंत दिवानों द्वारा चौका आरती एवं मंगल भजन की तैयारी चलते रहेगी। भोजन प्रसादी ग्रहण पश्चात सभी समाजिक गण कबीर साहेब जी के चरित्र एवं कबीर वाणी को आत्मसात करने महंत दिवानो द्वारा बताए जा कबीर वाणी को श्रवण करेंगे।

बरसात सात्त्विक चौका कार्यक्रम में शामिल सभी मानस हंशों द्वारा साहेब जी को नारियल भेंट कर संत महंतो का आशीर्वाद एवं प्रसाद प्राप्त करेंगे। उसके बाद रात में समाजिक चर्चा किया जाएगा। बैठक में परिक्षेत्रीय मानिकपुरी पनिका समाज के पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के रुपरेखा एवं संचालन पर विशेष ध्यान दिया गया है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर बुद्धं शरणं गच्छामि की गूंज



**डोंगरगांव नगर।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बौद्धिष्ट शासकीय सेवक संघ के द्वारा खीर पुरी का सार्वजनिक वितरण डॉ.अम्बेडकर चौक राजनांदगांव में किया गया। बुद्धं शरणं गच्छामि, धम्मं शरणं गच्छामि और संघं शरणं गच्छामि के संदेश का मनन करते हुए नागरिकों ने खीर पुड़ी का सेवन किया। मुख्यालय स्थित डॉ अम्बेडकर चौक में महाकारूणिक तथागत बुद्ध की प्रतिमा के सम्मुख नमन करते हुए प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित कार्यक्रम दरम्यान बुद्धिस्ट शासकीय सेवक संघ के द्वारा आमजन में प्रज्ञा, शील, करुणा और मैत्री के संदेश का प्रचार किया गया। उक्त अवसर पर इंजीनियर आरके गजभिये सहित समाज के प्रमुखजन, महिला व पुरुष उपस्थित थे।

## शहीद कांग्रेस नेताओं के योगदानों को भुलाया नहीं जा सकता : कुलबीर

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कामठी लाइन स्थित कांग्रेस भवन में संगोष्ठी सभा आयोजित कर झीरम घाटी के शहीद नेताओं श्रद्धांजलि दी गई। गायत्री मंदिर चौक स्थित शहीद उदय मुदलियार, शहीद अलानूर भिंडसरा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कांग्रेसियों ने उन्हें याद किया। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि शहीद कांग्रेसी नेताओं की याद करते हुए संगोष्ठी सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कांग्रेसजनों ने झीरम के वीर शहीद अमर रहे के नारे लगाएं। तत्पश्चात स्व.नंदकुमार पटेल, बस्तर टाइगर स्व. महेन्द्र कर्मा, स्व.उदय मुदलियार, स्व.अलानूर भिंडसरा के तैलचित्र पर कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। शहर जिला अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि प्रदेश कांग्रेस द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में परिवर्तन यात्रा निकाली गई थी जिसमें 25 मई के दिन बस्तर के झीरम घाटी में प्रदेश के तत्कालिन अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ला, बस्तर टाईगर महेन्द्र कर्मा, उदय मुदलियार, अलानूर भिंडसरा जी सहित 32 लोग इस नक्सली हमले में शहीद हो गए थे, उनकी इस कुबानी को कांग्रेस परिवार सदैव स्मरण रखेगा।

## नगर में निर्माण के लिए रेत, गिट्टी, मुरुम आपूर्ति बंद

# राजस्व द्वारा 2 दिनों में 8 हाईवा सहित ट्रैक्टर जब्त

- राजस्व की पहरेदारी, कार्रवाई से सहमे वाहनधारी

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com





नगर सहित अंचल में रेत, गिट्टी व मुरुम के अवैध उत्तखनन व परिवहन पर राजस्व विभाग ने आंखे तरेर दी है। एसडीएम के निर्देशन में तहसीलदार व आरआई सहित पटवारियों की टीम ने 2 दिनों में जमकर धरपकड़ अभियान चलाते हुए वाहनों पर कार्रवाई की है। शुक्रवार शाम से शनिवार तक 8 हाईवा एवं ट्रैक्टर सहित कुछ माजदा रडार में आये हैं। टीम की कमान संभाल रहे तहसीलदार ने मीडिया को बताया कि हाइवा सीजी 08 एल 3178, ट्रैक्टर सीजी 08 एई 1079, हाइवा सीजी 08 एवाय 8339, हाइवा सीजी 07 बीई 1844, हाइवा सीजी 08 एबी 6714, हाइवा सीजी 08 एबी 5227, हाइवा सीजी 08 एडब्ल्यू 0935, हाइवा सीजी 08 एक्यू 8847, हाइवा सीजी 08 एच 8141, हाइवा सीजी 08 को रेत, मुरुम, गिट्टी, ईट व लकड़ी के अवैध उत्तखन्न एवं परिवहन दरम्यान जब्त किया था। वहीं 2 खाली माजदा भी रडार में आये थे। गौण खनिज अधिनियम के मुताबिक सभी जब्त वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। आगामी कार्रवाई हेतु सोमवार को खनिज विभाग को अग्रेषित कर दिया जायेगा।

**राजस्व की रडार से दूर माजदा-** तहसीलदार प्यारेलाल नाग एवं आरआई कौशल सिन्हा द्वारा मीडिया को जारी जब्त वाहनों की सूची में 8 हाईवा व कुछ ट्रैक्टर के जिक्र हैं। हाईवा के साथ पुलिस अभिरक्षा में रखे गए माजदा को लेकर कोई जिम्मेदारी लेने तैयार नही है। आखिरकार कुछ माजदा को भी अभिरक्षा में रखे जाने के बाद सूची में जिक्र नही होने से चर्चा सरगर्म है।

## कुमरदा में झीरम घाटी के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



पायनियर संवाददाता < कुमरदा
www.dailypioneer.com

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमरदा के तत्वाधान में झीरम घाटी में शहीद हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं सुरक्षा बल के जवानों के बलिदान दिवस पर कोटि-कोटि नमन किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। खुज्जी विधायक भोलाराम साहू सहित कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकताओं ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इन महान आत्माओं की कुर्बानियों को कभी भूलाया नहीं जा सकता है। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, गिरधारी साहू कार्यकारी अध्यक्ष, कांति भंडारी जिला पंचायत सदस्य, लालचंद साहू संयुक्त महामंत्री, पन्ना साहू समाजसेवी, अनिल टेमरे ब्लॉक महामंत्री, गोपाल तावैरी समाजसेवी, सुदर्शन देवांगन, सुनील ब्लॉक सचिव,नरेंद्र साहू, विनोद मंडलोई युवा कांग्रेस अध्यक्ष, रोहित कुमार भुआर्य, चन्दु लाल सिन्हा, विरेंद्र साहू, रामलाल श्याम, डिलेश्वर कुमार, शरद कुमार चंद्राकर सहित कार्यकर्त्तागण मौजूद रहे।

# जीएसटी-टीडीएस कटौती नहीं होने पर होगी रिकवरी की कार्यवाही, प्रावधानों को गंभीरतापूर्वक समझें : कलेक्टर

## आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

शासकीय विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जीएसटी-टीडीएस कटौती के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर ने कहा कि केन्द्रीय एवं राज्य माल और सेवा कर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार विभागों द्वारा की जाने वाली सामाग्री खरीदी एवं सेवा प्राप्ति पर प्रदायकर्ताओं तथा ठेकेदारों को किए जाने वाले भुगतान पर स्त्रोत पर कर की कटौती का प्रावधान है। सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी शासन को जीएसटी से प्राप्त होने वाले राजस्व की क्षति को रोकने जीएसटी-टीडीएस कटौती की प्रक्रिया को बारीकी से समझें और इसका गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। जीएसटी-टीडीएस कटौती नहीं होने पर रिकवरी की कार्यवाही भी की जाएगी।

**पंजीयन के लिए टेन नम्बर अनिवार्य**

कलेक्टर ने कहा कि सभी शासकीय विभागों तथा स्थानीय प्राधिकारियों को जीएसटी के अंतर्गत स्त्रोत पर कटौतीकर्ता के रूप में पंजीकरण किया जाना है। इसके लिए टेन नम्बर अनिवार्य रूप से होना चाहिए। वस्तु एवं सेवा प्रदाय के भुगतान संबंधी प्रस्तुत देयकों में यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदायकर्ता द्वारा दिया गया जीएसटीआईएन वर्तमान में सक्रिय एवं वैध हो। उन्होंने स्थानीय निकायों को भी जीएसटी-टीडीएस कटौती के सबंध में निर्देशित किया। सहायक आयुक्त जीएसटी बिलासपुर सुखना राम भगत ने जीएसटी-टीडीएस कटौती की प्रक्रिया एवं पंजीयन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी डीडीओ द्वारा किसी कराधेय वस्तु या सेवा हेतु 02.50 लाख रूपए से अधिक भुगतान होने पर 02 प्रतिशत की दर से स्त्रोत पर कटौती किया जाना है। प्रशिक्षण में जीएसटी-टीडीएस से संबंधित शंकाओं का समाधान भी किया गया।

**जीएसटीआइएन नम्बर वाले फर्म से ही करें खरीदी**

जिला कोषालय अधिकारी महेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि विभागों द्वारा जीएसटी-आइएन नम्बर वाले फर्म से ही सेवा प्राप्ति एवं सामाग्री खरीदी करें। शासकीय विभागों द्वारा खरीदी जाने वाली सामग्री, मशीन उपकरण, फर्नीचर, स्टेशनरी अथवा अन्य कोई भी वस्तुएं, निर्माण कार्यों एवं ठेकों तथा लिये जाने वाली किसी भी प्रकार की सेवाओं की राशि पर जीएसटी-टीडीएस काटने के पश्चात्वर्ती माह की 10 तारीख तक रिटर्न जीएसटी आर-07 में प्रस्तुत किया जाए। किसी भी वस्तु अथवा सेवा प्रदायकर्ता द्वारा एक वित्तीय वर्ष के दौरान एक ही क्रय या सेवा आदेश के विरूद्ध पृथक-पृथक देयकों में राशि का विभाजन करते हुए जीएसटी की स्त्रोत पर कटौती हेतु निर्धारित 2.5 लाख की सीमा का उल्लंघन न हो। प्रदायकर्ता द्वारा दिए गए जीएसटी-आइएन नम्बर की वैधता जांच करने जीएसटी.जीओव्ही.इन वेबसाईट पर जाकर जांच भी कर लें।

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज, सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख और कार्यालयों के आहरण एवं संवितरण अधिकारी मौजूद रहे।




# जनसमस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों द्वारा फील्ड भ्रमण

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश के परिपालन में राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा फील्ड भ्रमण कर जनसमस्याओं की हकीकत से वाकिफ होकर इसके समाधान का प्रयास किया जा रहा है। एक ओर किसानों को आवश्यकता के मुताबिक वाजिब दाम पर कृषि आदान सामग्री उपलब्ध कराने कृषि केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है, वहीं पेयजल की समस्या से निपटने के उपाय भी किये जा रहे हैं। मिली जानकारी अनुसार आज जनपद पंचायत सभाकक्ष में एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे द्वारा समिति प्रबंधकों और कृषि विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर खाद-बीज के भंडारण, उठाव की समितिवार समीक्षा की गई। खाद बीज के कालाबाजारी रोकने, नकली खाद निर्माण के विरुद्ध लगातार जांच कर राजस्व एवं कृषि विभाग संयुक्त कार्यवाही करने तथा किसानों को समय पर खाद एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने सतत् मॉनिटरिंग करने कहा गया है। इसके अलावा आधार सीडिंग करने, गिरदावरी की शुद्धतापूर्ण कार्यवाही करने सहित अन्य विषयों पर भी निर्देश दिए गए। एसडीएम पाटन दीपक निकुंज द्वारा सहकारी समिति तेलीगुंडरा तथा कृषि बीज और खाद खरीदी केंद्र पाटन का निरीक्षण किया गया। कुम्हारी के नर्मदा कृषि केंद्र एवं कान्हा कृषि केंद्र कुम्हारी में उर्वरक विक्रेता के लाइसेंस एवं गोदाम में उपलब्ध उर्वरक का निरीक्षण किया गया। साथ ही दुकानदारों को सही रेट पर किसानों को खाद एवं उर्वरक बेचने और स्टॉक पंजी दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार एसडीएम भिलाई-3 महेश राजपूत द्वारा ग्राम पंचायत मेड़ेसरा में वार्ड क्रमांक 3 एवं 4 में कुछ परिवारों को पेयजल की समस्या के संबंध में मौका निरीक्षण किया गया। प्रभावित परिवारों के घरों में नल कनेक्शन लगा हुआ है, परंतु टंकी से दूरी बहुत अधिक होने के कारण और साथ ही अधिकांश घरों में नल कनेक्शन में टुल्लू पंप का उपयोग किए जाने के कारण अंतिम छोर वाले घरों में पेयजल नहीं पहुंच पा रहा है। सरपंच एवं सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि तत्काल ही उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में निजी ट्यूबवेल से पानी उपलब्ध कराया जाएगा। ग्राम पंचायत सचिव सरपंच को जिन घरों में टुल्लू पंप का उपयोग किया जा रहे हैं, उन्हें कड़ी चेतावनी देने और उसके बाद भी यदि उनके द्वारा उपयोग जारी रखा जाता है, तो राजस्व, पुलिस और पंचायत की टीम बनाकर जप्ती करने का निर्देश दिये गये। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत टंकी का निर्माण जारी है। गांव में कुल 815 परिवार है, जिसमें से 375 परिवारों को पुरानी योजना के तहत जलापूर्ति किया जा रहा है। 558 परिवारों को जल जीवन मिशन में शामिल

# ओडिशा राज्य के टीम द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका गतिविधि का किया गया अवलोकन

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com

ओडिशा रूरल डेव्हलमेट एण्ड मार्केटिंग सोसायटी के जितेन्द्र कुमार बिसवाल (डाय.सी.ई.ओं), संजीव कुमार मोहन्ती (डाय.सी.ई.ओ.) द्वारा जिला दुर्ग के ग्राम पंचायत सांकरा, फुंडा एवं चंदखुरी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संबंधित आजीविका गतिविधियों का निरीक्षण किया गया एवं संचालित कार्यों की सराहना की गई। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ एसआरएलएम से सत्यप्रकाश तिवारी एवं राजन सोनी उपस्थित थे। संचालित गतिविधियों का प्रस्तुतिकरण जिला पंचायत दुर्ग एसआरएलएम के सहायक परियोजना अधिकारी स्वप्निल ध्रुव द्वारा किया गया। निरीक्षण दल द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित कार्यक्रम ब्लाक पाटन के ग्राम पंचायत सांकरा में रंगोली, गुलाल एवं पूजन सामग्री निर्माण का अवलोकन कर प्रशंसा किया गया। वही ग्राम पंचायत फुण्डा के तेल युनिट, ग्राम पंचायत गाड़ाडीह में हेचरी युनिट का निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्व-सहायता समूह से चर्चा कर आजीविका मिशन कार्यो का सराहना भी किया। ग्राम पंचायतों में आजाविका मिशन के तहत मिल्क प्रोडनशन नमकीन मिठाई, पनीर निर्माण, घी, लस्सी गोवा, मावा, रबड़ी दूध का पैकेजिंग उत्पादन हो रहा है।





# लूट करने वाला आरोपी गिरफ्तार, चाकू के नोक पे मोबाईल व नगदी लूट का मामला

## फरीद नगर मैदान के पास दिया घटना को अंजाम, सुपेला पुलिस की सक्रियता से पकड़ाया आरोपी

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com

लावन्या बाघ सुपेला थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी की तकरीबन 10:30 बजे होटल काम करने जा रही थी। जैसे ही फरीद नगर मैदान के पास पहुंची थी तभी एक लड़का मुंह में कपड़ा बांध कर आया और चाकू दिखा कर बैग को लूटकर भाग गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला द्वारा संपत्ति संबंधी अपराध करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर भिलाई) सुखनंदन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में सुपेला पुलिस द्वारा सूचना मिलते ही संदेही की तलाश में जुट गई तथा प्रार्थिया के बताये हुलिया व मुखबीर सूचना के आधार पर संदेही आकाश चैहान उर्फ झटका को हिरासत में लेकर पुछताछ किया। जो पहले तो पुलिस को गुमराह करते हुए नकारता रहा किन्तु बारिकी से पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकारते हुए लूट की गई सम्पत्ति को बरामद कराया। आरोपी को 25.05.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। आरोपी के विरूद्ध पूर्व में भी कई मामले दर्ज है। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक राजेश मिश्रा, उप निरीक्षक मनीष बाजपेयी, सउनि नरेन्द्र सोनी, आरक्षक जुनेद सिद्धीकी, सूर्य प्रताप सिंह, रवि साव का विशेष योगदान रहा है।



# आबकारी विभाग द्वारा मुंगेली के ग्राम रेहूंटा में छापेमार कार्यवाही

## 5.22 लीटर कच्ची शराब एवं 01 स्कूटी जप्त



पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में अवैध शराब पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर मुंगेली द्वारा दिये गये निर्देश पर सहायक आयुक्त आबकारी प्रकाश पाल के कुशल मार्गदर्शन में आबकारी विभाग मुंगेली की कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में आबकारी वृत्त मुंगेली के आबकारी उप निरीक्षक, अमित शाह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा 23 मई दिन गुरूवार को ग्राम रेहूंटा, रायपुर रोड भरत दाल मिल के पास, थाना मुंगेली में 5.22 लीटर कच्ची शराब एवं 01 स्कूटी जप्तकर आरोपी नरेन्द्र बांधड़े के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की गैर जमानती धारा 34 (1) (क), 34(2) व 59 (क) के तहत् प्रकरण कायम कर जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी स्टॉफ राजेश पटेल, जयेन्द्र नंदागौरी एवं वाहन चालक आकाश साहू शामिल रहे।

# विभिन्न ग्रामों में भ्रमण कर अमृत सरोवर और आवास योजना के कार्यों का निरीक्षण किया



पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने विकासखंड लोरमी के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में भ्रमण कर अमृत सरोवर और आवास योजना के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत मनोहरपुर एवं झझपुरीकला में निर्माणाधीन आदर्श अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्य में लगे मजदूरों की उपस्थिति का मस्टरोल से परीक्षण, एनएमएमएस एवं मेट पंजी का अवलोकन करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कार्य एजेंसी को बारिस के पूर्व शासन स्तर से प्राप्त मानक अनुरूप अमृत सरोवर में दस हजार घन मीटर जल धारण क्षमता, इनलेट/ आउटलेट, फलदार वृक्षारोपण एवं अन्य सौन्दरीकरण कार्य को पूर्ण गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत राजपुर, मनोहरपुर, झझपुरीकला, डोगरिया एवं घानाघाट में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित हितग्राहियों से चर्चा कर निर्माणाधीन आवास के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए कहा।

निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लोरमी पंचराम घृतलहरे, अनुविभागीय अधिकारी ग्रा.या. सेवा उपसंभाग लोरमी पी.एल. पडवार, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा कैरियर गाइडेंस कार्यशाला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का सफल आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कैरियर गाइडेंस कार्यशाला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का सफल आयोजन विद्यालयों में अध्ययनरत सभी जाति वर्ग के कक्षा 10वीं तथा 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान तथा जेईई एवं नीट परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए बुद्ध जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय एक दिवसीय निःशुल्क कैरियर गाइडेंस कार्यशाला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन दो सत्रों में डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय में किया गया। जिसमें जिले के तीनों विकास खण्डों मुंगेली, पथरिया, लोरमी से लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने अभिभावकों के साथ भाग लिया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा बाबा गुरूघासीदास, तथागत भगवान गौतम बुद्ध एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात दैनिक प्रार्थना एवं बुद्ध वंदना के साथ संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। प्रथम सत्र में बच्चों को कैरियर से संबंधित जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा दी गई। भोजनावकाश पश्चात उपस्थित प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह, मेडल, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत चंदन लगाकर किया गया। कक्षा 10वीं विकास यादव 94 प्रतिशत एवं ज्योति बांधे 93.5 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं में प्रभात राजपूत 95.5 एवं पुष्पांजली कुलमित्र 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्रा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उपस्थित छात्रों तथा अभिभावकों ने अपने-अपने कैरियर के संबंध में कहा कि 10वीं के बाद विषय चयन कैसे करें, जेईई, नीट, बी.एस. सी. नर्सिंग, कलेक्टर, जज, वैज्ञानिक बनने, भाषा ज्ञान तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कब और कैसे करें, पढ़ाई के दौरान होने वाले कठिनाईयों का समाधान कैसे हो, क्या कोचिंग जरूरी है कोचिंग कहां मिलता है, कोचिंग में कितना खर्च लगता है। वार्षिक परीक्षा के बाद ग्रीष्मावकाश का सदुपयोग कैसे करें। तैयारी का मन तो बनता है पर अर्थाभाव और पालकों के दबाव के कारण मन विचलित होता है कुछ छात्रों ने शेयर किया कि हमें ऐसे कार्यक्रम की जानकारी ही नहीं थी मित्रों ने बताया। यहां आकर हमें बहुत अच्छा लगा, ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए यहां आकर हमारी जिज्ञासा शांत हुई।




# बुद्ध के जीवन, संदेश, विचार व विपश्यना योग शिक्षा पर आधारित परिचर्चा आयोजित किया गया

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com

पृथ्वी ग्रीन कॉलोनी निवासी राजेश कुमार लहरे के निवास जोरबा बुध्धा में बैसाख बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बुद्ध के जीवन, संदेश, विचार व विपश्यना योग शिक्षा पर आधारित परिचर्चा आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अभ्यागत आचार्य पदम राज बघेल व आचार्या रितु पांडेय ओशो धारा तथा मुख्य वक्ता भिमोत्सव समिति मूँगेली के कृष्णकुमार नवरंग रहे आयोजन की शुरुआत अखंड भारत सहित विश्व मे प्रकाश वान महात्मा बुद्ध के मूर्त रूप में विराजमान को माला गुलाब की पंखुड़ियों से पहनाकर किया तत्पश्चातखीर प्रसाद का वितरण किया गया । कॉलोनी निवासी का उदबोधन के साथ मुख्य वक्ता कृष्णकुमार नवरंग ने बुद्ध के जीवन, घटित घटनाएं व संदेश विचार योग पराक्रम, महात्मा बनने की चरितार्थ जीवन महान प्रतापी राजा से साधु वेश धारण कर गृह त्याग, सत्य की खोज, अष्टांगिक मार्ग को बता उनके संदेश को जन जन तक पहुचाने का आवाहन किया, कार्यक्रम में ओशो धारा के आचार्यों द्वारा महात्मा बुद्ध के संदेश विचार ,विपश्यना योग के नियमों से शरीर की साधना निरोगी स्वस्थ शरीर के निर्माण में शान्ति की भुमिका पर चर्चा उपरांत योग साधना कराई गई कार्यक्रम में दिनेश घोषले अनारकली भास्कर विवेक गोविंद, नेमीचंद भास्कर,वकील राजा कोसले, बसंत बंजारे, हेमू साहू, जयकिशन महिलांग सनत बंजारे, ने संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन विजय मारखंडे ने किया आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के आयोजक राजेश कुमार लहरे ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजकमल गेंदले, अमित सागर रोहित डिंडोरे, देवगन, नितिन सोनी, दिलीप जाटवर एच् डी डहरिया सहित महिलाओं ,बच्चों ,गणमान्य नागरिक सहित सैकड़ो की संख्या में शामिल रहे।



## उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा 06 ग्राम के ग्रामवासियों को हेलमेट प्रदान कर हेलमेट लगाने हेतु किया गया प्रोत्साहित

# ग्राम लिटिया में ग्रामीणों को माल वाहक वाहन में यात्रा ना करने, यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- **उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) द्वारा माल वाहक वाहन में यात्रा के दौरान होने वाली दुर्घटना से अवगत कराते हुए दी समझाईश**
- **बीएसपी के अधिकारियों द्वारा सडक दुर्घटना से संबंधित नुक्कड नाटक प्रस्तुत कर यातायात नियम का पालन न करने से होने वाली दुर्घटना से कराया गया अवगत**

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला द्वारा ग्रामीण छेत्र मे माल वाहक वाहन मे हो रहे परिवहन को रोकने के दिये गये निर्देश के परिपालन मे शनिवार को ग्राम लिटिया के ग्रामीण को माल वाहक वाहन से होने वाली सड़क दुर्घटना से अवगत कराने यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम मे उपस्थित उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतीष ठाकुर द्वारा कार्यक्रम मे उपस्थित ग्रामीणों को अन्य जिलों मे हुये माल वाहक वाहन मे यात्रा करने के दौरान हुए सड़क दुर्घटना से अवगत कराते हुए बताया गया की माल वाहक वाहन मे यात्रा करना खतरनाक है प्रायः देखा गया की ग्रामीण छेत्र मे शादी, छट्टी, कोई अन्य कार्यक्रम मे माल वाहक वाहन मे यात्रा करते देखा गया इससे हमें बचना चाहिए ओर सवारी वाहन का उपयोग करना चाहिये, यदि कोई वाहन चालक शराब का सेवन कर गाड़ी चलाता है तो उसका विरोध करना चाहिये ओर ऐसे वाहन मे यात्रा नहीं करना चाहिये। शराब के नशे मे वाहन चलाना सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारणों मे से एक है। बीएसपी इस्पात सयंत्र के हेमन्त जंगम, राजेश कुमार वर्मा, प्रवीण कालमेघ, प्रमोद खरालकर और इन्द्र जीत ने अपने जीवंत अभिनय के माध्यम से यातायात सुरक्षा संबंधी नुककड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। और सड़क दुर्घटना के कारणों को उजागर किया। आज के इस कार्यक्रम मे थाना बोरी प्रभारी उप निरीक्षक दीपक चौहान, सहायक उप निरीक्षक बोधन साहू, चौकी लिटिया/ यातायात पुलिस स्टाफ एवं सरपंच जोगी गुफा सतीश बंजारे सरपंच खरा नरेश वैष्णव सरपंच अर्शी जलेश्वर वर्मा सरपंच चीचा कमला डोडे सरपंच सेमरिया प्रकाश मानिकपुरी सरपंच लिटिया रेवा बंजारे सरपंच टेमरी विजय टांडेकर एवं लगभग 500 से ज्यादा ग्रामीण उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज धमतरी ने सिक्के बंटवाए



पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी जिले में व्यापारी भाइयों को सिक्को की बहुत ज्यादा समस्या आ रही थी जिसकी सूचना व्यापारी भाइयों ने चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के जिलाध्यक्ष महेश जसूजा को दी जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विभिन्न बैंको से संपर्क कर 15 लाख के सिक्के सभी व्यापारियो भाइयों को बांटे गए। इस समस्या का निराकरण करने के लिए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेशाध्यक्ष व्यापारी के चहेते अमर पारवानी एवम उनकी टीम के राम मंधान अजय भसीन, मुकेश मोटवानी तथा धमतरी की पूरी टीम के सह साथ धमतरी के पदाधिकारी रवि मुंजवानी का विशेष सहयोग रहा।

# पायनियर हलचल...

## नड्डा का सेल्फ गोल, दोराहे पर संघ?



जब आप कभी आरएसएस यानि की संघ का नाम सुनते होंगे तो आपके जेहन में भाजपा की तस्वीर दिखाई देती होगी, वहीं भाजपा का नाम आते ही संघ का चेहरा भी सामने आता होगा। कुल मिलाकर भाजपा और संघ एक दूसरे के पूरक माने जाते हैं। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। यह मैं नहीं कह रहा स्वयं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने हाल ही में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा है। नड्डा की माने तो अब पार्टी इतनी बड़ी हो गई है कि उसे संघ की जरुरत नहीं पड़ती है। आखिर नड्डा के इस राजनीतिक बयान के मायने क्या हैं? जेपी नड्डा ने यह क्यूं कहा कि अब पार्टी का विस्तार हो चुका है। पहले संघ की मदद ली जाती थी, अब जरुरत नहीं पड़ती। सवाल यह उठता है कि क्या भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने इस तरह के बयान मीडिया में स्वयं दिए? या लोकसभा चुनाव के बीच इस तरह के बयान उनसे दिलवाये गये? फिलहाल यह भाजपा का आंतरिक मामला है। लेकिन लोकसभा चुनाव के बीच भाजपा को इस तरह के राजनीतिक बयान की जरुरत क्यों पड़ गई? यह मंथन और चिंतन का विषय है। नड्डा की बातों को गौर करें तो यह लोकसभा चुनाव वास्तव में संघ की विचारधारा से परे, व्यक्ति विशेष पर केन्द्रित दिख रहा है। जिससे यह माना जा सकता है कि संघ का अब भाजपा पर नियंत्रण नहीं रहा, और नड्डा की माने तो भाजपा को भी संघ की जरुरत नहीं है। वास्तव में संघ अभी तक व्यक्तिवाद को नापसंद करते आया है। लेकिन इन दिनों देश में चारों ओर सिर्फ मोदी की गारंटी दिखाई दे रही है, भाजपा की गांरटी कहीं नजर नहीं आ रही। यह कहीं न कहीं अति व्यक्तिवादी होने का खुला उदाहरण है। शायद संघ को इस बात की पीड़ा होगी कि 140 करोड़ की आबादी वाले देश को सिर्फ एक व्यक्ति की गारंटी के भरोसे कैसे छोड़ दिया जाए? बहरहाल वास्तविकता क्या है? यह तो नड्डा और वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहन भगवत ही जानेंगे। लेकिन नड्डा का यह बयान तब आया जब छठवें और सातवें चरण के लिए मतदान होना शेष रहा, ऐसे में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का यह राजनीतिक बयान सेल्फ गोल से कम नहीं है।

## पूर्व पर वर्तमान भारी

कहते हैं कि लोकसभा चुनाव के दौरान सभी नेताओं को अपने-अपने क्षेत्र में कथा भागवत कराने का अघोषित फरमान था। लोकसभा चुनाव के दौरान चिरमिरी में बाबा बागेश्वर धाम का कथा आयोजन कराने में राज्य के एक मंत्री सफल रहे। हांलाकि आयोजक मंडली में उनका कहीं भी नाम नहीं हैं, लेकिन यह कहा जा रहा है कि पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को चिरमिरी लाने में मंत्री जी का विशेष योगदान रहा। माना ये भी जा रहा है कि कांग्रेस की प्रभाव वाली सीट कोरबा में बागेश्वरधाम का अच्छा खासा प्रभाव पड़ सकता है। जिसका श्रेय मंत्री जी को जाता दिख रहा है। चिरमिरी में आयोजित इस कथा में भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडे भी शामिल हुईं थी, जिसको लेकर चुनाव आयोग ने उनसे जबाब भी तलब किया है। वहीं दूसरी ओर मतदान से पहले भाजपा के एक पूर्व मंत्री भी अपने क्षेत्र में कथा-भागवत के जुगत में लगे रहे। पर उन्हें सफलता मतदान सम्पन्न होने के बाद मिली। बहरहाल इस कथा भागवत का भाजपा को कितना फायदा मिलने वाला है, इसका खुलासा तो अब चुनाव परिणाम के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। लेकिन एक बात तो तय है कि धर्म-कर्म के मामले में पूर्व मंत्री पर वर्तमान मंत्री भारी पड़ते दिख रहे हैं।

## रॉय होंगे रिटायर, फिर परिक्रमा में जुटे सुधीर



पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर अग्रवाल इन दिनों फिर परिक्रमा में जुट गए हैं। वाइल्ड लाइफ में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके सुधीर की नजर अभी भी प्रमुख कुर्सी पर है। सुधीर इसके लिए कैट से लेकर हर जगह लड़ाई लड़ रहे हैं। दरअसल में सुधीर अपनी सम्भावनाओं को अभी भी तलास रहे हैं। लोकसभा चुनाव परिणाम के इंतजार के बीच सुधीर एक बार फिर परिक्रमा लगाना शुरु कर दिये हैं। पीसीसीएफ अनिल रॉय का इसी माह के आखिरी में रिटायरमेंट है। और जून माह के पहले सप्ताह में लोकसभा चुनाव परिणाम आने हैं। रॉय के रिटायर होते ही पीसीसीएफ स्तर पर एक बार फिर बदलाव होना तय है। कहा यह भी जा रहा है कि पर्दे के पीछे अनिल साहू भी ताकत झोंक रहे हैं। हांलाकि रॉय के रिटायर होने के बाद साहू को फेरडेशन भेजा जा सकता है। वहीं 1992 बैच के अफसर बी. आनन्द बाबू और वी. शेट्टेप्पनावर के नाम की भी चर्चा है।

## राज्य में कांग्रेस का अगला बड़ा चेहरा कौन?



छत्तीसगढ़ में बीते पांच साल कांग्रेस की सत्ता रही, वर्तमान में भी कांगेस के यहां 34 विधायक हैं। 90 विधानसभा सीटों में 34 की संख्या मतलब एक मजबूत विपक्ष कहा जा सकता है। लेकिन हार के सदमे से कांग्रेस अभी उबर नहीं पाई है। लिहाजा बीते चार माह में विपक्ष की भूमिका शून्य नजर आई। अब देखना यह है कि लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद राज्य में कांग्रेस का अगला सबसे बड़ा चेहरा कौन होगा? दरअसल में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ में एक साथ कई दांव चल दिए हैं। लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के साथ ही राज्य के बड़े नेताओं की राजनीतिक क्षमता की थाह लेने की कोशिश भी की गई है। शायद इसीलिए राजनांदगांव लोकसभा सीट से पूर्व सीएम भूपेश बघेल को मैदान में उतारा गया है। वहीं कोरबा से डॉ. चरणदास महंत की परीक्षा ली जा रही है। इसके साथ ही कांग्रेस में साहू समाज का बड़ा चेहरा कहे जाने वाले ताम्रध्वज साहू की भी पकड़ का मूल्यांकन कांग्रेस करने जा रही है। शायद इसीलिए ताम्रध्वज को साहू बाहुल्य क्षेत्र महासमुंद सीट से चुनावी मैदान में उतारा गया है। चार जून को इन तीनों नेताओं में से जिस नेता ने अपनी जीत सुनिश्चित कर ली, वही राज्य कांग्रेस का अघोषित रुप से सबसे बड़ा चेहरा माना जाएगा। वहीं यदि कवासी लखमा को बस्तर में सफलता मिल गई तो इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व लखमा को राज्य का बड़ा आदिवासी फेस घोषित कर आगे कर दे। दरअसल में लखमा विषम परिस्थितियों में भी अपनी सीट बचाने में सफल होते रहे हैं। इसलिए इन नेताओं के लिए यह चुनाव परिणाम भाग्य बदलने वाला हो सकता है।

## ईको टूरिज्म का गठन

अक्सर हम देखते और सुनते रहते हैं कि छत्तीसगढ़ में अपार सम्भावनाएं हैं। वह कैसी सम्भावनाएं है? इसको समझने की जरुरत है। राज्य में वास्तव में टूरिज्म की अपार सम्भावनाएं हैं। हरा-भरा राज्य यदि संवर गया तो यहां सैलानियों की कमी नहीं रहेगी। शायद इसी को देखते हुए ईको टूरिज्म के गठन का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। लेकिन इस बात का भी मूल्यांकन होना चाहिए कि किन अफसरों ने छत्तीसगढ़ को संवारने का काम किया। राज्य में एशिया का सबसे बड़ा मानव निर्मित जंगल सफारी किसके कार्यकाल में बनाया गया, टाटामारी केशकाल की घाटी में प्रकृति का अद्भुत नजारा है, इसमें किस अफसर का योगदान है। गिधवा वर्ड सफारी, जतमई नेजर कैम्प, फासिल पार्क, सोनवर्षा, घोंघा जलासय, सतरेंगा, सत्कार सरोवर समेत कई जगहों में प्रकृति का अद्भुत नजारा है। लेकिन इस दिशा में राज्य के कुछ आईएफएस अफसरों ने ही रुचि दिखाई, जिसके बदौलत आज छत्तीसगढ़ वासियों को घूमने और देखने के लिए अनेको स्थान यहां मौजूद हैं। अब ईको टूरिज्म का गठन होने जा रहा है, जिससे इस दिशा में और भी सम्भावनाएं बढ़ेगी, लोकल स्तर पर रोजगार के भी अच्छे अवसर मिलेंगे।

## फार्म 17 सी को लेकर राजनेता कितने सजग?

छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों के लिए मतदान सम्पन्न हो चुके हैं। यहां के राजनेता मतदान और मतगणना प्रक्रिया को लेकर कितने सजग हैं इसको लेकर सवाल उठ रहे हैं? दरअसल में इन दिनों देश में फार्म 17 सी की चर्चा छिड़ी हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने 17 सी से संबंधित डाटा निर्वाचन आयोग की साइट में उपलोड करने के आदेश देने से फिलहाल इनकार कर दिया है। इसके पीछे तर्क यह है कि बीच मतदान में दखल नहीं दिया जा सकता। सुको का तर्क बिलकुल वाजिब है, देश में लगभग लोकसभा के लिए मतदान सम्पन्न होने को है ऐसे में यह सम्भव भी नहीं है। लेकिन यदि चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी सजग हैं तो वह मतदान के दिन अपने पीठासीन अधिकारी के माध्यम से फार्म 17 सी ले सकते हैं। छत्तीसगढ़ में कितने प्रत्याशियों ने फार्म 17 सी लिया यह तो वही जानेंगे। लेकिन तमिलनाडू के सभी 39 सीटों पर प्रत्याशियों ने इसकी जानकारी मतदान के दरम्यान ले लिया है। वहीं पश्चिम बंगाल के कृष्णा नगर की प्रत्याशी महुआ मोइत्रा ने भी गड़बड़ियों से बचने के लिए फार्म 17 सी लिया है। दरअसल में यह निर्वाचन आयोग का दायित्व है कि वह प्रत्याशियों को नामांकन से लेकर मतगणना तक की पूरी जानकारी प्रदान करें, इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण की भी जरुरत है। फार्म 17 सी प्रत्याशी के द्वारा बूथ कार्यकर्ता के माध्यम से लिया जा सकता है। इसमें बकायदा पीठासीन अधिकारी और बूथ में बैठे प्रतिनिधि के हास्ताक्षर होते हैं। इस फार्म में बूथ से सम्बंधित सभी जानकारियां मौजूद रहती हैं। जिससे ईवीएम पर गड़बड़ी की आशंकाओं से बचा जा सकता है। इसके साथ ही यह चुनाव लड़ने वाले हर एक प्रत्याशी का अधिकार भी है।

## प्रशासन में दयानंद, राजनीतिक मामलों में भगत





कहते हैं कि सीएम हाउस में भी अघोषित रुप से कार्यों का बंटवारा हो चुका है। प्रशासन में आईएएस दयानंद पांडे की चल रही है, तो वहीं राजनीतिक मामलों में आईपीएस राहुल भगत को आगे किया जाता है। हालांकि कार्य विभाजन से टकराव की सम्भावना कम होती है। लेकिन जानकारों का यह भी मानना है कि यदि प्रशासन में दयानंद की चल रही है तो उनके बैचमेट अफसरों को बड़ी जिम्मेदारी क्यूं नहीं मिल पा रही है। उदाहरण स्वरुप आईएएस भुवनेश यादव वर्तमान में समाज कल्याण की जिम्मेदारी सम्भाल रहे हैं। भुवनेश और दयानंद एक ही बैच के अफसर हैं। यह बात अलग है कि कभी दयानंद समाज कल्याण विभाग के संचालक हुआ करते थे, उस समय भुवनेश महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण के सचिव थे।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# नक्सलवाद का खात्मा नहीं चाहती कांग्रेस : भाजपा

### जिस दिन नक्सलियों ने नेताओं की हत्या की, उसी दिन कांग्रेस नक्सलियों के समर्थन में प्रेस वार्ता कर रही है : शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नक्सल समर्थक बयान को लेकर तीखा हमला बोलते हुए इसे बेहद शर्मनाक बताया है। उन्होंने बैज को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बहुत ही दुःख की बात है कि ऐसे दिन, जब कांग्रेस से ही जुड़े प्रदेश के अनेक नेता नक्सल हमले में दिवंगत हुए थे, उसी दिन कांग्रेस अध्यक्ष प्रेस वार्ता लेकर नक्सलियों के समर्थन से संबंधित बयान जारी करें। इससे बढ़ कर अफसोसनाक बात और कुछ नहीं हो सकती। शर्मा ने बैज से सीधा सवाल किया कि कांग्रेस यह साफ करे कि वह छत्तीसगढ़ में नक्सलियों का खात्मा चाहती है या नहीं? उन्होंने कहा कि अभी छत्तीसगढ़ सबसे बड़ी लड़ाई नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ रहा है। सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता भी मिल रही है। डेढ़ माह में 112 से अधिक नक्सली मारे गए हैं, सैकड़ों गिरफ्तार हुए हैं, बड़ी संख्या में नक्सली आत्मसमर्पण भी कर रहे हैं। आज भी 35 नक्सली के आत्मसमर्पण की खबर है। ऐसे समय अपने ही जवानों पर अविश्वास करते हुए मुठभेड़ की जांच के लिए कांग्रेस द्वारा कमिटी बनाया जाना ही आपत्तिजनक है। एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक आदि पर सवाल उठाने की तर्ज़ पर ही कांग्रेस हर कदम पर सवाल उठा कर सुरक्षा बलों का मनोबल तोड़ने का कार्य करती है, कांग्रेस के ऐसे आचरण की जितनी निंदा की जाय, कम है। शनिवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता में शर्मा ने कहा कि आश्चर्य यह है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार की आत्मसमर्पण नीति पर राह से भटक गए स्थानीय नक्सलियों तक को भरोसा है, लेकिन कांग्रेस ऐसा कोई भरोसा दिखाने के लिए तैयार नहीं है। मुद्दई सुस्त गवाह चुस्त की तर्ज़ पर ऐसी घटनाओं पर भी कांग्रेस सवाल उठाती है, जिसके बारे में नक्सली भी सवाल नहीं करते। शर्मा ने कहा कि 'छोटे बेटिया' मुठभेड़, जिसमें 29 नक्सली मारे गए थे, को फर्जी बताते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बयान देखा। आश्चर्य यह है कि स्वयं नक्सलियों ने मृतकों के नाम जारी कर माना कि सभी मारे गए माओवादी उनके संगठन से जुड़े थे, तब भी कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री इसे फ़र्जी करार देकर सुरक्षा बलों का मनोबल तोड़ने में लगे हुए थे। शिवरतन शर्मा ने कहा कि शासन ने 8 अप्रैल से पहले 50 नक्सलियों के मारे जाने की बात कही कांग्रेस तब भी उसे फर्जी मुठभेड़ बताती रही। 16 अप्रेल को जवानों ने 29 वर्दीधारी नक्सलियों को मुठभेड़ में मारा गया तब भूपेश बघेल तुरंत उनके समर्थन में खड़े हो गए और इसे फर्जी मुठभेड़ बताया। कांग्रेस अध्यक्ष बैज कहते हैं कि जो लोग मारे गए उनके परिवार आज भी गांव में है। मतलब वह निर्दोष हैं। कुछ दिन पूर्व जब जवान पूवर्ती पहुंचे तो वहां कुख्यात नक्सली हिड़मा की मां मिली तो क्या बैज हिड़मा को नक्सली नहीं मानेंगे? कांग्रेस सिर्फ नक्सलियों के मारे जाने पर टीम गठित करती है। सैकड़ों ग्रामीणों को मुखबिर बताकर नक्सलियों ने मार डाला। अभी तक इस लड़ाई में सैकड़ों जवानों ने अपनी जान दे दी है। कुछ दिन पहले दो बच्चे प्रेशर बम की चपेट में मारे गए। 13 अप्रैल को बीजापुर,11 मई को शान्तिपूनेम,14 मई को बोड़गा में 2 बच्चे की मौत में प्रेशर बम की चपेट में मारे गए। उनकी जांच के लिए कभी कांग्रेस पहल क्यों नहीं करती है? बैज यह बात गाँठ बांध लें कि 2 साल के अंदर छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद खत्म होकर रहेगा। हमें आदिवासी क्षेत्र का विकास करना है इसलिए हम नियद नेल्लानार योजना लाये हैं। अभी शासन ने बाकायदा मेल आईडी और गूगल फॉर्म जारी करके नक्सलियों से पूछा है कि वह पुनर्वास नीति में क्या चाहते हैं? लेकिन यह भी स्पष्ट है कि जो बंदूक की भाषा बोलेंगे उनसे संघर्ष तो करना पड़ेगा।

## बीजापुर में नक्सलियों ने मचाया उत्पात सड़क खोदकर लगाए बैनर-पोस्टर

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



बीजापुर में नक्सलियों ने 26 मई को अपने बन्द के आह्वान के एक दिन पहले यानी 24 मई की रात ही आवापाल्ली- उसूर मार्ग को कई जगह से काटकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया था। साथ ही बैनर पोस्टर लगाकर मौजूदा मोदी सरकार, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार को आदिवासी विरोधी करार दिया। पुलिस ने शनिवार की सुबह आवापल्ली उसूर मार्ग को बहाल कराकर आवागमन जारी करा दिया है। दरअसल 10 मई को पिडिया में हुई मुठभेड़ में 12 नक्सलियों को मुठभेड़ में छत्तीसगढ़ की पुलिस ने मार गिराने का दावा किया था। जिसे लेकर नक्सलियों ने पर्चा जारी करके विरोध स्वरूप बन्द का आह्वान किया है। नक्सलियों ने बंद से एक दिन पहले शुक्रवार- शनिवार की दरमियानी रात बीजापुर उसूर सड़क को जगह जगह से खोद कर मार्ग बाधित कर दिया था। वही बैनर और पर्चे लगाये गये थे। आवापल्ली- उसूर मार्ग पर सीतापुर के पास नक्सलियों ने आधा दर्जन गड्ढे खोदे थे। नक्सलियों ने पर्चा जारी करके पहले ही बंद का आव्हान किया था।

## रोज हो रहे हादसे क्राइम बढ़ा, कंट्रोल करने वाला कोई नहीं हाई कोर्ट की टिप्पणी राज्य की जर्जर कानून व्यवस्था का आईना

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



कवर्धा सड़क हादसे में 19 मौतों को बिलासपुर हाईकोर्ट ने जनहित याचिका माना है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि हाई कोर्ट ने राज्य में बेलगाम परिवहन व्यवस्था और कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा किया है। यह राज्य सरकार की अक्षमता है कि मा. उच्च न्यायालय को स्वयं संज्ञान लेकर कड़ी टिप्पणी करना पड़ रहा है। हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा है ''रोज दुर्घटनायें हो रही है कोई ध्यान देने वाला नहीं है। नेशनल हाईवे में हैवी ट्रेफिक है, सड़के उखड़ी हुई है कोई ध्यान देने वाला नहीं है। बिलासपुर में क्राइम बढ़ा है, ट्रेफिक बदहाल है, पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है। कन्ट्रोल करने वाला कोई नहीं है।'' हाई कोर्ट की इस तल्ख टिप्पणी के बाद नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री जिनके पास परिवहन विभाग है तथा गृहमंत्री विजय शर्मा जो राज्य की कानून व्यवस्था संभाल नहीं पा रहे अपने पद से तत्काल इस्तीफा दें। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य की पुलिस और परिवहन अमला चेकिंग का उपक्रम करके सिर्फ वसूली करने में व्यस्त है।

## बारूद फैक्ट्री हादसे के दोषियों पर कार्यवाही हो : दीपक बैज



**रायपुर।** बारूद फैक्ट्री हादसे में मृत और घायलो के प्रति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने संवेदना प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि यह हादसा दुखद है। इस घटना के लिये जो भी दोषी हो उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही होनी चाहिये। मृतकों की संख्या बढ़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। सरकार युद्ध स्तर पर वहां पर राहत बचाव कर्य तथा गायब लोगो का पता लगाये। बारूद फैक्ट्री के लाइसेंस एवं सुरक्षा मानकों की कब-कब सरकार ने जांच किया था उसको भी सार्वजनिक किया जाये तथा इस प्रकार के विस्फोटक एवं संवेदनशील सभी इकाइयों की सुरक्षा व्यवस्था का रिव्यू तत्काल किया जाये। ताकि ऐसे घटना की कहीं और पुर्नावृत्ति नहीं हो पाये। घटना में मृत लोगों को 50 लाख और घायलों को 10 लाख मुआवजा पर्याप्त चिकित्सा दी जाये।

## एसीएस पिंगुआ ने जिला चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज सहित ड्रग वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**अम्बिकापुर।** स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने सरगुजा जिला प्रवास के दौरान एनएचएम के मिशन संचालक जगदीश सोनकर, आयुक्त चिकित्सा एवं शिक्षा चन्दन कुमार,सीजीएमएससी की निदेशक पद्ममणि भोई साहू के साथ राजमाता देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव मेडिकल कॉलेज अम्बिकापुर व संबद्ध चिकित्सालय सहित ड्रग वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर विलास भोस्कर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह, सीएमएचओ डॉ आरएन गुप्ता, संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक डॉ आर सी आर्या,सिविल सर्जन डॉ जे के रेलवानी, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ रमणेश मूर्ति सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान टीम द्वारा जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं का सघन निरीक्षण किया गया। अधिकारियों द्वारा चिकित्सालय की सेवाओं और मरीजों की सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान ओपीडी, जनरल वार्ड, पुरुष एवं महिला वार्ड, लेबर कक्ष, एसएनसीयू, ऑपरेशन थिएटर, पंजीयन काउंटर, आईसीयू सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया तथा मातृ-शिशु भवन में स्थित प्रसव कक्ष का भी अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403